(b) Profit on sale/redemption of investments	4,288,949	3,574,140	482,688	114,362	104,900	12,827	33	(1)	4,247,094	3,559,042	454,158	97,083	129,108	7,179	523	1
(c) (Loss) on sale/ redemption of investments	(1,971,277)	(1,626,893)	(159,449)	(130,727)	(50,685)	-	(3,519)	(4)	(902,545)	(677,646)	(94,164)	(126,374)	(4,217)	(108)	(36)	-
(d) Transfer/Gain on revaluation/change in fair value	30,194	103,424	(53,555)	(19,675)	-	-	-	-	(1,281,895)	(1,167,827)	(100,851)	(13,217)	-	-	-	-
SUB TOTAL	**7,790,671**	**3,472,727**	**428,711**	**227,902**	**3,404,601**	**183,304**	**73,602**	**(176)**	**7,103,436**	**3,228,759**	**435,889**	**194,649**	**2,964,688**	**168,238**	**110,891**	**322**
Other Income																
(a) Fee, Charges and Rent Income	424,941	15,928	-	-	408,632	381	-	-	41,201	10,992	110	-	29,120	979	-	-
(b) Transfer from Shareholders for Mortality charges per IRDAI order	12,529	6,008	31	-	6,490	-	-	-	21,958	12,098	257	893	8,710	-	-	-
(b) Contribution from the Shareholders' A/C	102,139	-	-	69	-	79,358	3,521	19,191	211,911	11,730	-	1,377	109,011	44,355	8,703	36,735
TOTAL (A)	**20,429,660**	**6,489,408**	**626,893**	**682,100**	**11,437,729**	**452,799**	**321,716**	**419,015**	**20,291,636**	**6,639,189**	**715,342**	**1,235,386**	**10,849,246**	**429,094**	**386,322**	**37,057**
Commission	205,092	44,898	605	261	154,079	2,309	2,940	-	365,927	61,416	1,272	772	298,321	3,038	1,108	-
Service Tax on Linked Charges	165,353	150,543	9,393	5,417	-	-	-	-	181,294	165,399	11,076	4,819	-	-	-	-
Operating Expenses related to Insurance Business	2,417,784	682,694	5,579	15,326	1,660,752	2,689	50,779	(35)	2,830,953	910,621	10,880	18,313	1,830,709	9,293	51,137	-
Provision for Doubtful debts	153,202	46,033	1,689	713	97,040	5,310	2,382	35	11,270	3,896	150	55	6,687	327	155	-
Bad debts written off	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
Provisions (other than taxation)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(a) For diminution in the value of investments (Net)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(b) Others	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
TOTAL (B)	**2,941,431**	**924,168**	**17,266**	**21,717**	**1,911,871**	**10,308**	**56,101**	**-**	**3,389,444**	**1,141,332**	**23,378**	**23,959**	**2,135,717**	**12,658**	**52,400**	**-**
Benefits Paid (Net)	11,817,416	6,964,855	1,114,795	870,469	1,755,190	183,052	374,370	554,685	16,113,893	10,991,297	1,524,869	388,159	2,185,476	192,027	690,847	141,218
Interim Bonuses Paid	40,192	34,779	5,227	-	26	160	-	-	24,430	22,243	2,187	-	-	-	-	-
Change in valuation of liability in respect of life policies		-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(a) Gross	4,339,988	(1,450,770)	(562,741)	(210,086)	6,751,935	103,014	(155,693)	(135,671)	1,004,546	(4,841,886)	(890,629)	823,269	6,332,906	76,551	(391,505)	(104,160)
(b) Amount ceded in Reinsurance	158,560	(5,085)	(1)	-	158,126	(56)	5,576	-	188,726	6,091	-	-	179,174	1,164	2,297	-
(c) Amount accepted in Reinsurance	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(d) Reserve for discontinued policies	(146,061)	(146,061)	-	-	-	-	-	-	(651,281)	(651,281)	-	-	-	-	-	-
TOTAL (C)	**16,210,095**	**5,397,718**	**557,280**	**660,383**	**8,665,277**	**286,170**	**224,253**	**419,014**	**16,680,314**	**5,526,464**	**636,427**	**1,211,428**	**8,697,556**	**269,742**	**301,639**	**37,058**
TOTAL (B+C)	**19,151,526**	**6,321,886**	**574,546**	**682,100**	**10,577,148**	**296,478**	**280,354**	**419,014**	**20,069,758**	**6,667,796**	**659,805**	**1,235,387**	**10,833,273**	**282,400**	**354,039**	**37,058**
SURPLUS/(DEFICIT) (D)=(A)-(B)-(C)	**1,278,134**	**167,522**	**52,347**	**-**	**860,581**	**156,321**	**41,362**	**1**	**221,878**	**(28,607)**	**55,537**	**(1)**	**15,973**	**146,694**	**32,283**	**(1)**
APPROPRIATIONS																
Transfer to Shareholders' Account	1,218,037	114,683	42,675	-	862,084	157,234	41,361	-	239,307	6,170	53,026	-	1,145	146,684	32,282	-
Transfer to Other Reserves	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
Transfer to/(from) Funds for Future Appropriations	60,097	52,839	9,672	-	(1,503)	(913)	1	1	(17,428)	(34,777)	2,511	(1)	14,827	10	1	(1)
TOTAL (D)	**1,278,134**	**167,522**	**52,347**	**-**	**860,581**	**156,321**	**41,362**	**1**	**221,879**	**(28,607)**	**55,537**	**(1)**	**15,972**	**146,694**	**32,283**	**(1)**

FORM L-2-A-PL Shareholders' Account (Non-Technical Account)
AUDITED PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED MARCH 31, 2019

Particulars	AUDITED FOR YEAR ENDED MARCH 31, 2019	AUDITED FOR YEAR ENDED MARCH 31, 2018
	(₹000's)	(₹000's)
Amount transferred from Policyholders Account (Technical Account)	1,218,037	239,307
Income From Investments		
(a) Interest, Dividends and Rent – Gross	501,521	543,469
(b) Profit on sale / redemption of investments	34,612	47,558
(c) (Loss) on sale/ redemption of investments	(21,735)	(705)
Other Income	-	-
TOTAL (A)	**1,732,435**	**829,629**
Expense other than those directly related to the insurance business	1,098,413	1,137,926
Bad debts written off	-	-
Provisions (other than taxation)	-	-
(a) For diminution in the value of investments (net)	-	-
(b) Provision for doubtful debts	-	-
(c) Others	-	-
Contribution to the Policyholders Account (Technical Account)	**102,139**	**211,911**
Linked - Individual - Life - Participating	-	-
Linked - Individual - Pension - Participating	-	-
Linked - Individual - Life - Non Participating	-	11,731
Linked - Individual - Pension - Non Participating	-	-
Linked - Group - Life - Non Participating	69	1,377
Non Linked - Individual - Life - Participating	-	-
Non Linked - Individual - Pension - Participating	-	-
Non Linked - Individual - Life - Non Participating	-	106,926
Non Linked - Individual - Pension - Non Participating	79,358	44,355
Non Linked - Group - Life - Non Participating	-	-
Non Linked - Group - Pension - Non Participating	19,191	36,735
Non Linked - Annuity - Non Participating	-	-
Non Linked - Variable group	3,521	8,703
Non Linked Health Non Participating	-	2,084
TOTAL (B)	**1,200,552**	**1,349,837**
Profit / (Loss) before tax	531,883	(520,208)
Provision for Taxation	-	-
Profit / (Loss) after tax	531,883	(520,208)
APPROPRIATIONS		
(a) Balance at the beginning of the year	(13,505,451)	(12,985,243)
(b) Interim dividends paid during the year	-	-
(c) Proposed final dividend	-	-
(d) Dividend distribution on tax	-	-
(e) Transfer to reserves/ other accounts	-	-
Profit / (Loss) carried forward to the Balance Sheet	(12,973,568)	(13,505,451)

FORM L-3-A-BS
AUDITED BALANCE SHEET AS AT MARCH 31, 2019

Particulars	AUDITED AS AT MARCH 31, 2019	AUDITED AS AT MARCH 31, 2018
	(₹000's)	(₹000's)
SOURCES OF FUNDS		
SHAREHOLDERS' FUNDS:		
SHARE CAPITAL	20,049,000	20,049,000
RESERVES AND SURPLUS	-	-
CREDIT/[DEBIT] FAIR VALUE CHANGE ACCOUNT	(9,005)	(2,434)
Sub-Total	**20,039,995**	**20,046,566**
BORROWINGS	-	-
POLICYHOLDERS' FUNDS:	-	-
CREDIT/[DEBIT] FAIR VALUE CHANGE ACCOUNT	(69,088)	(23,392)
POLICY LIABILITIES		
Linked - Individual - Life - Non Participating	301,505	333,714
Linked - Individual - Pension - Non Participating	15,243	11,742
Linked - Group - Life - Non Participating	3	11
Non Linked - Individual - Life - Participating	150,861	92,287
Non Linked - Individual - Pension - Participating	12,955	14,013
Non Linked - Individual - Life - Non Participating	45,815,330	38,982,442
Non Linked - Individual - Pension - Non Participating	1,591,386	1,540,050
Non Linked - Group - Life - Non Participating	627,272	745,871
Non Linked - Group - Pension - Non Participating	405,059	540,731
Non Linked - Annuity - Non Participating	392,684	340,003
Non Linked - Variable group	160,568	192,085
Non Linked Health Non Participating	99,359	80,760
PROVISION FOR LINKED LIABILITIES		
Linked - Individual - Life - Participating	473,292	564,371
Linked - Individual - Pension - Participating	34,806	50,893
Linked - Individual - Life - Non Participating	28,953,392	30,285,961
Linked - Individual - Pension - Non Participating	3,670,597	4,220,752
LINKED - GROUP - LIFE - NON PARTICIPATING	3,707,301	3,917,379
Discontinued Policies Fund - Non payment of premium	1,424,286	1,570,346
Sub-Total	**87,766,811**	**83,460,019**
FUNDS FOR FUTURE APPROPRIATIONS		
FFA - Others	711,829	651,732
TOTAL	**108,518,635**	**104,158,317**
APPLICATION OF FUNDS		
INVESTMENTS		
- Shareholders'	6,550,924	6,277,301
- Policyholders'	48,786,255	42,056,078
Assets held to cover linked liabilities	38,954,077	41,237,591
LOANS	-	-
FIXED ASSETS	117,763	137,427
CURRENT ASSETS		
Cash & Bank Balance	969,211	1,058,619
Advances And Other Assets	4,682,830	4,840,503
Sub-Total (A)	**5,652,041**	**5,899,122**
CURRENT LIABILITIES	4,424,982	4,854,666
PROVISIONS	91,011	99,987
Sub-Total (B)	**4,515,993**	**4,954,653**
NET CURRENT ASSETS (C) = (A – B)	**1,136,048**	**944,469**
MISCELLANEOUS EXPENDITURE (to the extent not written off or adjusted)	-	-
DEBIT BALANCE IN PROFIT AND LOSS ACCOUNT (Shareholders' Account)	12,973,568	13,505,451
TOTAL	**108,518,635**	**104,158,317**

FORM L 22A
ANALYTICAL RATIOS

No.	Particulars	AUDITED FOR YEAR ENDED MARCH 31, 2019	AUDITED FOR YEAR ENDED MARCH 31, 2018
1	New Business Premium Growth Rate - Segment wise		
	Linked Individual - Life Participating	(193)%	(150)%
	Linked Individual - Pension Participating	NA	NA
	Linked Individual - Life Non Participating	(27)%	32%
	Linked Individual - Pension Non Participating	(1492)%	99%
	Linked Group - Non Participating	(56)%	35%
	Non Linked Individual - Life Participating	(42)%	406%
	Non Linked Individual - Pension Participating	NA	NA
	Non Linked Individual - Life Non Participating	(1)%	18%
	Non Linked Individual - Pension Non Participating	(11)%	31%
	Non Linked Group - Life Non Participating	(30)%	155%
	Non Linked Group - Pension Non Participating	0%	0%
	Non Linked Annuity Non Participating	35%	50%
	Non Linked - Variable - Group	129%	26%
	Non Linked Health Non Participating	(85)%	(26)%
2	Net Retention Ratio	96%	96%
3	Expense of Management to Gross Direct Premium Ratio	21%	24%
4	Commission Ratio (Gross commission paid to Gross Premium)	2%	3%
5	Ratio of policy holder's liabilities to shareholder's funds	12.5	12.9
6	Growth rate of shareholders' fund	8.03%	(7.40)%
7	Ratio of surplus to policyholders' liability	1.3%	0.0%
8	Change in net worth in ('000)	525,312	(522,642)
9	Profit after tax/Total Income	2.55%	(2.50)%
10	(Total real estate + loans)/ (Cash & invested assets)	NA	NA
11	Total investments/(Capital + Surplus)	4.71	4.47
12	Total affiliated investments/(Capital+ Surplus)	NA	NA
13	Investment Yield (Gross and Net)		
	- With total gains (Gross) Policyholder	8.5%	7.8%
	- Only realized gains (Net) Policyholder	8.1%	9.4%
	- With total gains (Gross) Shareholder	8.5%	8.7%
	- Only realized gains (Net) Shareholder	8,1%	8.7%
14	Conservation Ratio		
	Linked Par Individual Life	69%	85%
	Linked Par Pension	57%	84%
	Linked Non Par Individual Life	73%	72%
	Linked Non Par Pension	71%	75%
	Linked Non Par Group	0%	1%
	Non Linked Par Individual Life	65%	83%
	Non Linked Par Pension	83%	93%
	Non Linked Non Par Individual Life	85%	86%
	Non Linked Non Par Individual Pension	59%	94%
	Non Linked Group Life	17%	29%
	Non Linked Variable Group	0%	0%
	Non Linked - Health	78%	82%
15	Persistency Ratio (by premium)		
	For 13th month	68%	73%
	For 25th month	62%	60%
	For 37th month	50%	46%
	For 49th Month	43%	44%
	for 61st month	46%	45%
16	NPA Ratio		
	Gross NPA Ratio	NIL	NIL
	Net NPA Ratio	NIL	NIL

Notes :

1) This disclosure is made in accordance with the IRDAI Circular No IRDA/F&I/CIR/F&A/012/01/2010 dated 28th January 2010 and Master circular IRDAI/F&A/Cir/232/12/2013 dated 11th December 2013.
2) The above financial results are based on Audited Financial Statements for the Year ended March 31st, 2019. The Financial Statements of the company have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 15th May 2019 and same have been subject to Audit by the statutory auditors of the Company.

For and on behalf of Board of Directors
Sd/-

Trevor Bull
Chief Executive Officer and Managing Director

BEWARE OF SPURIOUS/FRAUD PHONE CALLS!
IRDAI is not involved in activities like selling insurance policies, announcing bonus or investment of premiums. Public receiving such phone calls are requested to lodge a police complaint.

Trade logo displayed above belongs to Aviva Brands Limited and is used by Aviva Life Insurance Company India Limited under License. Aviva Life Insurance Company India Limited. IRDA of India No. 122. Registered Office Address-2nd floor, Prakashdeep Building, 7, Tolstoy Marg, New Delhi – 110001. Telephone number.: 0124-2709000, Fax number: 0124-2571210, E-mail: customerservices@avivaindia.com, Helpline number: 1800-180-22-66/1800-103-77-66, Website: www.avivaindia.com, CIN: U66010DL2000PLC107880, Advt No.:

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	41.6 डि.से.	41.6 डि.से.	40.3 डि.से.	41.2 डि.से.
न्यूनतम	31.0 डि.से.	31.0 डि.से.	31.0 डि.से.	31.0 डि.से.

महंगी हुई ऑटो की सवारी

वर्तमान दरों में करीब 18.50 फीसद का इजाफा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 जून।

दिल्ली वालों को अब ऑटो की सवारी के लिए ज्यादा रुपए देने होंगे। दिल्ली सरकार ने नए ऑटो किराए को बुधवार को मंजूरी दे दी है और इस बाबत अधिसूचना भी जारी कर दी है। ऑटो चालकों के लिए किराए की दरों में 2013 में संशोधन किया गया था। वर्तमान दरों में करीब 18.50 फीसद का इजाफा किया गया है। चालक एक लंबे समय से वर्तमान किराए में बढ़ोतरी करने की मांग कर रहे थे।

ऑटो किराए में किए गए किराया संशोधन के संबंध में आदेश ऑटो यूनिट के उपायुक्त अजय कुमार सिनंदी ने जारी किए हैं। इन आदेशों में स्पष्ट लिखा गया है कि यह अधिसूचना परिवहन मंत्री के आदेशों से लागू की गई है। आदेशों के मुताबिक, अब पहले डेढ़ किलोमीटर पर मीटर डाउन के लिए यात्री

को 25 रुपए का भुगतान करना होगा और इसके बाद प्रत्येक किलोमीटर पर 9.50 रुपए का भुगतान करना होगा। इसके अतिरिक्त आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अब यात्री को रात में ऑटो का प्रयोग करने के लिए 25 फीसद अधिक खर्च करना होगा। यह किराया रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक के लिए लागू होगा।

अगर किसी ऑटो चालक को प्रतीक्षा के लिए रोका जाता है तो इसके लिए भी अब अधिक भुगतान करना होगा। यह शुल्क 0.75 रुपए प्रति मिनट की दर से वसूला जाएगा। पहले की ही तरह न्यूनतम 15 मिनट की कोई सीमा नहीं होगी और धीमी गति पर चलने पर 10 मिनट में एक किलोमीटर का सफर भी होगा तो यह व्यवस्था लागू नहीं होगी। इसके अतिरिक्त चालक 7.50 रुपए अतिरिक्त सामान शुल्क वसूल सकता है। यह शुल्क शॉपिंग बैग या छोटी अटैची या सूटकेस के लिए नहीं वसूला जाएगा। हालांकि, ऑटो यूनियन के नेता राजेंद्र सोनी बताते हैं कि ऑटो किराया हर साल बढ़ाने की नीति पर काम किया जाना था। इस पर दिल्ली सरकार ने काम नहीं किया है। एकाएक शुल्क बढ़ाने से जनता पर बोझ बढ़ता है। इसलिए ऑटो चालक चाहते हैं कि इस बोझ को दिल्ली सरकार उठाए और इसके लिए सीएनजी पर सबसिडी दे।

ऑटो किराया

पहले	अब
● 25 रुपए 2 किमी	25 रुपए 1.5 किमी
● प्रति किमी 8 रुपए	9.5 रुपए प्रति किमी
● वेटिंग चार्ज 15 मिनट मुफ्त, 0.50 रुपए	0.75 रुपए प्रति किमी
● रात्रि चार्ज 25 फीसद अतिरिक्त	25 फीसद अतिरिक्त

महिलाओं को मुफ्त यात्रा मामले में मेट्रो की रिपोर्ट

इंतजाम में एक साल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 जून।

महिलाओं के लिए मुफ्त सवारी का इंतजाम करने में करीब एक साल का समय लगेगा। इस सुविधा के लिए मेट्रो स्टेशन के सिस्टम में बदलाव करेंगे और विशेष गुलाबी टोकन भी तैयार करने होंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि बुधवार को यह रिपोर्ट मेट्रो ने दिल्ली सरकार को दी है। यह सुविधा लागू होती है तो दिल्ली सरकार पर करीब 1566.64 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस योजना को लागू करने को लेकर दिल्ली सरकार आम जनता से लगातार रायशुमारी कर रही है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली सरकार ने मेट्रो को मुफ्त सफर योजना का मसौदा भेजा था। अब दिल्ली मेट्रो की तरफ से दिल्ली सरकार को जवाब भेजा गया है। इस प्रस्ताव में मेट्रो की तरफ से दो जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं। इसमें एक योजना में कहा गया है कि इस सुविधा को लागू करने के लिए मेट्रो के साफ्टवेयर में बदलाव करना होगा। इस काम में मेट्रो को करीब एक साल लगेगा। इसी तरह दूसरी योजना जिसमें इसे लागू किया जा सकता है, उसमें टोकन का इस्तेमाल किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि शॉर्ट टर्म में प्रावधान के लिए काउंटर बनाए जाएंगे और वेंडिंग मशीन लगाई जाएंगी, जहां महिलाओं को बिना पैसे दिए टोकन मिलेगा और एक विशेष गेट के माध्यम से महिलाओं को लाया जाएगा। इसमें कोई तकनीकी बदलाव की जरूरत नहीं है।

दिल्ली सरकार का मानना है इसे तुरंत लागू किया जा सकता है। इस सेवा के लिए मेट्रो को कम से कम 8 माह की आवश्यकता होगी। इसके लिए मेट्रो से टाइम बाउंड रिपोर्ट मांगेंगे। उन्होंने बताया कि इस सेवा के लिए विशेषतौर पर गुलाबी टोकन भी बनवाने होंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार चाहती है कि कम से कम समय में यह काम हो। इसके लिए जल्द ही संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाकर इस पर तेजी से काम करने के लिए कहा जाएगा। इसके अतिरिक्त दिल्ली के 170 मेट्रो स्टेशन ऐसे हैं जहां पर टोकन की सुविधा



- मुख्यमंत्री बोले मेट्रो ने दिया है टोकन व्यवस्था लागू करने का सुझाव
- दिल्ली सरकार पर करीब 1566 करोड़ रुपए का खर्च होने का अनुमान

उपलब्ध नहीं है। उन जगहों पर भी यह सुविधा शुरू करनी होगी। इस व्यवस्था के लागू हो जाने के बाद मेट्रो में महिलाओं की संख्या 30 फीसद से बढ़कर 50 फीसद तक पहुंच जाएगी। वहीं, किराए मामले को लेकर भी दिल्ली सरकार से जवाब मांगा गया है। मामले में जल्द ही दिल्ली सरकार अपना जवाब देगी। इसके अतिरिक्त इस योजना को किराया निर्धारण समिति से मंजूरी लेनी होगी, इसे एक तकनीकी मामला बताया जा रहा है। इस मामले में जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का जितना बिल आएगा उसका पैसा दिल्ली सरकार देगी। इस समय दिल्ली सरकार फायदे में चल रही है और यह पैसा बचाकर आम जनता को यह सुविधा दी जा रही है। बजट में इस पैसे का इंतजाम किया गया है। इस व्यवस्था के लागू होने से हर परिवार के यात्रा भुगतान को दिल्ली सरकार ने आधा कर दिया है। उन्होंने कहा कि महिला व पुरुष बराबर नहीं हैं। आज केवल 11 फीसद महिलाएं ही काम कर रही हैं। कैसे कह सकते हैं कि महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिल रहा है।

आंधी से 35 मिनट रुका रहा विमान परिचालन

बुधवार शाम को आई तेज धूल भरी आंधी से बचते मुसाफिर।

नई दिल्ली, 12 जून (भाषा)।

दिल्ली में बुधवार को चली तेज आंधी के बाद दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर विमान परिचालन करीब 35 मिनट के लिए रोकना पड़ा। हवाईअड्डे के अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली हवाईअड्डे पर बुधवार शाम 6:39 बजे आंधी आई। हवाईअड्डे पर अंतिम उड़ान शाम 6:36 बजे पहुंची थी।

हवाईअड्डे से अंतिम उड़ान 6:38 बजे रवाना हुई। उन्होंने कहा कि शाम 7:15 बजे तक हवाईअड्डे से कुल नौ विमानों का रुख मोड़ना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार विमान परिचालन शाम सवा सात बजे फिर शुरू हुआ।

मौसम की अब तक सर्वाधिक बिजली की मांग, 6904 मेगावाट पहुंची

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 जून।

दिल्ली के लोग खुद को गर्मी से बचाने के लिए कूलर, एसी और पंखों की शरण में हैं। दिल्ली में 50 फीसद तक बिजली की मांग इन उपकरणों ने बढ़ा दी है। बुधवार को दिल्ली में मौसम (सीजन) की सर्वाधिक बिजली मांग दर्ज की गई। यह मांग 6904 मेगावाट तक पहुंची। पारा अधिक होने की वजह से इस मांग में लगातार इजाफा दर्ज किया जा रहा है।

यह मांग इस सीजन की सर्वाधिक मांग है। गर्मी अधिक होने की वजह से इसमें लगातार इजाफा दर्ज किया जा रहा है। इससे पूर्व एक दिन पहले ही बिजली की मांग में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी और यह 6792 मेगावाट तक पहुंची थी। एक अनुमान के मुताबिक, इस बार गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 7400 मेगावाट तक पहुंचना संभावित है। अधिकतम मांग के वक्त दिल्ली की विभिन्न बिजली यूनिट के माध्यम से 904 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा था, जबकि नार्दन ग्रिड के माध्यम से दूसरे राज्यों से जुटाई गई बिजली का इस्तेमाल दिल्ली वाले कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, पिछले साल यह मांग 7016 मेगावाट तक पहुंची थी। डिस्कॉम का दावा है कि दिल्ली में बढ़ रही इस मांग को नियंत्रित करने के लिए आम जनता भी सहयोग कर सकती है। उसके लिए उपभोक्ता को केवल एक डिग्री कम करके करीब 6 फीसद तक वार्षिक अपनी खपत को कम कर सकते हैं।

जस्टिस लोढ़ा से धोखाधड़ी मामला : आरोपी को दो दिन की पुलिस रिमांड में भेजा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 जून।

पूर्व प्रधान न्यायाधीश आरएम लोढ़ा से एक लाख रुपए की कथित रूप से ठगी के आरोपी को पूछताछ के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है। अदालत ने बुधवार को दो दिन की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली। दक्षिण दिल्ली के पुलिस उपायुक्त विजय कुमार के मुताबिक, अदालत ने पुलिस को दिनेश माली से हिरासत में पूछताछ करने की इजाजत दे दी। उसे उदयपुर से गिरफ्तार कर मंगलवार को यहां लाया गया था। कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी की दो दिनों की हिरासत मांगी थी। जांच जारी रहने को लेकर पुलिस उसकी हिरासत की अवधि बढ़ाने की भी मांग कर सकती है।

पुलिस ने कहा कि आरोपी दिनेश माली ने जिस एटीएम कार्ड से धोखाधड़ी कर रुपए निकाले थे, उसे भी बरामद कर लिया गया है। हालांकि, उसका सहयोगी मुकेश फरार है और उसे भी गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

बातचीत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने जातीं पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित। फोटो : आरुष चोपड़ा

बिजली-पानी पर सियासी बवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 जून।

भीषण गर्मी के कारण बिजली-पानी के संकट को लेकर दिल्ली की राजनीति गरमा गई है। पानी-बिजली के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा दोनों ही आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को घेर रही हैं। बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर बैठक की। कांग्रेस ने दिल्ली वालों को छह माह तक का बिल माफ करने की मांग की है। वहीं, मंगलवार देर रात जल बोर्ड मुख्यालय पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा नेता विजय गोयल ने 'आप' सरकार को घेरा। इस राजनीतिक हंगामे के बाद 'आप' ने साफ कहा है कि भाजपा नेताओं ने जल बोर्ड के कर्मचारियों को बंधक बनाने की कोशिश की है।

पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने बुधवार को मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा था और करीब 12:30 बजे प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हारून यूसुफ और राजेश लिलौठिया भी मौजूद थे। मुलाकात के बाद हारून यूसुफ ने बताया कि कांग्रेस ने तय शुल्क (फिक्स्ड चार्ज) बढ़ाए जाने और दिल्ली में पानी की भारी किल्लत का मसला उठाया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार के मंत्रियों का कहना है कि चुनाव आचार संहिता की वजह से फिक्स्ड चार्ज को कम नहीं कर पा रहे थे। हकीकत यह है कि यह पिछले एक साल से बढ़ा हुआ है। उस समय लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू भी नहीं हुई थी।

उन्होंने कहा बताया कि दिल्ली सरकार की ओर से यह खोखला दावा किया जा रहा है कि वह 24 घंटे बिजली मुहैया करा रही है, जबकि दिल्ली में जमकर बिजली कटौती हो रही है। इस मामले में कांग्रेस के दौर में बिजली कटौती की शिकायत पर तत्काल कदम उठाया जाता था। हमने मांग की है कि कटौती रोकी जाए और फिक्स्ड चार्ज कम किया जाए। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि फिक्स चार्ज वापस होंगे।

'आप' का कांग्रेस पर हमला

कांग्रेस की सियासी बिजली कार्ड पर 'आप' ने भी कांग्रेस को घेरा है। दिल्ली सरकार के ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सबसे अधिक बिजली के दामों में इजाफा हुआ है। अगर दिल्ली सरकार पूर्व कांग्रेस सरकार की रफ्तार से बिजली के दाम बढ़ा रही होती तो इस समय दिल्ली में 128 रुपए का दाम बढ़कर 632 रुपए हो जाता। जो जनता आज के समय में केवल 357 रुपए का भुगतान कर रही है।

जल बोर्ड बोला, कर्मचारियों को बनाया बंधक

पानी संकट के मसले पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदर्शन पर जल बोर्ड उपाध्यक्ष दिनेश मोहनिया ने कहा कि भाजपा नेताओं ने जल बोर्ड के कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को बंधक बनाया है। उन्होंने कहा कि विजय गोयल ने कोई शिकायत जल बोर्ड को नहीं दी और उनके समर्थकों ने लोगों के साथ गुंडागर्दी की है। उन्होंने दावा किया 'आप' की सरकार जब बनी थी तो दिल्ली में पानी उपलब्धता प्रतिदिन 820 एमजीडी थी और अब यह बढ़कर 936 एमजीडी तक पहुंच गई है। इसलिए यह कहना गलत है कि 'आप' सरकार के कार्यकाल में पानी की कमी हुई है। मंगलवार को देर रात पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा नेता जल बोर्ड के विधायक ओपी शर्मा व नेता जय प्रकाश के साथ जल बोर्ड कार्यालय पहुंच गए थे। इन लोंगो ने पानी के संकट के विरोध में देर रात करीब 3 बजे तक हंगामा किया।

विश्व बाल श्रम दिवस | बाल श्रम से मुक्त हुए बच्चों की प्रधानमंत्री से अपील

ग्राम सभा में 'बचपन' को तव्वजो दिलाएं

प्रियरंजन
नई दिल्ली, 12 जून।

बाल श्रम से मुक्त होकर मुख्यधारा में लौटे बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि वे ग्राम सभा में 'बचपन' को तव्वजो दिलाने और बाल श्रम के लिए सीधे जिलाधिकारी को जिम्मेदार बनाने की पहल करें। दरअसल विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस पर देश भर से वे बच्चे बुधवार को दिल्ली में जुटे थे, जो इस दलदल से निकल चुके हैं। उन्होंने बाल श्रम पर एक राष्ट्रीय पंचायत की और इस दलदल में मौजूद बच्चों को बचाने की पहल की। बता दें कि हरेक साल 12 जून विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर एक रिपोर्ट भी जारी की गई जिसने बच्चों के विरुद्ध अपराध में पांच गुणा बढ़ोतरी की तस्वीर पेश की।

बाल श्रम के खिलाफ राष्ट्रीय पंचायत में भाग लेने वाले बच्चों और कार्यकर्ताओं ने चाणक्यपुरी स्थित विश्व युवा केंद्र से सात लोक कल्याण मार्ग को कई और सुझाव दिए। उन्होंने केंद्र की नई सरकार से देश में बाल श्रम और मानव तस्करी के उन्मूलन की दिशा में मौजूद कानूनों के और प्रभावी बनाने और उसके कड़े

कार्यान्वयन की अपील की। बाल श्रम के लिए जिला प्रशासन को पूरी तरह से जिम्मेदार बनाने की भी मांग की। बच्चों के प्रति बढ़ रहे अपराध और संसद में उस पर चर्चा कम होने पर चिंता जताई। हालांकि, मौके पर मौजूद सांसद अन्नपूर्णा देवी ने बिहार, राजस्थान, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत से आए बच्चों ने भरोसा दिया कि वे लोकसभा में बच्चों से संबंधित समस्याओं को उठाएंगी। बकौल सांसद अन्नपूर्णा इस बार बाल श्रम, सुरक्षा और शिक्षा से संबंधित मुद्दों को संसद में चर्चा का विषय बनाएंगी।

कैलाश सत्यार्थी ने जारी संदेश में कहा कि सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत' बनाने की प्रतिबद्धता जरूरी है। उन्होंने कहा-बाल मजदूरी और तस्करी जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ने के लिए सभी को काम करना पड़ेगा। नीति-निर्माताओं, नागरकि संस्थाओं, कॉरपोरेट घरानों और न्यायपालिका तक को भी जागना होगा है। तभी बाल मजदूरी से मुक्त भारत दिख सकेगा। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन ने इसका आयोजन किया था।

उन्होंने इस खतरे से निपटने के लिए केंद्र से इस मुद्दे को अपने 100-दिवसीय कार्य योजना में प्राथमिकता के साथ शामिल करने की मांग की। साथ ही पंचायत में बच्चों ने अपनी मांगों का एक घोषणा पत्र भी जारी किया। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आइएलओ) कन्वेंशन की सिपारिशों को लागू करने की मांग की। इसके अलावा बच्चों के जीवन को बेहतर, सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु बाल पंचायत का गठन करने प्रत्येक पंचायत में विलेज माइग्रेशन रजिस्टर बनाए जाने, बच्चों के मुद्दों पर बात करने के लिए साल में दो बार 'ग्राम सभा' की विशेष बैठक बुलाने आदि मांगों को घोषणा पत्र में शामिल किया गया है। कोडरमा बाल पंचायत की नेता निशा कुमारी ने कहा-बाल श्रम हमारे बचपन को हमसे छीनने वाली एक बुराई है। विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस के अवसर पर हम मांगों का जो घोषणा पत्र जारी कर रहे हैं, इस पर अमल हो। ताकि अभावग्रस्त हमारे भाइयों और बहनों को भी स्वतंत्र, शिक्षित और सशक्त होने का मौका मिल सके। निशा ने पंचायतों में बाल मित्र ग्राम सभा बनाने की मांग की। इस पंचायत में कई सत्र थे। प्रमुख लोगों की परिचर्चा भी हुई। इसमें पूर्व केंद्रीय श्रम सचिव एलडी मिश्रा सहित कई विशेषज्ञों के पैनल ने बच्चों से जुड़े सख्त कानूनों को लागू करने के लिए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की।

एम्स : भोजनालय के ठेका में धोखाधड़ी मामले में प्राथमिकी दर्ज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 जून।

पुलिस ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के भोजनालय का ठेका एक निजी फर्म को देने में धोखाधड़ी के आरोपों के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की। अदालत ने यह आदेश ठेके के एक बोलीकर्ता की शिकायत पर दिया जो पहले कैटरर और कैंटीन ठेकेदार था। उसने आरोप लगाया कि कर्मचारी संगठन के लोग इस धोखाधड़ी में शामिल हैं। दरअसल यह प्राथमिकी अदालत के निर्देश पर दर्ज हुई है। अदालत ने कहा कि पहली नजर में संज्ञेय अपराध बनता है और एम्स से धोखाधड़ी में कथित रूप से शामिल कुछ लोगों की भूमिका का पता चलना जरूरी है। अदालत के सामने पेश किए गए दस्तावेजों के अनुसार, ठेका एक निजी फर्म को दिया गया।

सीतारमण और जयशंकर को सम्मानित करेगा जेएनयू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 जून।

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और सुब्रहमण्यम जयशंकर को अपने प्रतिष्ठित पूर्व छात्र के तौर पर पुरस्कृत करेगा। जेएनयू की कार्यकारी परिषद ने वित्त मंत्री सीतारमण और विदेश मंत्री जयशंकर को सम्मानित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रमोद कुमार ने बताया कि इस साल अगस्त में होने वाले दीक्षांत समारोह में उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

आज के कार्यक्रम

सभा संगोष्ठी

इंडिया हैबिटाट सेंटर : अमिताभ घोष की पुस्तक का लोकार्पण व चर्चा, हैबिटाट वर्ल्ड, इंडिया हैबिटाट सेंटर, लोदी रोड, शाम सात बजे।

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : ग्रीष्म उत्सव और शास्त्रीय संगीत, सीडी देशमुख सभागार, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, 40 मैक्समूलर मार्ग, शाम छह बजे।

प्रदर्शनी

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर और पेरू दूतावास : पेरू पर प्रदर्शनी, आर्ट गैलरी, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (एनेक्स), मैक्समूलर मार्ग, सुबह 11 बजे से, 18 जून तक।

सामाजिक कार्यकर्ता फादर स्टेन स्वामी के घर पर छापे

इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कुछ सामग्री जब्त करने का दावा

पुणे, 12 जून (भाषा)।

सामाजिक कार्यकर्ता फादर स्टेन स्वामी के झारखंड के रांची स्थित घर पर पुणे पुलिस ने बुधवार को छापेमारी कर कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामग्री जब्त करने का दावा किया है।

पुलिस के अनुसार यलगार परिषद मामले में जारी जांच के तहत यह छापेमारी की गई। इस मामले में माओवादियों से कथित संबंध के सिलसिले में नौ कार्यकर्ताओं को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'यलगार परिषद मामले में जारी जांच के तहत हमारी टीम ने स्वामी के रांची स्थित घर पर छापेमारी की। अभी तक, हमने उनके घर से कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामन जब्त किया है।' उन्होंने बताया कि स्वामी को अभी हिरासत में नहीं लिया गया है।

- पुलिस के अनुसार यलगार परिषद मामले में जारी जांच के तहत यह छापेमारी की गई। इस मामले में माओवादियों से कथित संबंध के सिलसिले में नौ कार्यकर्ताओं को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।
- पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'यलगार परिषद मामले में जारी जांच के तहत हमारी टीम ने स्वामी के रांची स्थित घर पर छापेमारी की।

पुणे पुलिस ने पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय स्तर पर की गई छापेमारी के दौरान भी स्वामी के घर से कुछ सामग्री जब्त की थी। यह मामला 31 दिसंबर 2017 को हुए यलगार परिषद सम्मेलन से जुड़ा है। पुलिस का आरोप है कि इस सम्मेलन के लिए माओवादियों ने धन खर्च किया था।

पुलिस के आरोपपत्र के अनुसार इस सम्मेलन में कुछ कार्यकर्ताओं ने भड़काऊ भाषण दिए थे, जिसके अगले दिन पुणे के पास कोरेगांव-भीमा गांव में हिसा हुई थी।

पुणे पुलिस ने नौ कार्यकर्ताओं सुधीर धावले, शोमा सेन, सुरेंद्र गडलिंग, महेश राउत, रोना विल्सन, वर वर राव, अरूण फेरेरा, सुधा भारद्वाज और वरनोंन गोंजाल्विस के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया हुआ है। इस आरोपपत्र में फरार माओवादी नेता दीपक उर्फ मिलिद तेलतुम्बड़े, किशनदा उर्फ प्रशांत बोस, प्रकाश उर्फ ऋतुपर्ण गोस्वामी, सीपीआइ (माओवादी) महासचिव गणपति उर्फ चंद्रशेखर का भी नाम है।

इन लोगों पर देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने और अपने प्रतिबंधित संगठन की विचारधारा को फैलाने के साथ समाज में जातीय संघर्ष और घृणा फैलाने का भी आरोप है।

पुलिस के अनुसार इन सभी लोगों पर कठोर कहे जाने वाले गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत भी कार्रवाई की गई है।

भारत में है इंटरनेट का प्रयोग करने वाली दूसरी सबसे बड़ी आबादी

नई दिल्ली, 12 जून (भाषा)।

रिलायंस जियो के सस्ते मोबाइल डाटा के कारण देश में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार इंटरनेट के कुल वैश्विक उपयोक्ताओं में भारत की 12 फीसद हिस्सेदारी है। इससे भारत इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले लोगों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया है। मैरी मीकर की इंटरनेट प्रवृत्ति पर आई 2019 की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

रपट में जियो को अमेरिका के बाहर की सबसे नवोन्मेषी इंटरनेट कंपनियों में से एक बताया गया है।इसके मुताबिक दुनिया भर में करीब 3.8 अरब लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। यह विश्व की कुल आबादी के आधे से अधिक है। इसमें 21 फीसद इंटरनेट उपयोक्ताओं के साथ चीन शीर्ष पर है।

अमेरिका में दुनियाभर के इंटरनेट उपयोक्ताओं का मात्र आठ फीसद ही है।

दुनियाभर में इंटरनेट उपयोक्ताओं की वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है। 2018 में यह छह फीसद रही।

रिपोर्ट

दुनिया भर में करीब 3.8 अरब लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। यह विश्व की कुल आबादी के आधे से अधिक है। इसमें 21 फीसद इंटरनेट उपयोक्ताओं के साथ चीन शीर्ष पर है। जबकि अमेरिका में दुनियाभर के इंटरनेट उपयोक्ताओं का मात्र आठ फीसद ही है।

हालांकि यह 2017 के सात फीसद के मुकाबले कम है। रपट के अनुसार रिलायंस जियो के 30.7 करोड़ मोबाइल फोन उपयोक्ता हैं।

इसमें जियो के प्रमुख मुकेश अंबानी के हवाले से कहा गया है कि वह एक हाइब्रिड ऑनलाइन से ऑफलाइन वाणिज्य मंच तैयार कर रहे हैं। इसमें रिलायंस रिटेल के मार्केटप्लेस को जियो के डिजिटल ढांचे से जोड़ रहे हैं।

पांच सितंबर 2016 को जियो ने सस्ते इंटरनेट प्लान के साथ भारतीय बाजार में कारोबार शुरू किया था। उसके बाद से देश में इंटरनेट उपयोक्ताओं की संख्या बढ़ी है और प्रतिस्पर्धा के कारण अन्य कंपनियों ने भी अपने इंटरनेट प्लान सस्ते किए हैं।

नगरपालिका उपचुनाव में कांग्रेस ने बाजी मारी

जयपुर, 12 जून (भाषा)। राजस्थान में नगरपालिका व नगरपरिषद के 16 वार्ड पार्षदों के लिए उपचुनाव में कांग्रेस ने आठ जगह जीत दर्ज की है। भाजपा को पांच वार्डों में जीत मिली, जबकि तीन वार्डों में निर्दलीय विजयी रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने बुधवार को परिणाम जारी किए।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल राष्ट्रवादी जन समाज पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय 33ए–1, मौलवीगंज, लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है– प्रार्थी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए हैं :– अध्यक्ष– मो0 अकरम खान, 158/33, गंगा प्रसाद रोड, मौलवीगंज, लखनऊ। महासचिव–मो0 इकराम अंसारी, 158/33, गंगा प्रसाद रोड, मौलवीगंज, लखनऊ। कोषाध्यक्ष –मंसूर जमाल, 400/62–1, झवांई टोला, लखनऊ। यदि किसी को राष्ट्रवादी जन समाज पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

युनाइटेड इंडिया इंश्यूरेन्स कंपनी लिमिटेड
UNITED INDIA INSURANCE COMPANY LTD.

(भारत सरकार का पूर्ण स्वामित्व उपक्रम)

पंजीकृत और प्रधान कार्यालय : 24, वाइट्स रोड, चेन्नै – 600 014 www.uiic.co.in

At United India, it's always U before I

आईआरडीए पंजीकरण नं. 545 | सीआईएन. : U93090TN1938GOI000108 | ईमेल : customercare@uiic.co.in | टोल फ्री नं. : 1800-425-33333

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम

राजस्व खाता (₹ लाखों में)

विवरण	31-03-2019 को समाप्त वर्ष				31-03-2018 को समाप्त वर्ष			
	अग्नि	समुद्री	विविध	कुल	अग्नि	समुद्री	विविध	कुल
अर्जित प्रीमियम (शुद्ध)	76820.20	22251.24	1211379.36	1310450.80	85687.63	23273.44	1177137.35	1286098.42
निवेशों की बिक्री / अदायगी पर लाभ/हानि (शुद्ध)	9194.27	2756.86	115432.87	127384.00	15696.76	4487.69	146124.08	166308.53
वापस लिया गया विविध शेष (शुद्ध)	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
अंतरण शुल्क, आदि	0.00	0.00	160.78	160.78	0.00	0.00	160.49	160.49
विनिमय से हानि / लाभ	-17.11	0.04	0.00	-17.07	23.97	0.18	0.00	24.15
ब्याज, लाभांश व किराया–सकल	17835.21	3554.65	149357.57	170747.43	19133.60	3837.54	124954.30	147925.44
कुल (अ)	**103832.57**	**28562.79**	**1476330.58**	**1608725.94**	**120541.96**	**31598.85**	**1448376.22**	**1600517.03**
उपगत दावे (शुद्ध)	68741.34	21838.84	1343028.81	1433608.99	84547.95	17649.66	1111583.88	1213781.49
कमीशन	9045.00	2689.29	61536.00	73270.29	9028.79	2345.02	55384.91	66758.72
बीमा कारोबार से संबंधित प्रचालन खर्च	23313.74	4659.44	277967.59	305940.77	20949.38	4123.99	234707.06	259780.43
प्रीमियम की कमी	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
अन्य	696.08	208.72	8739.31	9644.11	560.76	160.32	5220.22	5941.30
कुल (आ)	**101796.16**	**29396.29**	**1691271.71**	**1822464.16**	**115086.88**	**24278.99**	**1406896.07**	**1546261.94**
प्रचालन लाभ/ (हानि) इ=(अ–आ)	**2036.41**	**-833.50**	**-214941.13**	**-213738.22**	**5455.08**	**7319.86**	**41480.15**	**54255.09**
विनियोजन								
शेयरधारियों के खाते को अंतरित	2036.41	-833.50	-214941.13	-213738.22	5455.08	7319.86	41480.15	54255.09
महाविपत्ति आरक्षित को अंतरित								
अन्य आरक्षित को अंतरित								
कुल (इ)	**2036.41**	**-833.50**	**-214941.13**	**-213738.22**	**5455.08**	**7319.86**	**41480.15**	**54255.09**

तुलनपत्र (₹ लाखों में)

विवरण	31.03.2019 तक	31.03.2018 तक
निधियों का स्रोत		
शेयर पूँजी	15000.00	15000.00
आरक्षितियाँ और अधिशेष	279413.21	466984.14
सही मूल्य परिवर्तन खाता–पॉलिसी धारक	309634.15	343871.11
सही मूल्य परिवर्तन खाता - शेयर धारक	35785.47	75995.94
ऋण	90000.00	90000.00
कुल	**729832.83**	**991851.19**
निधियों का उपयोग		
निवेश	3165667.21	2981510.03
ऋण	13766.35	26500.47
स्थायी परिसम्पत्तियाँ	24771.34	18437.95
चालू परिसम्पत्तियाँ		
नकद और बैंक शेष	176175.65	202075.98
अग्रिम और अन्य परिसम्पत्तियाँ	390135.79	389915.76
उप–कुल (अ)	**566311.44**	**591991.74**
चालू देयताएँ	2278504.37	1906867.32
प्रावधान	762179.14	719721.68
उप–कुल (आ)	**3040683.51**	**2626589.00**
शुद्ध चालू परिसम्पत्तियाँ (इ) = (अ–आ)	**-2474372.07**	**-2034597.26**
विविध खर्च (जिनको बट्टे खाते में नहीं डाला गया या समायोजित नहीं किया गया)	0.00	0.00
लाभ और हानि खाते में नामे शेष	**0.00**	**0.00**
कुल	**729832.83**	**991851.19**

लाभ और हानि खाता (₹ लाखों में)

विवरण	31.03.2019 को समाप्त वर्ष	31.03.2018 को समाप्त वर्ष
प्रचालन लाभ / (हानि)		
अग्नि बीमा	2036.41	5455.08
समुद्री बीमा	-833.50	7319.86
विविध बीमा	-214941.13	41480.15
निवेश से आय		
ब्याज, लाभांश व किराया – सकल	18996.44	31443.48
निवेश की बिक्री पर लाभ	14722.20	36754.39
कम : निवेशों की बिक्री पर हानि	0.00	0.00
अन्य आय		
बट्टे खाते में डाले गये विविध शेष	703.97	2237.02
परिसम्पत्तियों की बिक्री पर लाभ/हानि तथा अन्य आय	496.11	1240.70
कुल (अ)	**-178819.50**	**125930.68**
प्रावधान (कर के अलावा)		
निवेश के अवमूल्यन हेतु	217.27	-494.88
सन्दिग्ध ऋणों हेतु	304.86	-7.22
अन्य खर्च		
अन्य	7856.95	1821.81
गैर बीमा कारोबार से संबंधित खर्च	32.38	62.80
बट्टे खाते में डाला गया अशोध्य ऋण	0.00	0.00
निवेश प्रीमियम पर परिशोधन	143.17	236.76
ह्रासित निवेश से संबंधित बट्टे खाते में डाली गयी राशियाँ	416.92	1515.57
कुल (आ)	**8971.55**	**3134.84**
कर के पूर्व लाभ (इ) = (अ–आ)	**-187791.05**	**122795.84**
कर के लिये प्रावधान	0.00	22530.00
गत वर्षों से संबंधित कर	0.00	0.00
कर के बाद लाभ (ई)	**-187791.05**	**100265.84**
विनियोजन		
प्रस्तावित अंतिम लाभांश	0.00	0.00
लाभांश वितरण कर	0.00	0.00
ऋणपत्र आरक्षित को अंतरित	2250.00	2250.00
सामान्य आरक्षित को अंतरित	-190041.05	98015.84
असमाप्त जोखिम के लिए आकस्मिक आरक्षण को अंतरित	0.00	0.00
तुलन पत्र को अग्रेषित शेष	0.00	0.00
मूलभूत और तरलीकृत प्रति शेयर आय (₹)	-126.69	66.84

मुख्य विश्लेषणात्मक अनुपात

क्रम स.	विवरण	31.03.2019	31.03.2018
1	सकल प्रीमियम वृद्धि दर	-5.79%	8.51%
2	शेयरधारकों की निधि में सकल प्रीमियम अनुपात	557.74%	361.63%
3	शेयरधारकों की निधि में वृद्धि दर	-38.92%	26.28%
4	शुद्ध प्रतिधारण अनुपात	83.15%	70.02%
5	शुद्ध कमीशन अनुपात	5.31%	5.39%
6	सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम अनुपात में प्रबंधन खर्च	23.90%	20.66%
7	संयुक्त अनुपात	136.89%	120.73%
8	शुद्ध प्रीमियम अनुपात में तकनीकी आरक्षित (वार्षिक)	182.86%	164.23%
9	बीमालेखन शेष अनुपात	-38.34%	-19.77%
10	प्रचालन लाभ / हानि अनुपात	-16.31%	4.22%
11	दायित्व अनुपात में नकदी परिसम्पत्तियाँ	16.44%	16.42%
12	शुद्ध आय अनुपात	-13.62%	8.09%
13	शुद्ध मूल्य से प्राप्त आय अनुपात	-64.77%	20.90%
14	उपलब्ध शोध क्षमता सीमा अनुपात की तुलना में अपेक्षित शोध क्षमता सीमा अनुपात	1.52*	1.54
15	एनपीए अनुपात		
	सकल एनपीए अनुपात	1.26%	0.36%
	शुद्ध एनपीए अनुपात	0.84%	0.00%

1. उपरोक्त लेखा परीक्षित परिणाम की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई है और 31 मई 2019 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. यह सार्वजनिक प्रकटीकरण भा.बी.वि.वि.प्रा. परिपत्र एवं परिभाषा के अनुसार संख्या IRDA/F&I/CIR/F&A/12/01/2010 (अनुलग्नक III) दिनांक 28 जनवरी 2010 के अनुसार बीमा कम्पनियों के सार्वजनिक प्रकटन के लिए किया गया है।
3. भारतीय विनियामक विकास प्राधिकरण की मास्टर परिपत्र दिनांक 5 अक्तूबर 2012 एवं शुध्दि पत्र 3 जुलाई 2013 के तहत विश्लेशणात्मक अनुपात का अभिकलन किया गया है।
4. जहां अपेक्षित हो पिछले वर्ष के आंकडे पुन: समायोजित / पुन: वर्गीकृत किया गया है।

* भारतीय बीमा विनियामक विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित सही मूल्य परिवर्तन खाते में 100% संतुलन के निषेध पर विचार करने के बाद

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 31.05.2019

गिरीश राधाकृष्णन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN : 08268834

Insurance is the subject of solicitation
MC/19-20/04

जनसत्ता

13 जून, 2019

उम्मीद का नल

आजादी के सात दशक बाद भी देश के बयासी फीसद गांव नल के लिए तरस रहे हैं। हालत यह है कि इन गांवों में पानी के लिए लोग आज भी पारंपरिक स्रोतों पर ही निर्भर हैं। ऐसा नहीं है कि गांवों में पानी पहुंचाने के लिए कभी योजनाएं नहीं बनीं। सरकारों में बैठे कर्णधार इस समस्या के बारे में अच्छी तरह जानते हैं, चर्चाएं चलती रहीं, योजनाएं भी बनती रहीं, इस मद के लिए धन का आबंटन भी होता गया, लेकिन जो काम होना था वही नहीं हुआ- इन योजनाओं पर ईमानदारी से अमल। हकीकत यह है कि ऐसी योजनाएं फाइलों में ही चलती रहीं। लोगों को पानी मिलने लगे, यह किसी भी सरकार की प्राथमिकता में नहीं रहा। जनप्रतिनिधि भी जानते हैं कि उनके निर्वाचन क्षेत्रों में जलापूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे गांवों की तादाद काफी बड़ी है जहां लोगों को पानी लेने के लिए मीलों दूर जाना पड़ता है, खासतौर से उन इलाकों में जहां जलस्रोतों का अभाव है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्रामीण इलाकों में जलापूर्ति की हालत क्या होगी।

लेकिन अब उम्मीद की जानी चाहिए कि तस्वीर कुछ बदलेगी। केंद्र सरकार ने अगले पांच साल में हर गांव के हर घर में नल से जल पहुंचाने की परियोजना को पूरा करने की बात कही है। अगर इस पर अमल होता है और कामयाबी हासिल हो जाती है तो यह उपलब्धि गांवों के लिए बड़ा वरदान साबित हो सकती है। इसके लिए राज्यों को भी बराबर की दिलचस्पी और ईमानदारी दिखानी होगी। हालांकि हर गांव के हर घर में नल के जरिए पानी पहुंचाना आसान नहीं है। इसमें कई तरह की भौगोलिक, तकनीकी, आर्थिक व संसाधन संबंधी बाधाएं आएंगी। लेकिन सरकारें इस काम को पूरा करने के लिए ठान लें तो असंभव भी नहीं है। भारत के ही राज्य सिक्किम ने ऐसा कर भी दिखाया है। सिक्किम के निन्यानबे फीसद घरों में पानी की सप्लाई नलों के जरिए की जाती है। ऐसी कामयाबी हासिल कर लेने वाला सिक्किम देश का पहला और एकमात्र राज्य है। दूसरी ओर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार, जो मिल कर उत्तर भारत का बड़ा हिस्सा बनाते हैं, इस मामले में आज तक कोई तरक्की नहीं कर पाए। गांवों की तो बात दूर, ज्यादातर शहरों में जलापूर्ति व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। ऐसे में हर गांव के हर घर में नल के जरिए पानी पहुंचाने का अभियान चुनौतीभरा होगा।

देश में उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल ऐसे राज्य हैं जिनके मात्र पांच फीसद ग्रामीण इलाकों में ही नलों के जरिए पीने के पानी की आपूर्ति की जाती है। हालांकि पानी की गुणवत्ता के सवाल पर तो किसी का ध्यान ही नहीं है। दक्षिण के राज्यों में कमोबेश ऐसी ही हालत है। देश के अन्य पहाड़ी राज्यों और रेगिस्तानी भू-भाग में पड़ने वाले ज्यादातर गांव ऐसे हैं जहां जलस्रोत ही नहीं हैं। मोटा अनुमान बता रहा है कि उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में ही हर गांव के हर घर में नल से पानी पहुंचाने की परियोजना पर करीब सवा लाख करोड़ रुपए का खर्च आएगा। अब तक का अनुभव यह बताता है कि ऐसी परियोजनाएं पूरी होने में खासा वक्त लगता है और इनकी लागत भी बढ़ती जाती है। दूसरी बड़ी बाधा यह है कि इस तरह के महाअभियान में भ्रष्टाचार भी काफी होता है जो काम भी पूरा नहीं होने देता और लागत भी बढ़ाता जाता है। भारत में बुनियादी समस्या यही है। वरना जो मिसाल सिक्किम ने पेश की, क्या दूसरे राज्य वैसा नहीं कर सकते!

पहाड़ पर भीड़

गरमी की छुट्टियों में घूमने-फिरने को लेकर पहाड़ लोगों की पहली पसंद होते हैं। जिन पहाड़ों तक चौड़ी सड़कें बन गई हैं, वहां ज्यादातर लोग अपने वाहन से परिवार समेत जाना अधिक पसंद करने लगे हैं। हमारे यहां कुछ ही पहाड़ी इलाके ऐसे हैं, जहां अधिकतर लोग जाते हैं। उनमें उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल प्रमुख हैं। ये स्थान चूंकि दिल्ली और उससे सटे शहरों, चंडीगढ़ आदि से नजदीक हैं, इसलिए यहां से अधिकतर लोग अपने वाहनों में जाते हैं। इन दिनों कश्मीर अशांत है, इसलिए वहां जाने वाले सैलानी भी इन्हीं क्षेत्रों का रुख करने लगे हैं। इसी का नतीजा है कि इन दिनों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर वाहनों का भारी जमावड़ा हो गया है। लोग दो-दो दिन से भीड़ में फंसे हुए हैं। उत्तराखंड में चूंकि चार धाम यात्रा भी शुरू हो चुकी है, इसलिए छुट्टियों में सैर-सपाटे के लिए निकलने वालों के अलावा बदरी, केदार जाने वाले श्रद्धालुओं का भी खासा भारी जत्था उधर का रुख किए हुए है। उत्तराखंड सरकार का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस साल करीब ढाई गुना श्रद्धालु वहां पहुंचे हैं, जिसका उसे अनुमान नहीं था। इसी तरह हिमाचल प्रदेश की मनाली घाटी में करीब एक लाख सैलानी और बीस हजार वाहन रोज प्रवेश कर रहे हैं।

पहाड़ी जगहों पर भीड़भाड़ के चलते वाहनों की गति थम जाने की कुछ वजहें साफ हैं। एक तो पहाड़ी रास्ते उस तरह चौड़े नहीं होते, जैसे मैदानी भागों में होते हैं। दो कतार बना कर लोगों को चलना पड़ता है, जिसमें एक जाने वालों की होती है और दूसरी आने वालों की। मगर मैदानी भागों और बड़े शहरों से जाने वाले सैलानियों को इस बात का इल्म नहीं होता। वे जहां भी खाली जगह देखते हैं, आगे निकलने की जल्दी में गाड़ी बढ़ा देते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि वहां गाड़ियां फंस जाती हैं। इसके अलावा पहाड़ों पर बड़े पैमाने पर गाड़ियां खड़ी करने की जगहें नहीं होती हैं। इसलिए लोग वाहन खड़ा करने के लिए जगहें न मिल पाने के कारण सड़कों के किनारे ठहरे रहते हैं और दूसरे वाहनों के आगे बढ़ने का रास्ता अवरुद्ध कर देते हैं। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में सड़कों पर दूर-दूर तक वाहनों की भीड़ जमा होने का यही बड़ा कारण है। इस समस्या से पार पाने में वहां के प्रशासन का दम फूल रहा है। उसने ऊपर जाने वाले वाहनों को काफी दूर पहले मैदानी हिस्सों में ही रोकना शुरू कर दिया है। पर इससे पर्यटकों की परेशानियां कम नहीं हो पा रहीं।

हिमाचल और उत्तराखंड में सड़क मार्ग ही पहुंचने का मुख्य जरिया है। शिमला को छोड़ दें, तो वहां न तो रेल मार्ग है और न कारगर हवाई मार्ग, इसलिए भी लोग अपने वाहन का उपयोग करना बेहतर समझते हैं। प्रशासन इन कठिनाइयों से अनजान नहीं है। अगर वह पहले ही सतर्क रहता और आने वाले सैलानियों की संख्या का अधिकतम अनुमान लगा लेता, उस हिसाब से एहतियाती उपायों पर मुस्तैदी बरतता, तो यह समस्या न आने पाती। अगर बाहर से आने वाले वाहनों के लिए कुछ-कुछ दूरी पर ठहराव बनाए जाते और वहां से स्थानीय परिवहन की समुचित व्यवस्था कर दी जाती, तो परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाया जा सकता था। मगर प्रशासन की फितरत है कि वह तब तक हाथ पर हाथ धरे बैठा रहता है, जब तक कि समस्या गंभीर नहीं हो जाती।

कल्पमेधा

नरक में सबसे खराब जगह उन लोगों के लिए सुरक्षित है जो नैतिक संकट के दौर में तटस्थ रहते हैं।
-दांते

सूखे का मंडराता खतरा

सुविज्ञा जैन

उत्तर प्रदेश-मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र और महाराष्ट्र, गुजरात के कई जिलों में हाहाकार मचा है। जबकि पिछले मानसून की समाप्ति के दिन दावा किया गया था कि देश में बारिश सामान्य हुई है। सरकारी दावा यह भी था कि पिछली बारिश के पानी को हमने बांधों में पर्याप्त मात्रा में जमा करके रख लिया है। फिर भी आधा देश सूखे की चपेट में आ गया।

देश पर सूखे का साया मंडरा रहा है। यह आशंका सिर्फ इस वजह से नहीं है कि मानसून देर से आया या अल नीनो के असर से पानी कम गिरने का अंदेशा है, बल्कि पिछले साल का कटु अनुभव हमारे सामने है। पिछला मानसून सामान्य रहने के बाद भी इस साल देश का लगभग आधा हिस्सा सूखे की चपेट में है। आखिर ऐसा क्योंकर हुआ? सरकारी जवाब में इसका कारण आसमानी बताया जाता है। लेकिन पड़ताल की जाए तो पता चलेगा कि मसला कुछ और है। इसे प्रबंधन प्रौद्योगिकी के नजरिए से बेहतर समझ सकते हैं। कुदरत पूरी दुनिया की जमीन पर जितना पानी बरसाती है उसका चार फीसद भारत को देती है। जबकि भारत का क्षेत्रफल दुनिया की पूरी जमीन का सिर्फ ढाई फीसद है। यानी कुदरत बाकी दुनिया की तुलना में हमें कोई पौने दो गुना ज्यादा पानी देती है। इस लिहाज से हम जल संपन्न हैं। लेकिन भारत की आबादी दुनिया की कुल आबादी की सत्रह फीसद है। इसीलिए बाकी दुनिया की तुलना में प्रकृति से प्रतिव्यक्ति पानी की उपलब्धता एक चौथाई रहने लगी है। लेकिन इतना पानी भी कोई कम नहीं है। दूसरे कई देश बहुत ज्यादा जल विपन्न हैं। पर उनका जल प्रबंधन पुख्ता है। इसीलिए वे लगातार दो-तीन साल तक कम बारिश के बावजूद सूखे या अकाल से बचे रहते हैं। दरअसल, उन्होंने जल भंडारण के लिए प्रचुर बांध और जलाशय बना लिए हैं।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक सदियों से हमें औसतन चार हजार अरब घनमीटर पानी हर साल बारिश से मिलता है। इस समय हमारी आबादी एक सौ छत्तीस करोड़ है। यानी भारत में वर्षा से प्रति व्यक्ति सालाना करीब तीन हजार घनमीटर पानी अभी भी मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय पैमाने के मुताबिक सालाना प्रतिव्यक्ति दो हजार घनमीटर पानी की जरूरत होती है। इस लिहाज से तो हम प्रकृति से आज भी डेढ़ गुना ज्यादा पानी पा रहे हैं। इसलिए सवाल उठता है कि फिर भी जल संकट क्यों है? सरकारी विशेषज्ञ बताते हैं कि जो पानी हमें वर्षा के रूप में मिलता है वह पूरा का पूरा हम इस्तेमाल नहीं कर सकते। इसका कारण देश की भू-आकृति है। और फिर हिसाब लगा कर बताया जाता है कि चार हजार अरब घनमीटर पानी में से हम सिर्फ ग्यारह सौ अरब घनमीटर पानी इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सरकारी आंकड़ा सनसनीखेज है।

देश में इस्तेमाल हो सकने लायक पानी की यह मात्रा देश में प्रतिव्यक्ति पानी की जरूरत से कमोबेश आधी ही है। सरकारी विशेषज्ञों का दावा है कि देश में सतही जल सिर्फ छह सौ चौरासी अरब घनमीटर और भूजल चार सौ तेईस अरब घनमीटर उपलब्ध है। इन्हीं दोनों मदों को जोड़ कर कुल उपलब्ध पानी का आंकड़ा 1107 अरब घनमीटर का निकला है। दो हजार घनमीटर प्रतिव्यक्ति के हिसाब से हमें एक सौ छत्तीस करोड़ लोगों के लिए इस समय 2720 अरब घनमीटर पानी चाहिए। जबकि देश में इस्तेमाल के लिए उपलब्ध पानी की मात्रा 1107 अरब घनमीटर बताई जा रही है। यह न्यूनतम जरूरत से आधी से भी कम है। इससे भी सनसनीखेज तथ्य यह है कि इस 1107 अरब घनमीटर उपलब्ध पानी को भी पूरा का पूरा इस्तेमाल करने का इंतजाम इस समय देश के पास नहीं है।

अब रही सूखे की समस्या से निपटने की बात। दरअसल, सूखे और बाढ़ को हमने प्राकृतिक आपदा मान रखा है। इसके लिए आपदा प्रबंधन का एक अलग से अकादमिक विषय भी बन गया है। लेकिन इस मामले में अनुभव यही है कि दोनों आपदाओं के लिए हमारे पास राहत के काम के अलावा करने को ज्यादा कुछ है नहीं। आगे वाकई कुछ करना हो तो सूखे के बारे में अब तक के ज्ञान को दोहराना जरूरी है। सूखे के मुख्य चार प्रकार हैं। मिटीरियोलॉजिकल यानी मौसमी सूखा, हाइड्रोलॉजिकल यानी जलविज्ञानी सूखा, एग्रीकल्चरल यानी कृषि सूखा और सोशियो-इकोनॉमिक यानी सामाजिक-आर्थिक सूखा। मौसमी सूखे के मायने ये हैं कि जब बारिश औसत से पच्चीस फीसद या उससे कम हो। इसके भी दो प्रकार हैं। एक, जब पच्चीस से पचास फीसद तक कम हो और दूसरा, जब पचास फीसद से भी कम हो जिसे भयावह आपदा कहा जाता है।

इस बार के बारिश के अनुमानों में भयावह हालात का अंदेशा तो अभी नहीं जताया गया है लेकिन सरकारी और गैर-सरकारी एजंसियों ने ऐसे अंदेशे को खारिज भी नहीं किया है। लेकिन यह अनुभव हमारे पास है कि अगर इस बार मौसमी सूखा नहीं भी पड़ा तो दूसरे प्रकार का सूखा यानी जलविज्ञानी सूखा पड़ने का अंदेशा जरूर है। यह सूखा उस हालत में भी पड़ता है जब मौसमी बारिश तो सामान्य हुई हो, लेकिन बारिश के पानी को हम आगे के लिए जमा करके न रख पाए हों। इस बार यही आशंका सबसे ज्यादा है। यह आशंका इस आधार पर है कि पिछले कुछ साल से बार-बार सूखे के हालात बनने लगे हैं। गौरतलब है कि बारिश के लिहाज से छत्तीस उपखंडों में बांटे गए देश में एक जैसी बारिश नहीं होती। हर साल बहुत से उपखंड सूखे की चपेट में आ जाते हैं। जबकि देश में औसत बारिश का आंकड़ा सामान्य दिखता है।

कृषि सूखा वह परिस्थिति होती है जिसमें अगर मौसमी और जलविज्ञानी सूखा न भी पड़े तब भी कृषि सूखा पड़ता है, खासतौर पर तब जब हमने बरसाती पानी का भंडारण पर्याप्त मात्रा में करके न रखा हो। हम इसी दशा के शिकार हैं। हाल का उदाहरण देखें तो इस साल पिछले महीने तक देश के बांध लगभग रीत गए थे। उत्तर प्रदेश-मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र और महाराष्ट्र, गुजरात के कई जिलों में हाहाकार मचा है। जबकि पिछले मानसून की समाप्ति के दिन दावा किया गया था कि देश में बारिश सामान्य हुई है। सरकारी दावा यह भी था कि पिछली बारिश के पानी को हमने बांधों में पर्याप्त मात्रा में जमा करके रख लिया है। फिर भी आधा देश सूखे की चपेट में आ गया। इससे साबित होता है कि मौसमी और जलविज्ञानी सूखा नहीं पड़ने के बावजूद कृषि सूखे के हालात बन गए। पेशेवर भाषा में इसे प्रबंधन की नाकामी कहते हैं।

सामाजिक-आर्थिक सूखा वह विकट स्थिति होती है जब पानी उपलब्ध भी हो, लेकिन खेतों तक न पहुंचाया जा सके। गौरतलब है कि इस समय देश की कुल खेती की जमीन में आधी जमीन पर सिंचाई की सुविधा नहीं है। वर्षा आधारित खेती वाले किसान बहुत कुछ बारिश पर निर्भर होते हैं और भारी खर्चा करके जमीन के भीतर का पानी उलीचते हैं। सबको पता है कि सतही जल का प्रबंधन न होने के कारण भूजल स्तर गिरने की क्या हालत होती जा रही है। ये ज्यादातर किसान छोटी-छोटी जोत वाले हैं। वे अपने गुजारे लायक आमदनी भी मुश्किल से कर पा रहे हैं। मौसम की जरा सी ऊंच-नीच को हम सूखा भले न कहें, लेकिन गैर-सिंचित खेती करने वाले किसानों के लिए तो वह जीवन-मरण का सवाल होता है। कर्जा ले-लेकर निजी तौर पर पानी का इंतजाम करने वाले इन किसानों के पास खेती से या जीवन से पलायन करने के अलावा कोई और विकल्प बचा नहीं दिख रहा है।

हमारा जल प्रबंधन कच्चा है। हम बारिश का बहुत ही कम पानी बांधों में रोक कर रख पा रहे हैं। हालांकि इस मजबूरी के लिए कोई खर्च का तर्क दे सकता है। लेकिन पिछले सत्तर साल में बढ़ते-बढ़ते हम दो सौ लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बन गए हैं। लिहाजा, जल प्रबंधन पर खर्च का भी तर्क कच्चा है। जिस तरह से आजादी के बाद के तीन दशकों में जल प्रबंधन का काम हुआ था वैसा काम फिर से शुरू करने के अलावा कोई तरीका फिलहाल तो किसी के पास नहीं दिखता।

आदतों का कचरा

संतोष उत्सुक

दुनिया मेरे आगे

कुदरत की हर रचना खूबसूरत है। इसका काफी कुछ खुद बिगाड़ने के बाद भी हम लगातार इसकी अनदेखी किए जा रहे हैं। अपनी लापरवाही, स्वार्थ और विकास के साथ बढ़ती दोस्ती के कारण उतना ध्यान नहीं देते कि प्रकृति के आंगन में बढ़ती गंदगी साफ होती रहे। किसी से भी प्रेरणा लेना अब हमें नहीं भाता। पॉलीथिन और प्लास्टिक का प्रयोग कानूनन बंद है। व्यक्तिगत, राजनीतिक, सामाजिक संस्थाओं, जुलूसों, बैठकों और सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का फर्क पड़ा है, लेकिन अगर गाड़ी और पद से उतर कर सचमुच पैदल चल कर संजीदा दिमाग और वाकई खुली आंखों से देखा जाए तो तस्वीर उजली नहीं है। सामने के अनेक डरावने चित्र खींचे जा सकते हैं।

पिछले दिनों पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में जाना हुआ। हरे और नीले बॉक्स लगे हुए पुराने लेटर-बाक्स की याद दिलाते हैं। मगर जैसे अब हम पत्र लिखना पसंद नहीं करते, उसी तरह इन डिब्बों में अभी भी कूड़ा-कचरा डालना पसंद नहीं करते। लोग यहां-वहां कूड़ा-कचरा फेंकते दिखते हैं। नालियों में कचरा फंसा है और उसमें पानी की कमी के कारण बदबू फैलती रहती है। पर्यटक अभी भी बीयर, पानी, कोल्ड ड्रिंक की बोतल, नैपकिन और फल वगैरह चलती कार से बाहर फेंकते दिखे। कूड़ा निष्पादन के बारे में अज्ञान तो नहीं है, घोर लापरवाही है। कहीं दुकान के बाहर गत्ते का डिब्बा रखा है, पॉलीथिन कोने में पड़े हैं। उखड़ी हुई सड़कों के आसपास टूटे पत्थर, मिट्टी के ढेर, लकड़ी के टुकड़े, बोतलें, उड़ते पॉलीथिन पेड़ों पर लटके, यहां-वहां पड़े हैं। एक जगह पर दो दिन लगातार देखा कि कचरा पेटी में आग लगा कर निबटाया जा रहा है। अनेक डंपरों के पास भी कबाड़ फैला हुआ है। कितनी जगह देखा कि नीले और हरे बॉक्स नए और साफ-सुथरे खड़े हैं। इनमें कचरा डालेंगे तो ये गंदे हो जाएंगे, शायद समझदार नागरिक ऐसा नहीं करना चाहते।

ऐसा लगता है कि हमें अपनी बिगड़ी हुई सांस्कृतिक आदतों से प्यार है। पॉलीथिन और प्लास्टिक से लगाव का कारण समझना मुश्किल है। कहीं चाय के लिए रुकें तो ढाबे और रेस्टोरेंट वाले अपना सब तरह का कूड़ा अपने ही आस-पड़ोस में या बहती नदी पर बने पुल के पास फेंक रहे हैं। बेचारी नदी की जिम्मेदारी तो कब से इसे अपने साथ बहा ले जाने की मान ली गई है। पत्थरों के बीच बहते पानी में पॉली लिफाफों में भरा घरेलू कचरा, लकड़ी के टुकड़े, कपड़े, पॉलीथिन, प्लास्टिक और लोहा, यहां तक कि पुराने टीवी के कैबिनेट तक फंसे हैं। कई बाजारों में घुसते ही नाक दबानी पड़ती है। इतनी बदबू है कि मन करता है कि वहां जाकर प्रशासन से सवाल करना चाहिए।

कूड़े-कचरे और कबाड़ को हटाने के लिए महज आश्वासन नहीं, इंसानी प्रयास और दृढ़ इच्छा शक्ति चाहिए। लेकिन इस मसले पर अभी तक हमारे दिमाग में कचरा भरा हुआ है। कितनी बार शैलेंद्र का लिखा गीत जुबान पर आता है- 'दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई... काहे को दुनिया बनाई'। फेसबुक पर यह लिख भर देने से क्या हम सचमुच समस्या का सामना कर लेते हैं? मीडिया में कितनी बार फोटो के साथ खबरें छपती हैं, मगर प्रशासन की दूसरी प्राथमिकताएं रहती हैं। ऐसे में अनगिनत जगह लिखे क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के विज्ञापन महज पैसा कमाने का पर्याय लगते हैं।

अधिकतर बाजारों, गलियों, किनारों, कोनों, नालों और नालियों में गंदगी और उसकी सड़ांध पसरी हुई हैं। पुरानी और नई इमारत का कबाड़ रिहाइशी क्षेत्र से बाहर फेंक दिया जाता है। वहीं कहीं यह बोर्ड भी लगा होता है कि 'यहां कूड़ा-कचरा फेंकने पर जुर्माना लगाया जाएगा।' लेकिन जुर्माना कौन करेगा और किस पर? प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पर बड़े ओहदेदार मंत्री और संतरी स्वार्थ साधने, पूजापाठ कराने आते हैं। लेकिन उनके पास सामाजिक कामों के लिए वक्त नहीं रहता। हरिद्वार जैसे प्रसिद्ध तीर्थ पर देखा गया कि लोग 'हर की पैड़ी' के पास नहा कर बच्चों के डायपर तक वहीं फेंक जाते हैं। कुछ कदम पीछे ही पुल के नीचे पानी में फैली गाद, प्लास्टिक बोतलें, पुरानी मूर्तियां, पुराने कपड़े और कचरा गंगा का हिस्सा है। पार्किंग स्थल पर भी पानी की तरह फैला है कूड़ा। प्रसिद्ध तीर्थ पेहवा का हाल भी अलग नहीं है। यहां पुलों के नीचे कचरा शान से पसरा हुआ है।

क्या यह सब हमारी बिगड़ी हुई आदतों का कचरा नहीं है जो हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हो चुका है? कबाड़ हटाने की आदत उगाने के लिए एक सख्त अनुशासन लागू करना ही होगा। हमारे यहां राजनीति चाहे तो कुछ भी करवा सकती है। क्षेत्र के प्रभावोत्पादक व्यक्ति, कर्मठ अध्यापक और अधिकारी, संजीदा पंचायत सदस्य और मेहनती निस्वार्थी पार्षद अगर यह जिम्मेदारी संभाल कर नागरिकों को कूड़ा-कचरा सही तरीके से ठिकाने लगाने का अच्छी तरह अभ्यास करवा दें तो पुराना मुहावरा 'करत-करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान' फिर करामात दिखा सकता है।

रोजगार की खातिर

हालिया आम चुनाव में राजनीतिक दलों ने बेरोजगारी को प्रमुखता से मुद्दा बनाया था। जिस तरह बेरोजगारी के आंकड़े सामने आ रहे हैं, वे वास्तव में चिंताजनक हैं। केंद्र सरकार ने सातवें आर्थिक सर्वेक्षण की तैयारी लगभग पूरी कर ली है और इसके लिए देशभर में प्रशिक्षण का काम जारी है। ऐसा अनुमान है कि अगले छह माह में देश में समग्र आर्थिक सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया जाएगा। दरअसल, केंद्र सरकार ने इस सर्वेक्षण में रोजगार के आंकड़े जुटाने का खास निर्णय लिया है। चाय-पानी की रेहड़ी से लेकर पटरी पर बैठने वालों तक को इस सर्वेक्षण के दायरे में लाने का निर्णय लिया गया है। इसमें करीब सत्ताईस करोड़ परिवारों को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही सात करोड़ स्थापित लोगों को भी इस दायरे में लाने का फैसला किया गया है। यह भी तय किया गया है कि सरकार अब इस तरह के सर्वेक्षण हर तीसरे साल कराएगी।

रोजगार के मामले में चाहे किसी भी दल की सरकार हो, विपक्ष के निशाने पर रही है। तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों और हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में बेरोजगारी का मुद्दा प्रमुखता से उठा और बेरोजगारों को भत्ता देने सहित 21 लाख पद खाली होने के बावजूद नहीं भरे जाने और जीएसटी, नोटबंदी के कारण रोजगार के अवसर घटने को लेकर काफी विवाद रहा। सभी दलों ने अपने-अपने घोषणापत्रों में बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। वास्तव में बेरोजगारी भत्ता इसका कोई समाधान नहीं हो सकता, लेकिन रोजगार के अवसर पैदा करना सरकार का दायित्व भी होता है। दरअसल, सरकार आर्थिक सर्वेक्षण के माध्यम से स्पष्ट व सही आंकड़े प्राप्त करना चाहती है। आर्थिक सर्वेक्षण में सही आंकड़ा आना जरूरी है, क्योंकि इसी के आधार पर सरकार सामाजिक व आर्थिक विकास का रोडमैप तैयार करेगी।

जब सरकार के सामने वास्तविक आंकड़े होंगे तो लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन आदि सुविधाओं के विस्तार में सहायता मिल सकेगी। माना जाना चाहिए कि सर्वेक्षण के आंकड़े आते ही सरकारी स्तर पर विश्लेषण से लेकर उसके आधार पर आर्थिक विकास की व्यावहारिक योजनाओं पर अमल करना होगा ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो और देश के प्रत्येक नागरिक को सम्मानजनक जीवन यापन करने के साधन उपलब्ध हो सकें।

● *दुर्गेश शर्मा, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश*

आखिर सजा

कठुआ बलात्कार कांड में पठानकोट की विशेष अदालत ने तीन को उम्र कैद और तीन पुलिसकर्मियों को पांच साल की सजा सुनाई है। वैसे वे सब मौत की सजा के हकदार कहे जा रहे थे। इसे अभी पूर्ण न्याय नहीं कहा जा सकता जब तक देश की अंतिम अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट से इसकी पुष्टि नहीं हो जाती। वैसे तो देश में रोज ही बलात्कार की घटनाएं होतीं हैं मगर इस मामले में पहली बार एक वर्ग विशेष के लोग खुलकर हिंदू-मुसलमान का खेल खेलने लगे। पवित्र तिरंगे को इस वीभत्स अपराध के समर्थन में लहराया गया। इतना ही नहीं, जिन्हें न्याय के रखवाले कहा जाता है उनकी कौंसिल के लोगों द्वारा अदालत के भीतर बवाल मचाते हुए आरोप पत्र दाखिल होने से रोका गया। आखिर न्याय की राह में रोड़े अटकाने वालों को कब कठघरे में खड़ा किया जाएगा?

● *जंग बहादुर सिंह, गोलपहाड़ी, जमशेदपुर*

नशे से नाश

देश के विकास में युवा वर्ग का सबसे बड़ा योगदान होता है। स्वस्थ और तंदरुस्त युवा देश को विकास को रफ्तार दे सकते हैं लेकिन अफसोस की बात है कि आज भारत के कुछ युवा नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी को नरक बना रहे हैं। नशा, नाश का दूसरा नाम है। जिसने भी नशे का दामन एक बार पकड़ लिया उसे नशा मौत के मुंह तक तो ले ही जाता है, साथ ही उसके घर- ारिवार का भी कई बार नाश कर देता है। नशा इंसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इंसान अपने परिवार के सदस्यों, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़-प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरे सपने संजोते हैं लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होकर अपनी जिंदगी बर्बाद करने लगता है तो मां-बाप के सपने उसी समय चकनाचूर हो जाते हैं।

नशे के कारण कितने ही घर बर्बाद हो गए और बहुत से नौजवान जवानी में ही कई बीमारियों के शिकार होकर मौत के मुंह में चले गए। जो लोग नशे के चंगुल में फंस चुके हैं या फंसने जा रहे हैं उन्हें एक बात याद रखनी चाहिए कि नशा नाश का दूसरा नाम है।

● *राजेश कुमार चौहान, जालंधर*

संचार को रफ्तार

दूरसंचार मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हमारा पहला लक्ष्य 100 दिन के भीतर देश में 5 जी का परीक्षण शुरू करना है और अगले साल से इस सेवा को सक्रिय करना है। 5 जी मोबाइल फोन वायरलेस सेवा की पांचवीं पीढ़ी है। पिछली पीढ़ी की तुलना में इसकी रफ्तार काफी अच्छी होगी। यह 2 जी, 3 जी और 4 जी की पूरक होगी। 5 जी टेक्नोलॉजी से इंटरनेट के उपयोगकर्ताओं को बेहतर कवरेज, डेटा की उच्च सघनता मिलेगी और मोबाइल उपकरणों की बैटरी भी कम खर्च होगी। मोबाइल तकनीककी पहली पीढ़ी यानी 1जी एनालॉग सेवा थी, जिसे सेल्यूलर फोन के माध्यम से उपलब्ध कराया गया था। दूसरी पीढ़ी यानी 2जी; डिजिटल तकनीक पर आधारित सेवा थी, जिसकी स्पैक्ट्रम क्षमता, सुरक्षा और लिखित संदेश सेवा काफी बेहतर थी। 3 जी तकनीक का लक्ष्य संचार सेवाओं को तेज गति और सुरक्षा प्रदान करना था। इसके बाद आई 4 जी तकनीक आईपी यानी इंटरनेट प्रोटोकॉल सुविधा से लैस है और इसकी औसत संचार गति एक जीबीपीएस है।

5 जी मोबाइल संचार तकनीक इससे भी विकसित और तीव्र गति वाली है। यह देश में डिजिटल क्रांति में अहम भूमिका निभाएगी, जिससे भारत के सामाजिक परिवर्तन का लक्ष्य तेजी से हासिल किया जा सकेगा।

● *मनीष कुमार, पटना*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

खेल कार्यक्रम

भारत बनाम न्यूजीलैंड (विश्व कप)	13 जून
अमेरिकी ओपन (गोल्फ)	13 जून
विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप	13-16 जून
कोपा अमेरिका (फुटबॉल)	14 जून से
भारत बनाम पाकिस्तान (विश्व कप)	**16 जून**

जन्मदिन

दीपिका कुमारी	13 जून
मनिका बत्रा	**15 जून**
लिएंडर पेस	17 जून
सतीश शिवलिंगम	23 जून
सुधा सिंह	25 जून

क्रिकेट में तकनीकी क्रांति

संदीप भूषण

नई खोज

खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार के लिए रोजाना किसी न किसी नई तकनीक को हिस्सा बनाया जा रहा है। बात चाहे फुटबॉल की हो या गोल्फ की, सभी में सटीक परिणाम के साथ खिलाड़ियों के खेल को उच्च स्तरीय बनाने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। क्रिकेट भी इससे अछूता नहीं है। 2017 में इंग्लैंड की धरती पर खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान क्रिकेट में अब तक की सबसे उच्च तकनीक इस्तेमाल की गई। इसी साल आइसीसी ने भी कई नई तकनीकों के इस्तेमाल की अनुमति दी थी। इसमें ड्रोन के सहारे पिच का निरीक्षण से लेकर बल्लेबाज के बैट पर सेंसर का उपयोग तक शामिल है। इन नए उपकरणों ने बल्लेबाजों के साथ अंपायर और प्रशिक्षकों की भी मदद की।

बल्ले पर सेंसर लगाने की तकनीक के सहारे बल्लेबाज अपनी गलतियों के साथ नए गेंदबाज की तरकीबों को भी समझ सकता है। इस सेंसर की मदद से बैकलिफ्ट के कोण से लेकर गेंद पर प्रहार के समय बल्ले की अधिकतम गति तक, सबकी जानकारी क्लाउड के जरिए एक ऐप में संग्रहित हो जाती है। इसके बाद कोच और बल्लेबाज वीडियो समीक्षा के जरिए अपनी गलतियों में सुधार कर सकते हैं।

क्रिकेट में नई तकनीकी खोज के लिए आइसीसी के साथ काम कर रही कंपनी इंटेल ने इस उपकरण को तैयार किया है। कंपनी के मुताबिक इस सेंसर के जरिए बल्ले के हर मूवमेंट को रिकॉर्ड किया जा सकता है। साथ ही इसकी मदद से टीवी पर मैच देख रहे दर्शकों के पास काफी विस्तृत रिपोर्ट पहुंचाई जा सकती है।

कंपनी के मुताबिक सेंसर से बल्ले के किसी भी कोण का आकलन आसानी से किया जा सकता है। साथ ही गेंदबाज की गेंद के कोण और स्विंग का भी पता लगाया जा सकता है। मसलन, जब कोई बल्लेबाज किसी गेंद को हिट करता है और वह गेंद 90 मीटर की दूरी तय कर छक्के के लिए जाती है। इस दौरान सेंसर से यह आंकड़ा मिल सकता है कि गेंदबाज की गेंद की गति और स्विंग के बाद बल्लेबाज ने किसी रफ्तार से बल्ला घुमाया और किस कोण से लगने के बाद गेंद उतनी दूरी तय कर सकी।

आइसीसी के ब्लॉग में कमेंटेटर और पूर्व क्रिकेटर नासेर हुसैन ने कहा कि इस तकनीक से काफी फायदा मिल रहा है। उन्होंने माना कि बगैर सेंसर के उनके द्वारा की गई समीक्षा और सेंसर लगने के बाद की समीक्षा में काफी अंतर है।

उन्होने कहा कि जो डाटा उन्हें सेंसर से मिलता है उसे वह आंखों से नहीं पढ़ सकते। उन्होंने कहा कि अभी इस तकनीक का इस्तेमाल उस स्तर पर नहीं किया जा रहा है जिस पर होना चाहिए लेकिन, मुझे विश्वास है कि जल्द ही इसे अपनाया जाएगा। यह कमेंट्री के दौरान समीक्षा में भी काफी मदद पहुंचाएगा। सेंसर तकनीक का इस्तेमाल आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर विश्व कप में कर रहे हैं।

25 ग्राम का है सेंसर

10 हजार रुपए है कीमत

क्या है खासियत

- बल्ले पर लगे सेंसर से बल्ले की टाइमिंग का आकलन किया जा सकता है।
- इससे यह पता लगाया जा सकता है कि हेलिकॉप्टर शॉट लगाते समय धोनी के बल्ले की गति क्या रही होगी।
- इससे विराट कोहली के तेज गेंदबाज और स्पिनर को खेलने की तकनीक का पता लगाया जा सकता है।
- इससे जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाजों को खेलने का तरीका निकाला जा सकता है।

ड्रोन से मैदान का जायजा

ड्रोन लगे कैमरे का इस्तेमाल पिच की जानकारी जुटाने में होता है। इसकी मदद से मैदान का आउटफील्ड, पिच पर घास, घास की स्थिति और उस पर मौजूद आद्रता के बारे में पता लगाया जाता है। पहले भी प्रशिक्षक, कमेंटेटर और टीम के कप्तान मैच से ठीक पहले पिच का आकलन करते थे। लेकिन इससे वे सिर्फ कुछ समय के लिए पिच के बारे में जान सकते थे। ड्रोन कैमरा की मदद से अब खेल के बीच में भी पिच को काफी करीब से देखा जा सकता है और आकलन किया जा सकता है। इस तकनीक की शुरुआत भी आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में हुई।

हॉट स्पॉट

इस तकनीक की मदद से अंपायर यह आसानी से देख सकते हैं कि गेंद बल्ले को छू कर विकेटकीपर के दस्तानों में गई है या नहीं। यह सबसे ज्यादा मददगार तब होती है जब तीसरे अंपायर को एलबीडब्लू का फैसला करना होता है। कभी कभार ऐसा होता है कि गेंद बल्ले को छूने के माइक्रो सेकंड बाद पैड से टकराती है लेकिन मैदानी अंपायर को यह आउट लगाता है। इस स्थिति में हॉट स्पॉट काफी मददगार होता है। इस तकनीक में जब गेंद बल्ले से टकराती है तो कुछ गर्मी पैदा करती है और उसी गर्मी को इंफ्रारेड कैमरे के सहारे देख कर फैसला किया जाता है।

स्पाइडर कैम

स्पाइडर कैम का इस्तेमाल क्रिकेट के अलावा भी कई खेलों में किया जा रहा है। स्पाइडर कैम को कई तारों के सहारे मैदान में टांगा जाता है। इससे मैदान में हो रही गतिविधियों को कई एंगल से देखा जा सकता है। इसके आने से टीवी पर मैच देख रहे लोगों को एक ही शॉट को कई एंगल से देखने का मौका मिल रहा है।

अब नहीं दिखेगा युवराज का जलवा

आत्माराम भाटी

संन्यास

भारतीय टीम को दूसरी बार विश्व कप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज सिंह अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नहीं दिखेंगे। उन्होंने 10 जून (सोमवार) को यह फैसला कर सबको चौंका दिया। मजबूत इच्छाशक्ति व बुलंद इरादों से क्रिकेट की दुनिया में पैठ जमाने वाले युवराज को कई महत्त्वपूर्ण पारियों के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने भारत को 2007 में टी-20 विश्व कप का खिताब दिलाने में भी अहम किरदार निभाया था। वे इन दोनों ही विश्व कप में मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे।

युवराज 2000 में भारतीय टीम का हिस्सा बने। इसके बाद उन्होंने कई विपक्षी गेंदबाजों को अपने सामने घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। जब युवी टीम में शामिल किए गए थे तब उनकी उम्र 19 साल थी। ठीक 19 साल बाद ही उन्होंने क्रिकेट को अलविदा भी कह दिया।

परिवार के साथ युवराज सिंह। (फाइल)

युवी के लिए 2011 के बाद का समय काफी प्रतिकूल रहा।

विश्व कप 2011 मैच के दौरान ही पिच पर युवराज को खून की उल्टियां होने लगीं। मैच के दौरान इस घटना से सभी स्तब्ध थे। हालांकि उन्होंने हार नहीं मानी और पूरा मैच खेला। बाद में जांच में पता चला कि उन्हें कैंसर है। इस खबर के बाद मीडिया में यह बातें कही जाने लगी कि उनका मैदान पर उतरना लगभग नामुमकिन है। युवराज ने अपने मजबूत इरादों की बदौलत कैंसर को हराकर मैदान पर वापसी की।

यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होनी चाहिए कि क्रिकेट प्रेमियों में युवराज की बल्लेबाजी के प्रति अलग ही आकर्षण था। जब वे मैदान पर उतरते तो हर क्रिकेट प्रेमी को इनसे यही उम्मीद रहती की अब हमें धूम-धड़ाके वाली बल्लेबाजी देखने को मिलेगी। युवराज की 2007 टी-20 विश्व कप में खेली गई पारी को नहीं भुलाया जा सकता है। इंग्लैंड के गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर की सभी छह गेंदों को छक्के के रूप में मैदान के बाहर पहुंचाकर वे हीरो बन गए। इस मैच में युवराज ने 12 गेंद में अर्धशतक पूरा किया था।

युवराज की बल्लेबाजी का जलवा 2002 में नेटवेस्ट सीरीज के फाइनल में ठीक उसी तरह दिखा जिस तरह 1983 में जिंबाब्वे के खिलाफ कपिल देव की खेली गई 175 रन की पारी का था।

'अब क्रिकेट तकनीक पर नहीं, परिणाम पर केंद्रित'

मनोज जोशी

बातचीत

19 83 का विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज सैयद किरमानी का कहना है कि आज के क्रिकेट में तकनीक हाशिये पर जा रही है जबकि पूरा ध्यान परिणाम पर केंद्रित होने लगा है। उनका कहना है कि यह बात उन्हें कई बार बहुत कचोटती है। ऐसा विकेटकीपिंग के साथ ही नहीं, बल्कि बल्लेबाजी के साथ भी देखने को मिल रहा है।

किरमानी का कहना है कि इस सबके लिए जिम्मेदार आज का प्रशिक्षण है। प्रशिक्षक सिर्फ परिणाम पर केंद्रित रहते हैं। हमारे समय में अच्छी तकनीक से खेलने वाले को क्रिकेट प्रेमी खूब सराहते थे। तकनीक का कुछ मतलब होता था लेकिन आज के कोचों के लिए ये सब बेकार की चीजें हैं। धोनी के बारे में उनका कहना है कि वे बहुत अनुभवी हैं और अच्छी बात यह है कि वे परिणाम दे रहे हैं। इसी का आज महत्त्व है। उन्होंने वास्तव में विकेट के पीछे कुछ बेहतरीन कैच लपके हैं और बढ़िया स्टम्पिंग की है। वे आज के खिलाड़ियों के रोल मॉडल हैं। उन्होंने अच्छे परिणाम देने वाले खिलाड़ियों के लिए एक उदाहरण पेश किया है। इसके अलावा वे दिनेश कार्तिक को भी बढ़िया विकेटकीपर बल्लेबाज मानते हैं।

किरमानी कहते हैं कि यह हमारी खुशकिस्मती है कि हमारे पास दो विकेटकीपर टीम में हैं। वैसे इंग्लैंड के पास भी दो विकेटकीपर हैं। बटलर छोटे प्रारूप के अच्छे कीपर हैं जबकि बेयरस्टो टैस्ट क्रिकेट में बढ़िया कीपिंग करते हैं और जरूरत पड़ने पर वे छोटे प्रारूप में भी कीपिंग कर लेते हैं। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक ने भी मुझे काफी प्रभावित किया है। बाकी ऑस्ट्रेलिया के कैरी और पाकिस्तान के सरफराज के लिए मैं यही कहूंगा कि वे बल्लेबाज विकेटकीपर हैं और अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को बड़ा योगदान देते हैं।

किरमानी कहते हैं कि वक्त के साथ काफी धारणाएं बदल जाती हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, उसकी सराहना की जानी चाहिए। चाहे वह कैसे भी खेले। यही एक ऐसी सोच है जो वक्त के साथ बदली है। किरमानी की निगाह में इस बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमें - भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के इस बार अच्छा प्रदर्शन न करने का अफसोस है। इसीलिए वे कहते हैं कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है लेकिन उन्होंने न्यूज़ीलैंड टीम की तारीफ की। उनका कहना है कि पिछले विश्व कप में यह टीम फाइनल में पहुंची थी और इस बार यह काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

वक्त के साथ काफी धारणाएं बदल जाती हैं। अगर कोई अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, उसकी सराहना की जानी चाहिए। चाहे वह कैसे भी खेले। यही एक ऐसी सोच है जो वक्त के साथ बदली है।

-सैयद किरमानी

लाल बजरी में राजा वही, लेकिन रानी नई

सुरेश कौशिक

विश्लेषण

बारह फाइनल और बारह ही खिताब - यह रेकार्ड किसी छोटी-मोटी प्रतियोगिता का नहीं, टेनिस ग्रैंडस्लैम का है। और जो शख्स यह कमाल कर रहा है, उसे क्या कहा जाएगा? बादशाह कहना इसके लिए उपयुक्त शब्द नहीं होगा। करिश्माई खिलाड़ी कहना ज्यादा उचित होगा। बार-बार खिताब जीतने वाले यह खिलाड़ी हैं स्पेन के राफेल नडाल। पेरिस की लाल बजरी वाली सतह पर इनकी श्रेष्ठता का अंदाजा इसी से लग जाता है कि उन्होंने फ्रेंच ओपन टेनिस में तीसरी बार खिताब की 'हैट्रिक' जमाई। यह प्रदर्शन अपने आप में ऐतिहासिक है। पुरुष या महिला टेनिस में ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं हुआ जिसने एक ही ग्रैंडस्लैम खिताब को 12 बार जीता हो। महिला वर्ग में आस्ट्रेलियाई ओपन के 11 खिताब जीतकर आस्ट्रेलिया की मारग्रेट कोर्ट ने कमाल किया था। लेकिन इस सफलता से राफा उनसे आगे निकल गए हैं। 2005 से 2008, 2010 से 2014 और 2017 से 2019 तक फ्रेंच ओपन चैंपियन बनकर राफेल नडाल ने फिलिप चेट्रियर कोर्ट पर अपने को बेजोड़ साबित किया है।

30 पार, फिर भी शक्ति अपार

टेनिस को 'पॉवर गेम' माना जाता है। हर साल नए युवा खिलाड़ियों की चुनौती से निपटना होता है। जब खिलाड़ी 30 के पार चला जाता है तो उसके रिफ्लेक्सेस धीमे पड़ने शुरू हो जाते हैं। लेकिन इस 'थ्योरी' को 33 साल के राफेल नडाल, 36 साल के रोजर फेडरर और 32 साल के जोकोविच ने झुठला दिया है। एक दशक से भी ज्यादा समय से ग्रैंडस्लैम की जंग इन्हीं तीनों के बीच चल रही है। इस दौरान खिलाड़ी उभरे भी पर उनकी सफलता का ग्राफ अटक कर रह गया।

हर दशक में दो-तीन की बादशाहत

इतिहास गवाह है कि टेनिस में हर दशक में बादशाहत की दौड़ दो-तीन खिलाड़ियों के बीच रही है। 1960 के दशक में आस्ट्रेलियाई चौकड़ी राड लेवर, केन रोजवैल, राय एमरसन और जान न्यूकांब, 70 के दशक में ब्योर्न बोर्ग, जान मैकनरो और जिमी कोनर्स, 80 के दशक में मैट्स विलेंडर, इवान लैंडल, स्टीफन एडबर्ग और 90 के दशक में पीट सम्प्रास, आंद्रे अगासी और जिम कोरिया का दबदबा रहा। बाद में फेडरर युग की शुरुआत हुई। राफेल नडाल के साथ उनकी प्रतिद्वंद्विता का दौर शुरू हुआ जो अभी जारी है। इस दौरान जोकोविच ने उनकी श्रेष्ठता को प्रबल चुनौती दी।

चार ग्रैंडस्लैम, चार सतहें

चार ग्रैंडस्लैम अलग-अलग सतह पर खेले जाते हैं। इसलिए ऐसी सतह पर अपने खेल को ढालने की चुनौती भी रहती है। अगर घसियाले कोर्ट पर फेडरर और जोकोविच का कोई सानी नहीं, तो ह्यलाल बजरीह्न के कोर्ट पर राफेल नडाल अजेय हैं। फ्रेंच ओपन टेनिस के सफल करिअर में 95 में से 93 जीतना और केवल दो में हारना यह दर्शाता है कि नडाल दूसरे खिलाड़ियों से अलग हैं। इस सतह पर उन्हें सर्वकालीन महान खिलाड़ियों की सूची में टाप पर रखा जा सकता है। लगातार दूसरे साल उन्हें फ्रेंच ओपन के खिताबी टकराव में विश्व के नंबर चार खिलाड़ी आस्ट्रिया के 25 वर्षीय डोमिनिक थीम से मिली। नडाल चार सेटों का मुकाबला 6-3, 5-7, 6-1, 6-1 से जीते। पूरी प्रतियोगिता में उन्होंने केवल दो सेट गंवाए। तीसरे राउंड के मुकाबले में स्विस खिलाड़ी डेविड गोफिन ने जबकि फाइनल में थीम उनसे एक सेट झटकने में सफल रहे।

दिग्गजों का दंगल

सेमीफाइनल में रोजर फेडरर और राफेल नडाल के बीच मुकाबले पर सभी की निगाहें थीं लेकिन नडाल की सीधे सेटों में एकतरफा जीत से निराशा हाथ लगी। विश्व नंबर वन जोकोविच का बढ़ाव सेमीफाइनल में थम गया। खराब मौसम के कारण थीम के साथ उनके सेमीफाइनल मुकाबले में कई बार व्यवधान पड़ा। लेकिन हवाई परिस्थितियों को अच्छी तरह ढालकर थीम ने बाजी को संघर्षमय बना दिया। दो दिन खिंचे मुकाबले में थीम के पक्ष में नतीजा रहा। लेकिन हार से बौखलाए जोकोविच चेअर अंपायर से ही उलझ गए। मुकाबला पांच सेटों तक चला।

ग्रैंडस्लैम की खिताबी दौड़

फ्रेंच ओपन नडाल का 18वां ग्रैंडस्लैम खिताब है। अब वे रोजर फेडरर के 20 खिताबों से सिर्फ दो पीछे रह गए हैं। जोकोविच के नाम 16 ग्रैंडस्लैम खिताब हैं। डोमिनिक थीम को छोड़कर ऐसा कोई खिलाड़ी भी नजर नहीं आया जो इन तीनों दिग्गजों को मजबूत चुनौती दे सके। नडाल ने तो फाइनल के बाद कह भी दिया कि डोमिनिक थीम के खेल में दम है। खूब मेहनती हैं और एक दिन ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने में सफल होंगे।

नई मल्लिका

भविष्य में धूम मचाने वाली एक स्टार का उदय महिला वर्ग में हुआ। आस्ट्रेलिया की ऐशले बाटी पहली ग्रैंडस्लैम सफलता के साथ फ्रेंच ओपन की नई क्वीन बनीं। फाइनल में उन्होंने चैक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा को आसानी से 6-1, 6-3 से हराया। यह सफलता उन्हें विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर ला खड़ा कर देगी। नंबर वन होना उनका अगला लक्ष्य होगा। इसी माह शुरू होने वाले विम्बलडन में वे अपने पसंदीदा ग्रास कोर्ट पर इतिहास रचने की कोशिश करेंगी। अगर वे ऐसा करने में सफल रहीं तो इवोन गुलागोंग काउले के बाद शिखर छूने वाली दूसरी आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनेंगी। 1976 में गुलागोंग नंबर वन बनी थीं पर सिर्फ दो सप्ताह के लिए।

खैर, 46 साल बाद फ्रेंच ओपन में मिली बाटी की यह सफलता आस्ट्रेलिया की महिला खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। टेनिस को अनोखा खेल बताने वाली बाटी वास्तव में प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। 2011 में वे जूनियर विम्बलडन विजेता थीं और विश्व की नंबर दो जूनियर खिलाड़ी भी। तीन साल बाद जाने क्या सूझा कि टेनिस से दूर हो गईं। क्रिकेट का नशा चढ़ गया और बिग बैश क्रिकेट लीग में हाथ दिखाने लगीं। लेकिन 2016 के शुरू में फिर टेनिस से जुड़ गईं।

बाटी ने सेमीफाइनल में अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 6-7, 6-3, 6-3 से हराया। 17 वर्षीया अमेरिकी खिलाड़ी ने इससे पहले पिछली विजेता सिमोना हालेप को हराकर सनसनी फैलाई थी। वोंद्रोसोवा ने दूसरे सेमीफाइनल में ब्रिटेन की जोहाना कोंटा को शिकस्त दी थी।

प्रतिबंधित संगठन से जुड़ा व्यक्ति गिरफ्तार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 जून।

राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) ने पाकिस्तान के प्रतिबंधित संगठन फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (एफआइएफ) से संबंधित मामले में दुबई से दिल्ली हवाईअड्डे पहुंचे एक व्यक्ति को बुधवार गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात के वलसाड जिले के रहने वाले 44 साल के आरिफ गुलाम बशीर धर्मपुरिया को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया।

> पूछताछ और गिरफ्तारी से बचने के लिए लंबे वक्त से यूएई के दुबई में छुपा हुआ था

यह व्यक्ति पूछताछ तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए लंबे वक्त से यूएई के दुबई में छुपा हुआ था। एनआइए ने उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था। वह दुबई से दिल्ली आया था।

भारत में अशांति फैलाने के लिए एफआइएफ द्वारा हवाला के जरिए भेजे पैसे प्राप्त करने के मामले में यह पांचवी गिरफ्तारी है। उसे एनआइए की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

कानून व्यवस्था से किसी तरह का समझौता नहीं : योगी

लखनऊ, 12 जून (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि शांति एवं कानून-व्यवस्था से किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। योगी ने कहा कि जिलों में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या पुलिस अधीक्षक कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए सीधे जिम्मेदार हैं।

उन्होंने कहा कि माफिया, गुंडों व अपराधियों के विरुद्ध कड़ी और प्रभावी कार्रवाई तत्परता के साथ की जाए। जघन्य अपराधों में दर्ज नामजद एफआइआर में तत्काल दबिश देकर गिरफ्तारी कराई जाए, जिससे जनमानस पर इसका असर पड़े।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, प्रमुख सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक, समस्त जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक के दौरान उक्त बातें कहीं।बैठक के बाद मुख्य सचिव अनूप चंद्र पांडेय ने बैठक में चर्चा किए गए विषयों और योगी के निर्देशों से संवाददाताओं को अवगत कराते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अधिकारियों को कानून-व्यवस्था एवं विकास कार्यों के कार्यान्वयन के संबंध में निर्देश दिए।'

● मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा, गुंडों-माफिया पर तुरंत हो कड़ी कार्रवाई

मुख्य सचिव ने बताया कि अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं सचिवों सहित वरिष्ठ अधिकारी 15 से 20 जून के बीच सभी जिलों में निरीक्षण करेंगे, जिला अस्पतालों और तहसीलों में जाएंगे। गांवों में जाकर भौतिक सत्यापन करेंगे और 20 जून तक रिपोर्ट हर हालत में मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि 45 अधिकारी अलग-अलग जिलों में जाएंगे। उनकी रिपोर्ट का विश्लेषण करने के बाद कौन सी योजनाओं का कार्यान्वयन कैसे चल रहा है, कहां दिक्कतें हैं, क्या-क्या लंबित है ... इसका विस्तृत विश्लेषण होगा।पांडेय ने बताया कि उसके बाद मुख्यमंत्री खुद सभी मंडलों में जाकर निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री ने गुरुवार चिकित्सा विभाग के सभी सीएमओ को बुलाया है। शुक्रवार शिक्षा विभाग में सभी बीएसए और डीआइओएस के साथ समीक्षा होगी। उसके बाद मंडलों का भ्रमण प्रारंभ होगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे जनता से बेहतर संवाद कायम करें। संवादहीनता या संवेदनहीनता की स्थिति ना आए। पांडेय के मुताबिक बैठक में बाराबंकी शराबकांड, महिलाओं के उत्पीड़न की हाल की घटनाओं, टप्पल, हमीरपुर और जालौन सहित विभिन्न घटनाओं पर चर्चा हुई । सख्त से सख्त कार्रवाई की अपेक्षा की गई है। इसमें कोई लापरवाही न हो, यह कहा गया है।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि एक घंटा रोज अनिवार्य रूप से सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस कप्तान जनता से मिलना सुनिश्चित करें। जो अधिकारी जहां तैनात हैं, वहां नाइट हाल्ट करें, चाहे एसडीएम हों, तहसीलदार हों या बीडीओ हों, एसओ हों या सीओ हों।

उन्होंने कहा कि अगर वहां आवास नहीं है तो किराए के भवन में रहें। ये निर्देश दिया गया है कि अधिकारी फील्ड में तैनाती की जगह पर रहें।

कोलकाता में भाजपा के जुलूस पर लाठीचार्ज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 जून।

पश्चिम बंगाल में बुधवार को भाजपा के एक कार्यकर्ता का शव मिलने के बाद राज्य में तनाव बढ़ गया है। कोलकाता में पुलिस मुख्यालय के पास प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें हुईं। पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। इसके अलावा भीड़ पर वाटर कैनन से पानी की तेज बौछार की गई।

बंगाल में लगातार जारी राजनीतिक हिंसा के लिए तृणमूल कांग्रेस और प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर गए। भाजपा कार्यकर्ता वहां कोलकाता पुलिस के मुख्यालय का घेराव करने जा रहे थे। लोकसभा चुनाव के बाद से ही बंगाल में राजनीतिक हिंसा का दौर जारी है। तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच हिंसक झड़पों में अब तक दो दर्जन से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि राजनीतिक हिंसा में तृणमूल समर्थक ज्यादा मारे गए हैं। भाजपा ही हिंसा भड़का रही है। बुधवार को तनाव उस समय और बढ़ गया जब मालदा में दो दिन से लापता भाजपा कार्यकर्ता का शव मिला।

राज्यपाल ने बैठक बुलाई: पश्चिम बंगाल में बढ़ रही राजनीतिक हिंसा के मद्देनजर राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी ने पहल की है। उन्होंने गुरुवार को शाम चार बजे सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है। राज्यपाल त्रिपाठी ने गुरुवार को बंगाल के सभी राजनीतिक दलों को पत्र भेजकर उनसे राजभवन में आयोजित बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है।

आधार संशोधन विधेयक को मंजूरी

नई दिल्ली, 12 जून (भाषा)।

मंत्रिमंडल ने बैंक खाता खोलने व मोबाइल फोन कनेक्शन लेने के लिए आधार के स्वैच्छिक उपयोग की अनुमति देने को लेकर बुधवार को एक संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी। इस संशोधन के बाद अगर किसी अन्य कानून की बाध्यता न हो तो किसी व्यक्ति को अपनी पहचान साबित करने के लिए आधार नंबर प्रस्तुत करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकेगा। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में आधार व अन्य कानून (संशोधन) विधेयक, 2019 को मंजूरी दी। इस संशोधन विधेयक को संसद के अगले सप्ताह से शुरू सत्र में पेश किया जाएगा।

पत्रकार प्रशांत कनौजिया जेल से रिहा

लखनऊ, 12 जून। गिरफ्तार पत्रकार प्रशांत कनौजिया को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बुधवार को लखनऊ जेल से रिहा कर दिया गया। जेल की सलाखों के पीछे चार रातें गुजारने वाले कनौजिया को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए बीते सप्ताह शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। जेल के गेट से बाहर निकले कनौजिया ने टीशर्ट पहन रखी थी, जिस पर देशभक्त लिखा हुआ था। कनौजिया की पत्नी जगीशा अरोड़ा से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा, आज बात नहीं करना चाहेंगे। हम कल बात करेंगे। इससे पहले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ने बुधवार को पत्रकार प्रशांत कनौजिया की रिहाई का आदेश लखनऊ जेल भेज दिया था। **(भाषा)**

आइएस के तमिलनाडु मॉड्यूल का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 जून।

राष्ट्रीय जांच एजंसी ने बुधवार को आइएस के तमिलनाडु मॉड्यूल के मास्टमाइंड बताए जा रहे मोहम्मद अजहरूद्दीन नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। वह श्रीलंका में बम धमाकों के आत्मघाती हमलावर जहरान हाशिम का फेसबुक मित्र था। कोयंबटूर में एनआइए की टीमों ने कई जगह छापे मारे। तमिलनाडु मॉड्यूल से कथित तौर पर अजहरूद्दीन के अलावा पांच अन्य लोग जुड़े हुए थे। एनआइए ने छापों के दौरान जांच एजंसी ने 14 मोबाइल फोन, 29 सिम कार्ड, 10 पेन ड्राइव, तीन लैपटॉप, छह मेमोरी कार्ड, चार हार्ड डिस्क ड्राइव, एक इंटरनेट डोंगल और 13 सीडी के साथ ही कुछ हथियार बरामद किए हैं। छापों में पीएफआई और एसडीपीआई के कई पैंफ्लेट भी मिले हैं।

बिश्केक यात्रा में मजबूत होंगे एससीओ-भारत संबंध : मोदी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 जून।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि किर्गिज गणराज्य में हो रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखर बैठक में वैश्विक सुरक्षा स्थिति और आर्थिक सहयोग पर मुख्य जोर रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस मध्य एशियाई देश की उनकी यात्रा एससीओ के सदस्य देशों के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करेगी।

बिश्केक की 13-14 जून की यात्रा से पहले मोदी ने कहा कि एससीओ सम्मेलन से इतर उनकी योजना कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करने की भी है। उन्होंने कहा, 'क्षेत्र में बहुपक्षीय, राजनीतिक, सुरक्षा, आर्थिक और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने में हम एससीओ को विशेष महत्त्व देते हैं। भारत ने दो साल पहले एससीओ का पूर्ण सदस्य बनने के बाद इसके विभिन्न वार्ता तंत्रों में सक्रियता से भाग लिया है।' मोदी ने कहा कि भारत ने किर्गिज गणराज्य की अध्यक्षता को पूरा सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में वैश्विक सुरक्षा स्थिति, बहुपक्षीय आर्थिक सहयोग, लोगों के बीच संपर्क और अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'सम्मेलन से इतर, मेरी योजना कई नेताओं से द्विपक्षीय बैठक करने की भी है।'

सेज में न्यास को निवेश की मंजूरी का विधेयक पेश करने के प्रस्ताव पर मुहर

जनसत्ता ब्यूरो/एजंसी
नई दिल्ली, 12 जून।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संसद के आने वाले सत्र में विशेष आर्थिक जोन (संशोधन) विधेयक 2019 पेश करने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके तहत अब न्यास भी विशेष आर्थिक जोन (सेज) में निवेश कर सकेंगे। मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई बैठक में यह मंजूरी दी।

यह विधेयक विशेष आर्थिक जोन (संशोधन) अध्यादेश 2019 का स्थान लेगा। यह अध्यादेश मार्च में लाया गया था। इस अध्यादेश से न्यासों को सेज में इकाइयां लगाने की मंजूरी मिल गई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 'केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संसद के आगामी सत्र में विशेष आर्थिक जोन (संशोधन) अध्यादेश 2019 की जगह लेने के लिए विशेष आर्थिक जोन (संशोधन) विधेयक 2019 लाने की मंजूरी दे दी।' विशेष आर्थिक जोन अधिनियम 2005 के खंड दो के पांचवें उपखंड में संशोधन के बाद किसी न्यास या सरकार द्वारा अधिसूचित कोई भी निकाय सेज में निवेश करने पर छूट पाने का पात्र हो जाएगा। इस संशोधन में केंद्र सरकार को इसकी भी छूट है कि वह सेज में निवेश के लिए पात्र 'व्यक्ति' की परिभाषा में न्यास को भी शामिल कर सके।

तीन तलाक पर नए विधेयक को मंजूरी : केंद्रीय कैबिनेट ने 'तीन तलाक' (तलाक-ए-बिद्दत) की प्रथा पर पाबंदी लगाने के लिए बुधवार को नए विधेयक को मंजूरी दी। यह विधेयक सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में पेश किया जाएगा और यह पूर्ववर्ती भाजपा नीत राजग सरकार द्वारा फरवरी में जारी अध्यादेश का स्थान लेगा। पिछले महीने 16वीं लोकसभा के भंग होने के बाद पिछला विधेयक निष्प्रभावी हो गया था क्योंकि यह राज्यसभा में लंबित था।

'वायु' से तीन लाख लोगों को बचाने का अभियान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 जून।

अरब सागर से गुजरात की ओर बढ़े चक्रवाती तूफान 'वायु' का असर अभी से दिखने लगा है। कई तटीय इलाकों में धूल भरी आंधी और समुद्र में ज्वार आने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार गुजरात के हालात पर बराबर नजर रखे हुए हैं। रेलवे ने गुजरात से आने-जाने वाली 70 ट्रेनें रद्द कर दी हैं व 28 ट्रेनों को गंतव्य से पहले ही रोकने का फैसला किया है। तीन लाख से ज्यादा लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन दल (एनडीआरएफ) लगा है।

सेना ने गुजरात के तटवर्ती इलाकों में 10 टुकड़ियां तैनात की हैं। 24 अन्य टुकड़ियों को तैयार रहने को कहा है। हर टुकड़ी में करीब 70 जवान हैं। शाम चार बजे तक कुल 1,64,090 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। मौसम विभाग ने चक्रवाती तूफान 'वायु' को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। चक्रवाती तूफान गुरुवार सुबह गुजरात के पोरबंदर और कच्छ जैसे तटीय इलाकों से टकरा सकता है। पोरबंदर में चौपाटी बीच पर बुधवार शाम से तेज हवाएं चल रही हैं और समंदर में ऊंची लहरें भी उठ रही हैं।वेरावल के निकट तट पर 13 जून की सुबह चक्रवाती तूफान पहुंचेगा और इस दौरान 145 से 155 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

गुजरात जाते हुए एनडीआरएफ के सदस्य

मुंबई में तेज हवाओं की वजह से कई पेड़ गिर गए। दीव में पुलिस और प्रशासन की मदद से 65 लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाया गया है। पश्चिम रेलवे ने तूफान को देखते हुए कुछ रूटों पर ट्रेनें रद्द की हैं। वेरावल, ओखा, पोरबंदर, भावनगर, भुज और गांधीधाम स्टेशनों की ओर शाम छह बजे के बाद 14 जून की सुबह तक सभी यात्री ट्रेनों का संचालन रद्द रहेगा। इस दौरान लोगों को राहत केंद्र तक पहुंचाने के लिए इन सभी स्टेशनों पर एक-एक स्पेशल ट्रेन मौजूद रहेगी। राज्य में कई हवाई अड्डों से विमान सेवाएं रोक दी गई हैं।

बैंकों में 11 साल में 2.05 लाख करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

पेज 1 का बाकी

(5830.85 करोड़ रुपए) और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 9041.98 करोड़ रुपए के 1,613 धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं।

इसी प्रकार , आइडीबीआइ बैंक लिमिटेड ने 5978.96 करोड़ रुपए के 1,264 मामलों, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने 1221.41 करोड़ रुपए के 1,263 मामलों, कैनरा बैंक ने 5553.38 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के 1,254 मामलों, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 11,830.74 करोड़ रुपए के 1,244 मामलों और कोटक महिंद्रा बैंक ने 430.46 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के 1,213 मामलों की सूचना दी है।

11 वर्षों की अवधि के दौरान, इंडियन ओवरसीज बैंक में 12,644.7 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के 1,115 मामले जबकि ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स में 5,598.23 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के ऐसे 1,040 मामले दर्ज किए गए हैं। इस अवधि के दौरान, भारत में परिचालन करने वाले कुछ विदेशी बैंकों में धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं।

भाषा ने तीन जून को आरबीआई के आंकड़ों का हवाला देते हुए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं में 71,542.93 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के 6,801 मामलों की सूचना दी थी। इससे पहले 2008-09 में 1,860.09 करोड़ रुपए के कुल 4,372 मामले सामने आए थे। इसके बाद 2009-10 में 1,998.94 करोड़ रुपए के 4,669 मामले दर्ज किए गए। 2010-11 में 4,534 मामले और 2011-12 में 4,093 मामले दर्ज किए गए हैं , इनमें क्रमश : 3,815.76 करोड़ रुपए और 4,501.15 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी हुई।

इसी प्रकार , वित्त वर्ष 2012-13 में 8,590.86 करोड़ रुपए के 4,235 मामले , 2013-14 में 10,170.81 करोड़ रुपए के 4,306 मामले और 2014-15 में 19,455.07 करोड़ रुपए के 4,639 धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए।
वित्त वर्ष 2015-16 और 2016-17 में क्रमश : 18,698.82 करोड़ रुपए और 23,933.85 करोड़ रुपए मूल्य के 4,693 और 5,076 मामले सामने आए। वहीं , 2017-18 में 41,167.03 करोड़ रुपए के 5,916 धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं।

पत्रकार की पिटाई, जीआरपी के दो पुलिसकर्मी निलंबित

पेज 1 का बाकी

के हवाले से बताया कि समाचार चैनल के पत्रकार अमित शर्मा से जुड़ी घटना में अधिकारियों ने कार्रवाई की है। शामली जीआरपी के एसएचओ राकेश कुमार और एक कांस्टेबल संजय पवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसे प्रकरणों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हिरासत में लिए गए पत्रकार को रिहा करने के आदेश दे दिए गए हैं।

मंगलवार देर रात एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें पत्रकार को सादी वर्दी पहने जीआरपी पुलिसकर्मियों द्वारा कथित तौर पर लगातार थप्पड़ और घूंसे मारते देखा गया। उसके बाद उसको लॉकअप में रखा गया। सहारनपुर के क्षेत्राधिकारी जीआरपी राम लखन मिश्र ने बताया कि पत्रकार शामली में एक मालगाड़ी के कुछ डिब्बे पटरी से उतरने के बाद उस घटना को कवर करने गया था। उसी समय उसकी जीआरपी कर्मियों से कहासुनी हो गई। बाद में पुलिस ने ट्वीट किया कि हमें एक वीडियो देखने को मिला है, जिसमें एक पत्रकार को पीटा जा रहा है और लॉकअप में रखा गया है।

डीजीपी ओपी सिंह ने शामली जीआरपी एसएचओ राकेश कुमार और कांस्टेबल संजय पवार को तत्काल निलंबित करने के आदेश दिए हैं। नागरिकों के साथ बदसलूकी करने वाले पुलिसकर्मियों को कड़ा दंड दिया जाएगा। इस बीच, अमित शर्मा ने एक वीडियो मैसेज में कहा कि जीआरपी अधिकारी और रेलवे के अधिकारी मौके पर मौजूद थे, जहां मैं कवरेज के लिए गया था। जीआरपी के कर्मियों ने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर मुझे पीटा। जिस मोबाइल फोन का उपयोग मैं खबर शूट करने के लिए करता था, उसे भी पटक दिया गया। अब मोबाइल फोन गायब है। उन्होंने मुझसे गाली-गलौज भी की। शर्मा ने कहा कि उन्हें लॉकअप में रखा गया। बाद में वे मुझे लॉकअप से बाहर ले आए। उन्होंने मुझे कपड़े उतारने पर बाध्य किया और फिर मेरे ऊपर पेशाब किया। राम लखन मिश्र ने हालांकि पत्रकार के आरोपों से इनकार किया है।

एएन 32 : दुर्घटना वाली जगह पर नहीं पहुंच सका बचाव दल

नई दिल्ली, 12 जून। अरुणाचल प्रदेश में वायु सेना के एएन-32 विमान के दुर्घटना वाली जगह के पास बुधवार को बचावकर्मियों के 15 सदस्यीय दल को विमान से ले जाया गया लेकिन खराब मौसम के कारण कोई प्रगति नहीं हो पाई। दल हादसे में यात्रियों के जीवित बचे होने की संभावनाओं का पता लगाने के लिए गया है। सियांग और शी योमी जिलों की सीमा पर गट्टे गांव के पास, समुद्र तल से 12,000 फुट की ऊंचाई पर मलबा देखे जाने के बाद पर्वतारोहण दल को भेजा गया है। **(जनसत्ता ब्यूरो)**

दिल्ली में आंधी-बारिश से तापमान 10 डिग्री लुढ़का

पेज 1 का बाकी

क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि एनसीआर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की खबर है। गरज और आंधी ने भी तापमान को कम करने में मदद की है। पालम ऑब्जर्वेटरी में बुधवार को अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया जबकि न्यूनतम पारा 32.4 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता का स्तर 49 और 32 फीसद के बीच रहा। मौसम विभाग के अधिकारी ने अनुमान जताया है कि गुरुवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने की संभावना है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 43 व 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। निजी मौसम पूर्वानुमान एजंसी स्काइमेट वेदर ने बताया कि दिल्ली और एनसीआर के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है।

सीआरपीएफ के पांच जवान शहीद

पेज 1 का बाकी

निकला। हमले में घायल जवानों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां पांच जवानों ने दम तोड़ दिया।

एसएचओ को गंभीर अवस्था में सेना के श्रीनगर स्थित 92 बेस अस्पताल में ले जाया गया है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है।

इलाके में व्यापक पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, अनंतनाग के केपी चौक स्थित जनरल बस स्टैंड पर सीआरपीएफ की 116वीं बटालियन के जवानों को कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए तैनात किया गया था।

इस वारदात को अंजाम देने के बाद आतंकी मौके से भागने में सफल हो पाते, इससे पहले सीआरपीएफ के अन्य जवानों ने इलाके की घेराबंदी कर जवाबी कार्रवाई शुरू की। इसमें एक आतंकी ढेर कर दिया गया। दूसरा भागने में सफल रहा।

आतंकी हमले की सूचना मिलते ही भारतीय सेना की सीआरपीएफ की अतिरिक्त टुकड़ियों के साथ राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन स्क्वायड के जवान भी मौके पर पहुंच गए।

जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन छह महीने बढ़ा

पेज 1 का बाकी

राज्य में 20 जून, 2018 से लगे राष्ट्रपति शासन का ही विस्तार है। जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन की मियाद बढ़ाए जाने के बाबत किए गए सवाल पर जावडेकर ने कहा, 'जी हां, यह फैसला किया गया है।' गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद राज्य में राष्ट्रपति शासन को लागू करने वाली उद्घोषणा पर हस्ताक्षर करेंगे, जो तीन जुलाई से प्रभावी होगी। जम्मू-कश्मीर के हालात को लेकर मलिक ने कहा, 'हमसे हर चीज ले लीजिए, हम अपनी जान देंगे लेकिन प्यार और वार्ता के जरिए। उसके लिए (प्रधानमंत्री)नरेंद्र मोदी तैयार हैं, हम तैयार हैं। वार्ता की मेज पर आएं और इसे आगे ले जाएं। जो भी आप चाहते हैं उसे वार्ता के जरिए हासिल किया जा सकता है। आपका अपना संविधान है, आपका अलग झंडा है। और भी जो चाहिए वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिए और भारतीय संविधान के दायरे में रहकर मिलेगा।' राज्यपाल ने कहा कि आतंकियों को अभी भले इसका एहसास नहीं हो लेकिन 10 वर्ष में पछतावा होगा कि उन्होंने गलत रास्ता अख्तियार किया। कश्मीर में आतंकवाद की समस्या युवाओं में बेरोजगारी के कारण ही नहीं है बल्कि कुछ दशकों से नेता भी लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

लोकसभा में राजनाथ सिंह होंगे उप नेता

पेज 1 का बाकी

कार्यकारिणी समिति में शामिल किया जाना पार्टी में उनका कद बढ़ने को दिखाता है। लोकसभा चुनाव में ईरानी ने अमेठी सीट पर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को हराया था। उन्हें विशेष आमंत्रित श्रेणी में कार्यकारिणी में लाया गया है।

यह पहली बार है, जब पार्टी ने तीन महिला सांसदों को विशेष तौर पर सचेतक नियुक्त किया है। तीन महिला सचेतकों समेत कुल 18 सचेतक तैनात किए गए हैं। लोकसभा के लिए भाजपा संसदीय दल की कार्यकारिणी समिति में अन्य विशेष आमंत्रितों में नितिन गडकरी, रविशंकर प्रसाद, अर्जुन मुंडा, नरेंद्र सिंह तोमर और जुएल उरांव शामिल हैं।

वहीं दूसरी तरफ राज्यसभा के लिए विशेष आमंत्रितों में जे पी नड्डा, ओमप्रकाश माथुर, निर्मला सीतारमण, धर्मेंद्र प्रधान और प्रकाश जावडेकर शामिल हैं। कार्यकारिणी की सूची कार्यालय सचिव बाला सुब्रहमण्यम कामर्सु द्वारा जारी की गई है।

भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को पार्टी के संसदीय कार्यालय का फिर से प्रभारी और बाला सुब्रहमण्यम कामर्सु को संसदीय दल कार्यालय का सचिव नियुक्त किया गया है।

नवगठित भाजपा संसदीय दल की कार्यकारिणी समिति पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव को दिखाती है क्योंकि शायद पहली बार लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी उसका हिस्सा नहीं हैं। दोनों अब सांसद नहीं हैं। उनके अलावा जेटली और सुषमा स्वराज भी उसके सदस्य नहीं हैं।

खनन घोटाला मामले में 22 जगह सीबीआइ के छापे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 जून।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के खनन घोटाला मामले में 22 ठिकानों पर छापेमारी की। इनमें उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के अमेठी स्थित तीन आवासीय परिसर भी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में 11 स्थलों और दिल्ली- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कई स्थानों पर छापे मारे गए।

उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की अगुवाई वाली तत्कालीन समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में प्रजापति के पास खनन प्रभार था। वे सपा में प्रभावशाली नेता माने जाते रहे। फिलहाल, वह बलात्कार के एक मामले में जेल में हैं। चित्रकूट की एक महिला ने आरोप लगाया है कि मंत्री ने खनन का पट्टा आबंटित करने के नाम पर उसका उत्पीड़न किया था। हालांकि मंत्री ने आरोप से इनकार किया है। छापेमारी के दौरान सीबीआइ ने पूर्व सपा सांसद घनश्याम अनुरागी के जालौन स्थित आवास पर तलाशी ली। अनुरागी 15वीं लोकसभा में जालौन से सांसद थे। इनके अलावा दिल्ली में दो, गाजियाबाद में एक, लखनऊ में चार और हमीरपुर में 11 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया गया। सीबीआइ प्रवक्ता नितिन वाकनकर ने कहा, 'आरोप है कि सरकारी सेवकों ने अन्य आरोपियों के साथ आपराधिक षड्यंत्र रचते हुए 2012 से 2016 के दौरान हमीरपुर जिले में गौण खनिज का अवैध खनन होने दिया।' गौण खनिज में रेत, बजरी आदि आते हैं। सीबीआइ द्वारा दर्ज किए गए मामले में आइएएस अधिकारी बी चंद्रकला भी आरोपी हैं। प्राथमिकी में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश काडर की 2008 बैच की आइएएस अधिकारी चंद्रकला 2012 से 2014 के दौरान हमीरपुर जिले की जिलाधिकारी थीं, जब उन्होंने अपने जिले में खनन ठेके आबंटन में ई टेंडर व्यवस्था का कथित रूप से उल्लंघन किया था।

भित्तिचित्र का हिस्सा गिरने से एक की मौत

मुंबई, 12 जून (भाषा)। मुंबई के चर्चगेट रेलवे स्टेशन पर भित्तिचित्र का एक हिस्सा ऊपर गिरने से बुधवार को एक पैदल यात्री की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि मधुकर नार्वेकर चर्चगेट स्टेशन की इमारत से गुजर रहे थे।

ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली, 4था तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 के समक्ष — प्रकाशन सूचना

ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया नियमावली) 1993 के नियम 12 एवं 13 के साथ पठित बैंक तथा वित्तीय संस्थानों के बकाया ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19 (4) के अंतर्गत सूचना
मामले में
ओ.ए. नं. 146/2019

विजया बैंक बनाम श्री राजन कौशिक एवं अन्य
आवेदक प्रतिवादीगण

डी-1. श्री राजन कौशिक (ऋणधारक) पुत्र श्री सत्यनारायण कौशिक
निवासीः एच.नं. बी-491, जमालपुरा, सोनीपत-131001
साथ हीं: एच.नं. 491/1, जमालपुरा, सोनीपत-131001
साथ हीं: 491, शिवालिक कॉलोनी, अम्बाला सिटी, अम्बाला-134003
साथ हीं: 2257, रघुनंद गली, पालम बाजार, सोनीपत-131001

डी-2. श्री प्रवीण (गारन्टर) पुत्र श्री रुलिया राम
निवासीः एच.नं. 491/1, जमालपुरा, सोनीपत-131001
साथ हीं: एच.नं. बी-491, जमालपुरा, सोनीपत-131001

जैसा कि, ऊपर नामित आवेदक ने आपके विरुद्ध एक मामला शुरू किया है, तथा जैसा कि इस अधिकरण की संतुष्टि के लिए यह साबित हो चुका है कि आपको सामान्य तरीके से सर्व करना संभव नहीं है। अतएव, विज्ञापन के माध्यम से इस सूचना के द्वारा आपको निर्देश दिया जाता है कि **20.07.2019 को 10.30 पूर्वा.** में इस अधिकरण के समक्ष उपस्थित हों। ध्यान रहे कि उपरोक्त तिथि को इस अधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर मामले की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में की जाएगी।

मेरे हाथ से तथा अधिकरण की मुहर लगाकर आज, 4 जून, 2019 को दी गई।

अधिकरण के आदेश से,
सहायक रजिस्ट्रार,
डीआरटी-III, नई दिल्ली

TIGER LOGISTICS (INDIA) LIMITED
CIN-L74899DL2000PLC105817
Regd. & Corporate Office: D-174, GF, Okhla Industrial Area, Phase-1, New Delhi-110020.
Tel.: 011-47351111 Fax.: 011-2622 9671
Website: www.tigerlogistics.in, Email.: tlogs@tigerlogistics.in

Revision in the outlook of Credit Rating of Tiger Logistics

CARE Ratings Limited has revised the outlook of Tiger Logistics India Limited and kept the rating affirmed.

Facilities	Amount (Rs. Crore)	Rating	Rating Action
Long term Bank Facilities	31.00	CARE BBB; Negative (Triple B, Outlook: Negative)	Rating Affirmed; Outlook revised to Negative from Stable
Long Term/ Short Term Bank Facilities	4.00	CARE BBB; Negative/ CARE A3 (Triple B, Outlook: Negative/ A Three)	Rating Affirmed; Outlook revised to Negative from Stable
Total facilities	35.00 (Rupees Thirty-Five Crore Rupees only)	CARE BBB; Negative/ CARE A3 (Triple B, Outlook: Negative/ A Three)	Rating Affirmed; Outlook revised to Negative from Stable

For Tiger Logistics (India) Limited
Harpreet Singh Malhotra
Managing Director

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा, स्टार हाउस, तीसरी मंजिल, एच-2, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली, फोन : 011-23755605-5606
AssetRecovery.NewDelhi@bankofindia.co.in

शुद्धिपत्र

यह शुद्धिपत्र **मैसर्स ए एफ गारमेन्टस** के नाम पर समाचार पत्र **'जनसत्ता' (हिंदी) दिनांक 12.06.2019** में प्रकाशित **'कब्जा सूचना'** के सन्दर्भ में है। उक्त नोटिस में पंक्ति 6 में वर्णित **'दिनांक 18.04.2006'** को **'दिनांक 18.04.2016'** पढ़े। बाकी सभी पूर्व प्रकाशित विवरण यथावत है।

दिनांकः 13.06.2019, स्थानः नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इण्डिया

TATA

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 11वां तल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई- 400013, CIN No. U67190MH2008PLC187552

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये)
(प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना नीचे वर्णित रूप में जारी कर ऋणधारकों को सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।
ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।
विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय नीचे वर्णित तिथि से उस पर ब्याज तथा दंड ब्याज, चार्जेज, लागत आदि के साथ नीचे वर्णित राशि के लिये टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगा।
ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिये उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

ऋण खाता सं.	देनदार/ सांविधिक उत्तराधिकारी/ सांविधिक प्रतिनिधि (यों) का नाम	मांग सूचना के अनुसार राशि	कब्जा की तिथि
9644639 एवं 10015244	श्री प्रकाश चन्द (ऋणधारक) एवं श्रीमती अंजनी अग्रवाल (सह-ऋणधारक)	31 जन. 2019 को रु. 52,74,210/-	7 जून, 2019

प्रतिभूत परिसम्पत्तियों/ अचल सम्पत्तियों का विवरणः मद सं.1: सम्पूर्ण अपार्टमेन्ट/पारिवारिक ईकाई आवासीय फ्लैट, म्यूनिसिपल नं. मकान सं. 8/153 जी (पार्ट) का भाग। लॉयर्स कॉलोनी, खसरा नं. 334, मौजा नगला पाडी, हरि पर्वत वार्ड, आगरा, उ.प्र.-282004, माप 83.61 वर्ग मी., चौहद्दी इस प्रकार हैः उत्तरः मनोज यादव की सम्पत्ति, दक्षिणः 9मी. रोड, पूर्वः कुसुम देवी की सम्पत्ति, पश्चिमः विक्रेता की सम्पत्ति।

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड के लिए
तिथिः 13.06.2019 हस्ता./-
स्थानः आगरा प्राधिकृत अधिकारी

KVB Karur Vysya Bank Smart way to bank

मंडल कार्यालय, नं. 6, 3रा तल, मेट्रो पिलर नं. 80 के सामने, पूसा रोड करोलबाग, नई दिल्ली-110005
फोनः 011-28758374/2875375/76/77
ईमेलः delhido@kvbmail.com
viswanadhama@kvbmail.com

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई-नीलामी बिक्री सूचना
एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक/सह-ऋणधारक को सूचित किया जाता है कि द करूर वैस्य बैंक लि. (प्रतिभूत क्रेडीटर) के पास गिरवी नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका द करूर वैस्य बैंक लि. (प्रतिभूत क्रेडीटर) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा कर लिया गया है, की क) मै. अंश एण्टरप्राईजेज, कार्यालयः 114, प्रथम् तल, महराजा अग्रसेन मार्केट, चावरी बाजार, नई दिल्ली-110006, द्वारा उसके एकाकी प्रॉप्राईटर श्री मनीश जैन, साथ हीः जी-आई, प्लॉट नं. 617, देव कुंज अपार्टमेन्ट्स, वैशाली, सेक्टर-1, गाजियाबाद, ख) श्रीमती शालिनी जैन, पत्नी श्री मनीश जैन, IX/1997, गली नं. 4 एवं 5, कैलाश नगर, गांधी नगर, दिल्ली-110031, साथ हीः जी-आई, प्लॉट नं. 617, देव कुंज अपार्टमेन्ट्स, वैशाली, सेक्टर-1, गाजियाबाद से द करूर वैस्य बैंक लि., प्रतिभूत क्रेडीटर के 1.6.2019 को बकाये रु. 3,46,05,526.74 (रुपये तीन करोड़ छियालिस लाख पांच हजार पांच सौ छब्बीस एवं पैसे चौहत्तर मात्र) के साथ आगे के ब्याज की वसूली के लिये 5.7.2019 को "जैसा है जहां है", "जो भी जैसा है" तथा "जो कुछ भी वहां है" आधार पर बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य रु. 70,00,000.00 (रुपये सत्तर लाख मात्र) तथा धरोहर राशि भुगतान रु. 70000.00 (रुपये सात लाख मात्र) है।

अचल सम्पत्ति का विवरण
(ज्ञात अधिभार, यदि कोई हो, के साथ अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त विवरण दें)

IX/1997, माप लगभग 75 वर्ग यार्ड्स, प्राईवेट अहाता नं. 189 में, खसरा नं. 8, 9, 11 से 16 एवं 128 में, ग्राम सीलमपुर, इलाका शाहदरा, गली नं. 4 एवं 5, कैलाश नगर के नाम से विदित दिल्ली-110031 में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन जिसमें भूतल + 2 मंजिला भवन शामिल है, लगभग निर्मित क्षेत्र 2025 वर्ग फीट का सभी भाग तथा हिस्सा जिसकी चौहद्दी इस प्रकार हैः
उत्तरः सम्पत्ति सं. 9/1996 दक्षिणः सम्पत्ति सं. 9/1997 का भाग
पूर्वः प्लॉट नं. 9/1998 पश्चिमः रोड
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया हमारे बैंक/प्रतिभूत क्रेडीटर की वेबसाईट अर्थात् www.kvb.co.in/property में नीलामी के अंतर्गत दी गई लिंक साथ ही वेब पोर्टल https://eauctions.samil जो सेवा प्रदाता, मै. श्रीराम ऑटोमाल इंडिया लि. का है, देखें।

सरफैसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत 15 दिनों की सांविधिक बिक्री सूचना

एतद्द्वारा ऋणधारकों, सह-ऋणधारकों को सूचित किया जाता है कि नीलामी की तिथि से पूर्व अद्यतन ब्याज तथा सहायक खर्चे के साथ उपरोक्त राशि का भुगतान करें अन्यथा सम्पत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जायेगी तथा बकाया देयता, यदि कोई हो, ब्याज तथा लागत के साथ वसूल की जायेगी।

मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी
तिथिः 12.6.2019 द करूर वैस्य बैंक लिमिटेड
स्थानः दिल्ली कॉर्पोरेट बिजनेस यूनिट, दिल्ली

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे क्लाईंट, मेसर्स मुथूट फाईनान्स लि. **(GSTIN 32AABCT0343B1Z7), पंजीकृत कार्यालयः तल 2, मुथूट चेम्बर्स, बैनर्जी रोड, कोच्चि – 682018, केरल, भारत, CIN: L65910KL1997PLC011300, दूरभाषः +91 484-2396478, 2394712, फैक्सः +91 484-2396506, mails@muthootgroup.com, www.muthootfinance.com** ऋण चुकाने में असफल ऋणियों के गिरवी रखे सोने के गहनों (**31.03.2018** की अवधि तक **NPA** खातों) की निम्नलिखित विवरणों के अनुसार नीलामी करेगी। इच्छुक सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

नीलामी की तिथिः 26.06.2019

Haldwani: MAL-907, MBL-1716, MOS-93, MPL-34, MSL-11736, 11750, 11761, 11901, 11929, 11962, 11995, 12027, 12049, MUL-278, 280, 303, 355, 367, 382, 384, 398, 422, 426, 451, 462, 463, 465, 476, 481, 482, 506, 510, 511, 513, 526, 580, 632, 639, 679, 680, 714, 715, 806, 807, 838, 842, 863, 885, 887, 916, 918, 919, 992, 1000, 1019, 1035, 1041, 1045, 1048, 1092, 1099, 1104, 1134, 1144, 1206, 1207, 1209, 1244, 1249, 1251, 1292, 1296, 1308, 1326, 1380, 1381, 1390, 1409, 1412, 1430, 1433, 1438, 1439, 1441, 1456, 1481, 1484, 1513, 1515, 1516, 1525, 1535, 1536, 1539, 1545, 1552, 1555, 1556, 1559, 1560, 1586, 1590, 1603, 1604, 1623, 1628, 1629, 1638, 1641, 1646, 1650, 1652, 1655, 1673, 1674, 1690, 1691, 1692, 1706, 1712, 1715, 1722, 1729, 1732, 1738, 1743, 1749, 1751, 1767, 1778, 1784, 1796, MWS-7, 13, 16, 39, 46, 60, 65, 97, 98, 115, 121,
Haldwani - Nainital (Uk): MGL-281, 473, 488, 579, 598, 668, 669, 675, 680, 690, 750, 751, 793, 855, 883, 887, 892, 912, 992, 995, 1029, 1039, 1053, MSL-4057, 4103, 4104, 4161, 4179, 4216, 4237, 4376, 4391, 4394, 4396, 4419, 4420, 4450, 4461, 4462, MUL-9, 30, 85, 109, 123, 136, 141, 144, 160, 161, 162, 170, 177, 201, 206, 214, 217, 235, 258, 278, 285, 294, 303, 304, 318, 347, 357, 360, 361, 369, 381, 404, 416, 425, 433, 438, 444, 445, 472, 483, 488, 492, 497, 498, 513, 532, 547, 549, 551, 567, 571, 577, 591, 592, 596, 605, 615, 623, 630, 631, 634, 640, 643, 677, 703, 706, 710, 712, 718, 721, 757, 778, 780, 782, 783, 784, 787, 791, 795, 803, 817, 836, 863, 881, 892, 895, 897, 899, 907, 932, 933, 941, 942, 953, MWS-9, 26, 28

कम शुद्धता के गहनों की नीलामी (30.09.2018 की अवधि तक एनपीए खाते)
नीलामी की तिथिः 26.06.2019
Haldwani - Nainital - (Uk): MUL-1323,MWS-49
नीलामी नीचे दिखाए अनुसार जिस शाखा हेड में ग्राहक का ऋण खाता है क्रमशः उन्हीं शाखाओं में संचालित की जाएगी।
हालाँकि, कृपया यह ध्यान रखें कि यदि निर्धारित तिथि (तिथियों) में नीलामी पूरी नहीं हो जाती तो ऐसी स्थिति में यह संबंधित नीलामी वहाँ दिनांक **27.06.2019** को क्रमशः नीलामी केंद्र **Guru Govind Singh Tower, Tilonia Chauraha, Nainital Road, Haldwani Distt., Nainital - 263139** में संचालित की जाएगी/जारी रहेगी। और ऐसी स्थिति में जहाँ इस सबके बावजूद कथित गहनों की नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती तो ऐसी नीलामी आगामी तिथियों में भी इसी स्थान पर जारी रहेगी। इस संबंध में कोई अतिरिक्त सूचनाएँ नहीं दी जाएंगी।

नीलामी की तिथिः 27.06.2019
Rudrapur: MAL-1377, 1453, 1471, MSL-10394, 10406, 10433, 10465, 10483, MUL-527, 645, 862, 961, 981, 1113, 1124, 1135, 1153, 1165, 1226, 1250, 1258, 1262, 1279, 1303, 1310, 1311, 1335, 1342, 1382, 1385, 1400, 1417, 1436, 1452, 1459, 1491, 1492, 1520, 1537, 1539, 1540, 1554, 1564, 1571, 1595, 1609, 1610, 1622, 1626, 1633, 1634, 1649, 1659, 1667, 1672, 1680, 1689, 1696, 1698, 1708, 1710, 1748, 1777, 1782, 1787, 1795, 1797, 1807, 1827, 1839, 1855, 1857, 1858, 1871, 1894, 1914, 1916, 1919, 1921, 1928, 1934, 1935, 1945, 1954, 1956, 1970, 1971, MWS-9, 20, 29, 39, 45, 47, 60, 94, 98, 136, 153, 173, 194, 198, 208, 218, 219, 222, 235, 236, **Rudrapur - Kashipur Road:** MDL-2, MSL-6078, 6150, 6166, 6181, 6183, 6197, 6252, 6268, MUL-410, 421, 423, 471, 624, 654, 742, 820, 839, 840, 841, 842, 861, 864, 870, 904, 905, 906, 924, 932, 935, 936, 942, 952, 961, 1002, 1003, 1004, 1014, 1015, 1017, 1018, 1034, 1046, 1063, 1095, 1100, 1110, 1130, 1135, 1142, 1148, 1153, 1198, 1204, 1218, 1228, 1235, 1240, 1254, 1256, 1266, 1272, 1274, 1284, 1301, 1310, 1344, 1345, 1351, 1356, 1358, 1359, 1365, 1369, 1370, 1371, 1382, 1412, 1441, 1451, MWS-34

कम शुद्धता के गहनों की नीलामी (30.09.2018 की अवधि तक एनपीए खाते)
नीलामी की तिथिः 27.06.2019
Rudrapur: MUL-609, 1533, 1581, **Rudrapur - Kashipur Road**: MWS-20
नीलामी नीचे दिखाए अनुसार जिस शाखा हेड में ग्राहक का ऋण खाता है क्रमशः उन्हीं शाखाओं में संचालित की जाएगी।
हालाँकि, कृपया यह ध्यान रखें कि यदि निर्धारित तिथि (तिथियों) में नीलामी पूरी नहीं हो जाती तो ऐसी स्थिति में यह संबंधित नीलामी वहाँ दिनांक **28.06.2019** को क्रमशः नीलामी केंद्र **Muthoot Finance Limited, 1st Floor Plot No. 2, Avas Vikas, Rudrapur, Uttarakhand - 263153** में संचालित की जाएगी/जारी रहेगी। और ऐसी स्थिति में जहाँ इस सबके बावजूद कथित गहनों की नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती तो ऐसी नीलामी आगामी तिथियों में भी इसी स्थान पर जारी रहेगी। इस संबंध में कोई अतिरिक्त सूचनाएँ नहीं दी जाएंगी।

नीलामी की तिथिः 25.06.2019
Sitarganj (UK): MAL-1995, 2089, 2214, MBL-2544, MSL-7292, 7795, 7859, 7868, 7950, 7958, 7971, 8083, 8084, MUL-24, 316, 336, 366, 373, 415, 428, 444, 468, 501, 506, 560, 576, 577, 588, 589, 590, 604, 613, 619, 623, 624, 631, 652, 683, 751, 766, 768, 769, 772, 774, 785, 810, 818, 821, 828, 837, 839, 869, 871, 885, 895, 896, 921, 931, 942, 969, 978, 1022, 1031, 1049, 1063, 1108, 1142, 1152, 1167, 1196, 1202, 1209, 1227, 1257, 1259, 1279, 1293, 1297, 1305, 1328, 1341, 1344, 1370, 1409, 1435, 1457, 1458, 1463, 1468, 1489, 1493, 1517, 1525, 1537, 1564, 1576, 1577, 1581, 1605, 1646, 1651, 1672, 1679, 1682, 1691, 1692, 1720, 1723, 1733, 1749, 1753, 1777, 1778, 1779, 1781, 1811, 1813, 1816, 1818, 1819, 1832, 1833, 1845, 1864

नीलामी की तिथिः 26.06.2019
Kashipur (UK): MAL-1230, 1720, MBL-1611, MES-10, MGL-2504, MSL-9366, 9522, 9743, 9770, 9821, 9850, 9863, 9875, MUL-364, 372, 417, 482, 483, 499, 537, 560, 561, 562, 616, 620, 730, 733, 735, 786, 787, 800, 809, 812, 817, 828, 833, 834, 864, 872, 873, 888, 898, 939, 949, 963, 976, 997, 1020, 1121, 1127, 1144, 1146, 1150, 1194, 1254, 1264, 1266, 1267, 1309, 1321, 1325, 1351, 1371, 1389, 1448, 1451, 1456, 1457, 1472, 1473, 1474, 1490, 1506, 1508, 1519, 1528, 1543, 1547, 1571, 1572, 1573, 1574, 1592, 1595, 1601, 1606, 1615, 1618, 1619, 1626, 1648, 1675, 1685, 1691, 1693, 1714, 1735, 1744, 1787, 1791, 1807, 1833, 1841, 1859, 1864, 1874, 1875, 1924, 1925, 1927, 1934, 1935, 1964, 1969, 1983, 1998, 1999, 2008, 2009, 2022, 2061, 2104, 2105, 2112, 2118, 2130, 2140, 2150, 2151, 2198, 2200, 2201, 2211, 2247, 2309, 2329, 2353, 2363, 2368, 2382, 2400, 2419, 2427, 2432, 2438, 2440, 2448, 2464, 2465, 2472, 2474, 2479, 2494, 2524, 2529, 2549, 2558, 2563, 2564, 2568, 2573, 2584, 2586, 2587, 2631, 2645, 2663, 2687, 2689, 2692, 2695, 2705, 2710

कम शुद्धता के गहनों की नीलामी (30.09.2018 की अवधि तक एनपीए खाते)
नीलामी की तिथिः 25.06.2019
Sitarganj (Ut): MUL-1492
नीलामी की तिथिः 26.06.2019
Kashipur (Uk): MUL-1877,2202
नीलामी नीचे दिखाए अनुसार जिस शाखा हेड में ग्राहक का ऋण खाता है क्रमशः उन्हीं शाखाओं में संचालित की जाएगी।
हालाँकि, कृपया यह ध्यान रखें कि यदि निर्धारित तिथि (तिथियों) में नीलामी सफलतापूर्वक नहीं हो जाती तो ऐसी नीलामी आगामी तिथियों में भी इसी स्थान पर जारी रहेगी। इस संबंध में कोई अतिरिक्त सूचनाएँ नहीं दी जाएंगी।

कोहली एण्ड सोबती, एडवोकेट, ए 59ए, पहली मंज़िल, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली – 110024

नोटः ग्राहक नीलामी की निर्धारित तिथि से पहले हमारे क्लाइंट की बकाया राशि का भुगतान करके अपने गहनों की गिरवी छुड़ा सकते हैं। ग्राहक ईमेल आईडीः auctiondelhi@muthootgroup.com या 7834886464, 7994452461 पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।

स्वर्ण आभूषणों की नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना — DCB BANK

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि डीसीबी बैंक लि.(यहां के बाद बैंक के रूप में वर्णित), कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित कम्पनी जिसका पंजीकृत कार्यालय 601 एवं 602, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, छठा तल, टावर ए, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013 में स्थित है, के द्वारा सूचित किया जाता है कि यहां नीचे दिए गए विवरणों के अनुसार "जैसा है जहां है आधार", "जो भी वहां है आधार", "जैसा भी वहां है आधार" तथा "कोई उपचार नहीं आधार" पर गिरवी रखी गई स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी-सह-बिक्री आयोजित की जाएगी। ये सभी स्वर्ण आभूषण बैंक के नीचे वर्णित ऋणधारकों की ऋण खाता के संदर्भ में बैंक के पास गिरवी रखे गए हैं। नीचे वर्णित स्वर्ण आभूषणों की यहां नीचे वर्णित ऋणखाताओं के समक्ष वर्णित बकाए राशि की वसूली के लिए बिक्री की जाएगी।

क्रम सं.	ऋण खाता संख्या	ग्राहक का नाम	शुद्ध वजन (ग्राम में)
1	30741200000028	महिपाल सिंह	106
2	30741200000055	महिपाल सिंह	101
3	30741200001106	अमर सिंह	61
4	30741200000675	कुन्दन	17
5	30741200001328	ओम सिंह राजपुरोहित	99
6	30741200001571	प्रिन्स छुगानी	88
7	30741200002882	सुकन राज	47
8	30741200001168	फकीर मोहम्मद	47
9	30741200002660	सुकन राज	43
10	30741200000718	मुराद खान पाठान	40
11	30741200002776	मुरली	30
12	30741200002653	फकीर मोहम्मद	24
13	30741200002950	लक्ष्मी नारायण	15
14	30741200002448	सुकन राज	14
15	30741200002783	मिश्री लाल	12
16	30741200001144	रणजीत सिंह भाटी	15
17	30741200002868	मिश्री लाल	7

नीलामी की तिथिः 20 एवं 21 जून, 2019
सम्पर्क व्यक्तिः श्री कैलाश शर्मा, टेलीफोन नं.: 8949492688/ 9214089244
नीलामी का स्थानः डीसीबी बैंक लिमिटेड, भू तल, 24, महावीर मार्ग, टाउन हॉल के सामने, सूरजपोल, पाली-मारवार, राजस्थान-306401

जैसा कि बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने उपरोक्त स्वर्ण आभूषणों के निपटारे का निर्णय लिया है, आज, नीलामी-सह बिक्री की यह सूचना विशेष रूप से संबंधित ऋणधारकों तथा आम जनता के लिए प्रकाशित की जाती है कि उपरोक्त वर्णित स्वर्ण आभूषणों की उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर सार्वजनिक रूप से बिक्री की जाएगी। किसी भी प्रकार की अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाता बैंक के प्राधिकृत अधिकारी से नीलामी तिथि को या उससे पूर्व संपर्क करें।
संबंधित ऋणधारकों/ गिरवी-कर्ताओं को नीलामी की तिथि के एक कार्य दिवस पूर्व तक सभी ब्याज तथा उस पर बढ़े हुए शुल्कों के पूरी तरह से उपरोक्त ऋण खाताओं का निपटारा करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल होने पर ऊपर-वर्णित कार्यक्रम के अनुसार इन स्वर्ण आभूषणों की बिक्री की जाएगी।
यहां ऊपर निर्दिष्ट स्वर्ण आभूषणों के संदर्भ में प्रकाशित विवरण बैंक के प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं ज्ञान में सही है, लेकिन कथित विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि, गलत-विवरण, खामियों, असंगतियों अथवा कमियों के लिये वे उत्तरदायी नहीं होंगे।

हस्ता./-
तिथिः 11.06.2019 प्राधिकृत अधिकारी,
स्थानः पाली डीसीबी बैंक लिमिटेड

स्वर्ण आभूषणों की नीलामी-सह-बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना — DCB BANK

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि डीसीबी बैंक लि. (यहां के बाद बैंक के रूप में वर्णित), कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित कंपनी जिसका पंजीकृत कार्यालय 601 एवं 602, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, छठा तल, टावर ए, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई- 400013 में स्थित है, के द्वारा सूचित किया जाता है कि यहां नीचे दिए गए विवरणों के अनुसार "जैसा है जहां है आधार", "जो भी वहां है आधार", "जैसा भी वहां है आधार" तथा "कोई उपचार नहीं आधार" पर गिरवी रखी गई स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी-सह-बिक्री आयोजित की जाएगी। ये सभी स्वर्ण आभूषण बैंक के नीचे वर्णित ऋणधारकों की ऋण खाता के संदर्भ में बैंक के पास गिरवी रखे गए हैं। नीचे वर्णित स्वर्ण आभूषणों की यहां नीचे वर्णित ऋणखाताओं के समक्ष वर्णित बकाए राशि की वसूली के लिए बिक्री की जाएगी।

क्रम सं.	ऋण खाता	ग्राहक का नाम	शुद्ध वजन (ग्राम में)
1	30141200000268	महेश माली	59
2	30141200001014	सुरेन्द्र दान	50
3	30141200000532	मोहन लाल गोदरा	28
4	30141200001441	अशोक कुमार	21
5	30141200000815	जगमल सिंह	100
6	30141200000578	राजेन्द्र राजेन्द्र	79
7	30141200001847	टीकम दास	29
8	30141200001236	संजय सैन	22

नीलामी की तिथिः 20 एवं 21 जून, 2019
सम्पर्क व्यक्तिः श्री कैलाश शर्मा, टेलीफोन नं. 08949492688/9214089244
नीलामी का स्थानः डीसीबी बैंक लिमिटेड, माल गोदाम रोड, रेलवे स्टेशन बारमेर के सामने, राजस्थान-344001

जैसा कि बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने उपरोक्त स्वर्ण आभूषणों के निपटारे का निर्णय लिया है, आज, नीलामी-सह बिक्री की यह सूचना विशेष रूप से संबंधित ऋणधारकों तथा आम जनता के लिए प्रकाशित की जाती है कि उपरोक्त स्वर्ण आभूषणों की उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर सार्वजनिक रूप से बिक्री की जाएगी। किसी भी प्रकार की अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाता बैंक के प्राधिकृत अधिकारी से नीलामी तिथि को या उससे पूर्व संपर्क करें।
संबंधित ऋणधारकों/ गिरवी-कर्ताओं को नीलामी की तिथि के एक कार्य दिवस पूर्व तक सभी ब्याज तथा उस पर बढ़े हुए शुल्कों के साथ पूरी तरह से उपरोक्त ऋण खाताओं का निपटारा करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल होने पर ऊपर-वर्णित कार्यक्रम के अनुसार इन स्वर्ण आभूषणों की बिक्री की जाएगी।
यहां ऊपर निर्दिष्ट स्वर्ण आभूषणों के संदर्भ में प्रकाशित विवरण बैंक के प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं ज्ञान में सही है, लेकिन कथित विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि, गलत-विवरण, खामियों, असंगतियों अथवा कमियों के लिए वे उत्तरदायी नहीं होंगे।

हस्ता./-
तिथिः 11.06.2019 प्राधिकृत अधिकारी
स्थानः बारमेर डीसीबी बैंक लिमिटेड

प्रदर्शनकारियों ने की संसद में हंगामा करने की कोशिश

हांगकांग पुलिस ने किया आंसू गैस का इस्तेमाल

हांगकांग, 12 जून (एएफपी)।

चीन में प्रत्यर्पण संबंधी विवादास्पद विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बुधवार को हांगकांग की संसद में हंगामा करने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया और दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प शुरू हो गई। हजारों लोगों ने सरकार के खिलाफ अपनी ताकत दिखाने के लिए अहम मार्गों को बाधित कर दिया।

पुलिस ने काले कपड़े पहने प्रदर्शनकारियों की भीड़ को भगाने के लिए काली मिर्च के छिड़काव, लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों में अधिकतर युवा और छात्र थे। प्रदर्शनकारियों ने चीन में प्रत्यर्पण को अनुमति देने वाले विवादास्पद विधेयक से पीछे हटने के लिए सरकार को अंतरराष्ट्रीय समयानुयार सुबह सात बजे तक का समय दिया गया था। इस समय-सीमा के बीतने के कुछ समय बाद ही झड़पें शुरू हो गईं।

'लेजिस्लेटिव काउंसिल' (लेगको) में विधेयक पर बहस से पहले शहर के बीच एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों की संख्या दंगा पुलिस की संख्या से बहुत ज्यादा थी। प्रदर्शनकारियों ने अहम मार्गों को बाधित कर दिया। समयसीमा

● प्रदर्शनकारियों ने चीन में प्रत्यर्पण को अनुमति देने वाले विवादास्पद विधेयक से पीछे हटने के लिए सरकार को अंतरराष्ट्रीय समयानुयार सुबह सात बजे तक का समय दिया गया था। इस समय-सीमा के बीतने के कुछ समय बाद ही झड़पें शुरू हो गईं।

समाप्त होते ही प्रदर्शनकारियों ने लेगको कार्यालयों की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों को दंगा पुलिस पर धातु की छड़ें और अन्य चीजें फेंकते देखा गया।

पुलिस ने छातों का कवच की तरह इस्तेमाल कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पहले लाठीचार्ज किया, फिर उन पर काली मिर्च का छिड़काव किया। इसके बाद आंसू गैस का इस्तेमाल किया। शहर के मुख्य सचिव मैथ्यू चेउंग ने प्रदर्शनों के खिलाफ पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया देते हुए बुधवार को प्रदर्शनकारियों से पीछे हटने की अपील की। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, 'मैं एकत्र हुए लोगों से अधिकतम संयम बरतने, शांतिपूर्ण रूप से तितर-बितर होने और कानून का उल्लंघन नहीं करने की अपील करता हूं।'

हांगकांग में 100 से अधिक कारोबारियों ने कहा कि वे प्रदर्शनकारियों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए बुधवार को अपने प्रतिष्ठान नहीं खोलेंगे। शहर के बड़े छात्र संघों ने घोषणा की कि वे रैलियों में शामिल होने के लिए कक्षाओं का बहिष्कार करेंगे।

ओस्लो में बुधवार को शाही महल में नार्वे के नरेश के साथ दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून और उनकी पत्नी किम।

पूर्व पाक राजदूत ने भारत के रुख का किया समर्थन

वाशिंगटन, 12 जून (भाषा)।

अमेरिका में पाकिस्तान के पूर्व राजदूत हुसैन हक्कानी ने 'आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते' के भारत के रुख का समर्थन करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच कोई भी उच्च-स्तरीय बातचीत तब-तक निरर्थक रहेगी जब तक इस्लामाबाद अपनी सरजमीं से आतंकवादी ठिकानों को नहीं हटाता।

पाकिस्तानी सरजमीं से आतंकी ठिकानों के खात्मे किए बिना भारत से वार्ता निरर्थक

हक्कानी ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से कहा कि पाकिस्तान की भारत के साथ वार्ता की हालिया पहल को उस पर पड़ रहे आर्थिक एवं अंतरराष्ट्रीय दबाव के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। उनका यह बयान किर्गिस्तान में 13-14 जून को आयोजित हो रहे 'शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन' से पहले आया है। भारत और पाकिस्तान क्षेत्रीय सुरक्षा समूह का हिस्सा हैं और दोनों देशों के नेता बिश्केक में होने वाली बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। हक्कानी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच अन्य कोई भी उच्च-स्तरीय वार्ता तब तक निरर्थक है जब तक कि पाकिस्तान अपनी सरजमीं से आतंकवादी ठिकानों को हटा नहीं देता। उन्होंने कहा, '1950 से दिसम्बर 2015 के बीच दोनों देशों के नेताओं ने 45 बार मुलाकात की है। लेकिन इन बातचीत से कभी भी स्थायी शांति कायम नहीं हो पाई।' उन्होंने कहा, 'वार्ता के दरवाजों को कभी भी स्थायी रूप से बंद नहीं माना जाना चाहिए.....।' हक्कानी 'हडसन इंस्टीट्यूट में 'दक्षिण और मध्य एशिया' के निदेशक हैं, जिन्हें पाकिस्तानी शासन और जिहादी विचारधारा का निर्विवाद आलोचक माना जाता है।

अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों को लागू करने पर उठाए सवाल

वाशिंगटन, 12 जून (एपी)।

अमेरिका के कार्यवाहक विदेश मंत्री पैट्रिक शानहन और चीन के विदेश मंत्री वी फेंगे के बीच बैठक शुरू होने से पहले अमेरिकी मंत्री ने अपने चीनी समकक्ष को एक विशेष 'तोहफा' देकर उत्तर कोरिया पर लगे प्रतिबंधों के क्रियान्वयन पर सवाल उठाए।

दोनों नेताओं ने मंगलवार को वार्ता शुरू होने से पहले अपने राष्ट्रों के ध्वज के सामने हाथ मिलाते हुए फोटो खिंचाई जो वार्ता शुरू होने से पहले एक नियमित प्रक्रिया है, लेकिन सम्मेलन कक्ष में जो हुआ, वह नियमित रूप से नहीं होता। शानहन ने चीनी रक्षा मंत्री वेई फेंगे को एक विशेष 'उपहार' भेंट किया। पहली नजर में कॉफी टेबल बुक की तरह दिखने वाले इस तोहफे के जरिए अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर लगाए गए प्रतिबंधों के क्रियान्वयन पर सवाल उठाए हैं। 32 पृष्ठीय इस पुस्तक में ऐसी तस्वीरें और उपग्रह चित्र थे जिनमें उत्तर कोरियाई पोत तेल का लेन-देन करते दिख रहे हैं। कई तस्वीरों के साथ तारीखों, समय, स्थानों और अन्य विवरण दिया गया था। अधिकारियों के अनुसार यह इस बात का सबूत है कि उत्तर कोरिया चीन के तट के पास आर्थिक प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहा है।

● शानहन ने चीनी रक्षा मंत्री वेई फेंगे को विशेष 'उपहार' भेंट किया। पहली नजर में कॉफी टेबल बुक की तरह दिखने वाले इस तोहफे के जरिए अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर लगाए गए प्रतिबंधों के क्रियान्वयन पर सवाल उठाए हैं।

सिंगापुर में एक राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन में वेई और उनके शीर्ष अधिकारियों के साथ मुलाकात के एक दिन बाद, शानहन ने कहा, 'मैंने उन्हें यह सुंदर पुस्तक दी।' पेंटागन के कार्यवाहक प्रमुख ने कहा, 'मैंने कहा कि यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां आप और मैं सहयोग कर सकते हैं।' उल्लेखनीय है कि व्यापार, अमेरिकी प्रौद्योगिकी की चोरी, ताइवान को अमेरिकी हथियारों की संभावित बिक्री और उत्तर कोरिया पर अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को छोड़ने का दबाव बनाने समेत कई मुद्दों को लेकर ट्रंप प्रशासन और चीन के साथ टकराव बना हुआ है। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि शानहन से बैठक शुरू होने से पहले वेई को पुस्तक देते हुए कहा कि उनके पास उनके लिए एक तोहफा है। वेई तोहफा मिलने पर शुरू में हैरान रह गए लेकिन जब उन्हें समझ आया कि यह वास्तव में क्या है तो उन्होंने इसे अपने साथियों को थमा दिया।

वॉशिंगटन स्थित 'सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज' में चीन ऊर्जा परियोजना की निदेशक बोनी ग्लेसर ने कहा, 'यह उन्हें (चीन को) यह बताने का तरीका है कि हमें पता है कि क्या चल रहा है। हमारे पास सबूत हैं और आपके पास अमेरिका के साथ सहयोग बढ़ाने का अवसर है।'

सीरिया ने इजराइल के मिसाइलों को मार गिराया

दमिश्क, 12 जून (एएफपी)।

सीरिया की वायुसेना ने देश के दक्षिणी हिस्से को निशाना बनाने वाली इजराइल की कई मिसाइलों को बुधवार को मार गिराया। लंदन में स्थित सीरियन आब्जरवेटरी फॉर ह्युमन राइट्स ने बताया कि इजराइली मिसाइलों ने सरकार के लेबनानी सहयोगी हिज्बुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया था। हमला गोलान पहाड़ियों के समीप स्थित 'तल अल-हारा सेक्टर' में स्थानीय समयानुसार देर रात दो बजे हुआ। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सना ने इजराइल पर 'इलेक्ट्रॉनिक युद्ध' करने और सीरियाई रडार को 'जाम' करने का भी आरोप लगाया।सीरिया में युद्ध पर नजर रखने वाले ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमैन राइट्स ने बताया कि हमलों में दो स्थानों पर हिज्बुल्लाह शिया आंदोलन के ठिकानों को निशाना बनाया गया। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ।

हमजा को 14 दिन की हिरासत

लाहौर, 12 जून (भाषा)।

अदालत ने बुधवार को पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता हमजा शहबाज को 14 दिन की हिरासत में भेज दिया। देश की भ्रष्टाचार रोधी संस्था 'एनएबी' ने धनशोधन और भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों में शहबाज को मंगलवार को गिरफ्तार किया था।

हमजा को 26 जून तक राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की हिरासत में भेजा गया है। न्यायाधीश जवादुल हसन ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुरक्षित रखा गया आदेश जारी किया। इससे पहले, एनएबी की एक टीम कड़ी सुरक्षा के बीच हमजा (44) को अदालत लेकर आई। हमजा पीएमएल-एन अध्यक्ष और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ का बेटा है। एनएबी अभियोजक ने अदालत को जानकारी दी कि पीएमएल-एन के उपाध्यक्ष यह बताने में नाकाम रहे कि उनके खाते में जमा 50 करोड़ रुपए कहां से आए। 'जियो न्यूज' ने खबर दी कि एनएबी ने पीएमएल-एन नेता की 15 दिन की हिरासत का अनुरोध किया था।

पाक को कर्ज में डुबोने वाले चोरों को नहीं बख्शेंगे : इमरान

इस्लामाबाद, 12 जून (भाषा)।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश में भ्रष्टाचार के मामलों में राजनेताओं की गिरफ्तारियों को सही ठहराते हुए कहा है कि वह देश को बुरी तरह कर्ज में डुबाने वाले 'चोरों' को नहीं बख्शेंगे। इमरान ने पिछले दस वर्ष में चढ़े भारी कर्जों की जांच के लिए उच्च स्तरीय आयोग गठित करने की भी घोषणा की। पाकिस्तान इस समय नकद धन की कमी से जूझ रहा है।

प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार का पहला बजट पेश किए जाने के बाद असामान्य तरीके से आधी रात को राष्ट्र को इस बारे में संबोधित किया। खान ने कहा कि पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं की जड़ में देश पर बकाया भारी कर्ज है। यह 10 साल में 6,000 अरब रुपए (पाकिस्तानी रुपए) से बढ़ कर 30,000 अरब रुपये पर पहुंच गया है।

इससे पहले मंगलवार को ही में दिन पंजाब विधानसभा के प्रतिपक्ष के नेता हम्जा शहबाज को गिरफ्तार किया गया। शहबाज को धन शोधन से जुड़े मामलों में भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (नैब) ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को नैब ने गिरफ्तार किया था। उन पर अरबों डॉलर के धन शोधन का आरोप है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भ्रष्टाचार के मामले में पहले से जेल में हैं। खान ने कहा कि अर्थव्यवस्था को स्थिर करने की उनकी सरकार की शुरुआती पहलों के बाद उनका ध्यान उन लोगों को घेरने पर होगा जिन्होंने देश को इतने बुरे हालात में पहुंचाया।

खान ने घोषणा की, 'पाकिस्तान अब स्थिर है। उस दबाव (अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने का) से राहत मिल चुकी है। अब मैं उनको (भ्रष्ट नेताओं) नहीं बख्शूंगा।' उन्होंने कहा कि वह एक शक्ति प्राप्त उच्च स्तरीय जांच आयोग का गठन करने जा रहे हैं। इसका एक ही कार्यक्रम होगा कि वह पता लगाए कि कैसे उन्होंने 10 साल में कर्ज को 24,000 अरब रुपए तक बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि इस आयोग में संघीय जांच एजंसी, आसूचना ब्यूरो, आइएसआइ, संघीय राजस्व बोर्ड और पाकिस्तान प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग के सदस्य शामिल होंगे।

भारतीय से विवाहित श्रीलंकाई महिला संयुक्त अरब अमीरात में लापता

दुबई, 12 जून। भारतीय व्यक्ति से विवाहित 58 साल की श्रीलंकाई महिला संयुक्त अरब अमीरात में लापता हो गई है। दरअसल यूएई में पिछले साल वीजा छूट योजना के दौरान परिवार के लगभग 30 वर्ष तक अवैध ढंग से यहां रहने के बारे में पता चला था, जिससे महिला मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह जानकारी सामने आई है।

यूएई ने पिछले साल तीन महीने का ऐतिहासिक वीजा छूट कार्यक्रम शुरू किया था। इसमें सैकड़ों अवैध विदेशी कामगारों को रहने की अनुमति दी गई थी। बिना जुर्माने के देश छोड़ने की उनकी तय अवधि को खत्म कर दिया गया व उन्हें नौकरी खोजने के लिए छह महीने का अतिरिक्त समय दिया गया। एमपी मधुसूदनन (63) ने बताया कि परिवार के अवैध प्रवास के उजागर होने से उनकी पत्नी रोहिणी परेरा परेशान हो गईं। इसके बाद उनकी मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा था। मधुसूदनन ने कहा कि रोहिणी दोषी महसूस करती थी कि वह परिवार की दुर्दशा का कारण है और उन पर बोझ है। हमने तुरंत उसे खोजने की बहुत कोशिश की, लेकिन नहीं मिली। **(भाषा)**

'जूता-चप्पल उद्योग की वृद्धि के लिए जीएसटी दर में हो कटौती'

नई दिल्ली, 12 जून (भाषा)।

देश में चमड़ा निर्यातकों ने उद्योग की वृद्धि व निर्यात को गति देने के लिए वित्त मंत्रालय से जूते-चप्पलों पर माल व सेवा कर की दर (जीएसटी) में कमी करने का आग्रह किया है।

चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलइ) के चेयरमैन पीआर अकील अहमद ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में मंगलवार को बजट पूर्व बैठक में इस मुद्दे को उठाया। घरेलू जूता-चप्पल क्षेत्र में रोजगार सृजन व विदेशी मुद्रा अर्जित करने की काफी संभावना है। अहमद ने एक बयान में कहा कि जूते-चप्पल पर जीएसटी में कटौती से इस घरेलू उद्योग की वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। परिषद ने एक हजार रुपए से अधिक मूल्य के जूते-चप्पल पर जीएसटी दर कम कर 12 फीसद करने की मांग की है। एक हजार रुपए तक के जूते-चप्पल पर जीएसटी दर कम कर पांच फीसद कर दिया गया है, जबकि इससे अधिक मूल्य पर जीएसटी दर 18 फीसद है।

औद्योगिक वृद्धि अप्रैल में छह महीने के उच्च स्तर 3.4 फीसद पर

नई दिल्ली, 12 जून (भाषा)।

खनन और बिजली उत्पादन में सुधार से औद्योगिक उत्पादन में अप्रैल महीने में वार्षिक आधार पर 3.4 फीसद वृद्धि हुई। यह छह महीने का उच्च स्तर है।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आइआइपी) के आधार पर पिछले साल अप्रैल महीने में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 4.5 फीसद थी। इससे पहले अक्तूबर 2018 में औद्योगिक वृद्धि दर सर्वाधिक 8.4 फीसद थी। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़े के अनुसार खनन क्षेत्र में वृद्धि आलोच्य महीने में 5.1 फीसद रही, जो पिछले वर्ष 2018 के इसी महीने में 3.8 फीसद थी। इसी प्रकार बिजली क्षेत्र में वृद्धि अप्रैल महीने में छह फीसद रही, जो इससे पूर्व वर्ष के इसी महीने में 2.1 फीसद थी। हालांकि, विनिर्माण क्षेत्र में नरमी रही। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि अप्रैल में घटकर 2.8 फीसद रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 4.9 फीसद थी। पूंजीगत वस्तु खंड में वृद्धि अप्रैल में घट कर 2.5 फीसद रही, जो पिछले वर्ष इसी महीने में 9.8 फीसद थी। पूंजीगत वस्तु खंड में वृद्धि निवेश गतिविधियों का आइना माना जाता है। इसी प्रकार बुनियादी ढांचा/निर्माण सामग्री, टिकाऊ उपभोक्ता सामान व गैर-टिकाऊ उपभोक्ता माल बनाने वाले उद्योग वर्गों में वृद्धि आलोच्य महीने में धीमी रही।

हालांकि, प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में इस साल अप्रैल में 5.2 फीसद की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 2.7 फीसद की वृद्धि हुई थी। अप्रैल, 19 में विनिर्माण क्षेत्र में 23 औद्योगिक समूह में से 14 में पिछले साल इसी महीने के मुकाबले वृद्धि दर्ज की गई। परिधान बनाने वाले उद्योग में सर्वाधिक 33.6 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। फर्नीचर छोड़ कर लकड़ी और लकड़ी उत्पाद उद्योग ने 22.6 फीसद की वृद्धि दिखाई।

तेजी थमी, सूचकांक 194 अंक टूटा

मुंबई, 12 जून (भाषा)।

शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लग गया और घरेलू शेयर बाजार बीएसई सूचकांक 194 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर बिकवाली के बीच बैंकों व वाहन कंपनियों के शेयरों में नुकसान के साथ शेयर बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार निवेशक मुद्रास्फीति और औद्योगिक वृद्धि के आंकड़े जारी होने पहले सतर्क दिखे।

कारोबार के दौरान 300 अंक से अधिक की गिरावट के बाद बीएसई सूचकांक कुछ संभला और अंत में 193.65 अंक यानी 0.48 फीसद की गिरावट के साथ 39,756.81 पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान यह नीचे में 39,623.53 व ऊंचे में 39,982.10 अंक तक गया। इसी प्रकार नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी 59.40 अंक यानी 0.50 फीसद की गिरावट के साथ 11,906.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक नीचे में 11,866.35 व ऊंचे में 11,962.45 तक गया।

सूचकांक के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में यस बैंक रहा। रेटिंग एजंसी मूडीज द्वारा निजी बैंक की साख को समीक्षा के लिए विचारार्थ रखे जाने की खबर से उसका शेयर 3.34 फीसद नीचे आया। ऐसी आशंका है कि बैंक की साख घटाई जा सकती है। नुकसान में रहने वाले अन्य शेयरों में मारुति, कोटक बैंक, हीरो मोटो कार्प, बजाज आटो, इंडसइंड बैंक व बजाज फाइनेंस शामिल हैं। इनमें 1.79 फीसद तक की गिरावट आई। दूसरी तरफ टाटा स्टील, ओएनजीसी, वेदांता, सन फार्मा, टीसीएस, आरआइएल, एचयूएल व आइटीसी में 2.60 फीसद तक की तेजी आई।

विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख से बाजार का माहौल ठंडा रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि उनकी चीन के साथ तब तक व्यापार सौदे में रुचि नहीं है, जब तक वह चार-पांच बड़े बिंदुओं पर सहमत नहीं हो जाता। इस बयान से वैश्विक रुख पर असर पड़ा।

सैंकटम वेल्थ मैनेजमेंट के मुख्य निवेश अधिकारी सुनील शर्मा ने कहा कि व्यापार युद्ध के समाधान की उम्मीद धूमिल हुई है और वैश्विक शेयर बाजारों की तरह घरेलू बाजारों में बिकवाली दबाव रहा। दुनिया के बाजारों में विकसित अर्थव्यवस्थाओं में नरमी या मंदी को लेकर चिंता बढ़ रही है। बांड पर रिटर्न कम होने व कच्चे तेल के दाम में गिरावट चिंता को प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर यह महत्त्वपूर्ण होगा कि आगामी बजट में वृद्धि को पटरी पर लाने के लिए निवेशकों की चिंता दूर की जाए। इस बीच अस्थायी आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 95.79 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई कंपोजिट सूचकांक 0.56 फीसद, हैंग सेंग 1.73 फीसद, निक्की 0.35 फीसद व कोस्पी 0.14 फीसद टूटे। शुरुआती कारोबार में यूरोप के प्रमुख बाजारों में गिरावट का रुख था।

स्पेक्ट्रम नीलामी को लेकर ट्राई के सुझावों पर विचार कर सकता है डिजिटल आयोग

नई दिल्ली, 12 जून (भाषा)।

डिजिटल संचार आयोग बृहस्पतिवार को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के साथ बैठक करने वाला है। इसमें स्पेक्ट्रम नीलामी के अगले दौर पर ट्राई के सुझावों पर चर्चा की जा सकती है। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है।

स्पेक्ट्रम नीलामी के अगले दौर में 5जी सेवाओं के रेडियो बैंड भी शामिल हैं। ऊंचे बैंड की फ्रीक्वेंसी जैसे 3.5 गीगाहट्र्ज के बैंड को 5जी सेवाओं के लिए उपयुक्त माना जाता है। ट्राई ने 3.5 गीगाहट्र्ज बैंड के स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए देश भर में प्रति मेगाहट्र्ज 492 करोड़ रुपए की आधार दर का सुझाव दिया है। एक अधिकारी ने कहा कि आयोग चर्चा में 5जी परीक्षण के लिए प्रस्तावित तरीकों को भी शामिल कर सकता है। इससे कंपनियों को देश में अगली पीढ़ी की सेवाओं की पहचान करने व उनका परीक्षण करने का अवसर मिल सकेगा।

अधिकारी ने कहा कि आयोग नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क शुरू करने से संबंधित परियोजनाओं, अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह में सैटेलाइट बैंडविथ को मौजूदा दो गीगाबिट प्रति सेकंड से बढ़ाकर चार गीगाबिट प्रति सेकंड करने व जिला स्तर पर परिचालन के लिए नए दूरसंचार लाइसेंस आदि पर भी चर्चा कर सकता है। आयोग 10 नक्सल प्रभावित राज्यों में 4,072 मोबाइल टावर लगाने व बीएसएनएल और एमटीएनएल जैसी सरकारी कंपनियों को राहत देने पर भी विचार कर सकता है।

सोना 200 व चांदी 330 रुपए मजबूत

नई दिल्ली, 12 जून (भाषा)।

विदेशों में मजबूती व स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की लिवाली बढ़ने से दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 200 की तेजी के साथ 33,570 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संगठन के अनुसार औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं के ताजा उठाव के कारण चांदी की कीमत भी 330 रुपए की तेजी के साथ 37,890 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सकारात्मक रुख और घरेलू मांग में तेजी के कारण कारोबारी धारणा में तेजी आई, जिससे सोने की कीमतों में तेजी आई। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध के तनाव बढ़ने के बीच निवेशकों में सर्राफा मांग बढ़ने के कारण न्यूयार्क में सोना तेजी के साथ 1,337 डॉलर प्रति औंस हो गया। जबकि चांदी भी तेजी के साथ 14.89 डॉलर प्रति औंस हो गई। दिल्ली सर्राफा बाजार में 99.9 और 99.5 फीसद की शुद्धता वाले सोने के भाव में 200-200 रुपए की तेजी रही और यह 33,570 और 33,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुए। हालांकि गिन्नी (8ग्राम) 26,700 रुपए के पिछले स्तर पर बनी रही। चांदी हाजिर की कीमत 330 रुपए बढ़कर 37,890 प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि चांदी साप्ताहिक डिलीवरी की कीमत 251 रुपए की तेजी के साथ 36,906 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। दूसरी ओर चांदी सिक्का का भाव लिवाल 80,000 और बिकवाल 81,000 रुपए प्रति सैकड़ा पर स्थिर बना रहा।

● अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध के तनाव बढ़ने के बीच निवेशकों में सर्राफा मांग बढ़ने के कारण न्यूयार्क में सोना तेजी के साथ 1,337 डॉलर प्रति औंस हो गया।

बच्ची से बलात्कार व हत्या के दोषी को फांसी की सजा

जनसत्ता ब्यूरो
जयपुर, 12 जून।

अलवर जिले के बहरोड इलाके में बच्ची से बलात्कार के बाद उसकी हत्या के दोषी राजकुमार को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई। फैसला अलवर जिले की पोक्सो विशेष अदालत के जज ने बुधवार को दिया। अदालत ने फैसले में कहा कि अभियुक्त का अपराध अत्यंत क्रूर और समाज को झकझोर देने वाला है। अपराध को करने का तरीका बर्बर और पशुतापूर्ण था।

यह मामला अलवर जिले के एक गांव में 1 फरवरी, 2015 को हुआ था। दोषी राजकुमार ने पड़ोस में रहने वाली पांच साल की बच्ची को टाफी देने के बहाने बुलाया। उसने बच्ची से बलात्कार किया और बाद में बच्ची की पत्थर मार कर हत्या कर दी थी। बहरोड पुलिस थाने में रपट दर्ज हुई थी। पुलिस ने आरोपपत्र अदालत में दाखिल किया था।

> जज अजय शर्मा ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अभियुक्त ने जिस तरह से राक्षस बन कर बच्ची से अपराध किया, वह कल्पना से परे है।

जज अजय शर्मा ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अभियुक्त ने जिस तरह से राक्षस बन कर बच्ची से अपराध किया, वह कल्पना से परे है। अभियुक्त ने पीड़िता को दर्दनाक और तकलीफदेह मौत दी है। आरोपी का आचरण पूर्व में भी खराब रहा है और यह मामला कोई साधारण प्रकरण नहीं है।

अदालत के विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि न्यायालय की ओर से आरोपी को धारा-302 में फांसी की सजा सुनाई गई है। धारा-376 में आजीवन कारावास और धारा-363 व 366 में सात साल की सजा सुनाई गई है। इस प्रकरण

बलात्कार की शिकायत की तो पत्नी को दिया तलाक

हापुड़, 12 जून (जनसत्ता)।

जिले में नौकर की पत्नी से मालिक ने बलात्कार किया। पत्नी की शिकायत पर उल्टे पति ने उसे तलाक दे दिया। पीड़िता की शिकायत पर एसपी यशवीर सिंह ने कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है। पीड़िता का पति ट्रैक्टर का ड्राइवर है। किराए के मकान में रहने वाली महिला का पति शराब की लत का शिकार है।

आरोप है कि नौकर को शराब पिला कर ट्रैक्टर मालिक ने उसकी पत्नी से कई बार अश्लील हरकत की। पति की शह पर सोमवार को आरोपी ने घर में घुसकर महिला से बलात्कार किया। शिकायत करने पर पति ने महिला को तीन बार तलाक कह घर से निकाल दिया।

बदमाशों ने बसपा नेता की गोली मारकर हत्या की

मुजफ्फरनगर, 12 जून (जनसत्ता)।

थानाभवन में भट्टा व्यवसायी व बसपा नेता सौकत उर्फ मांगे की अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मौके से एक तमंचा बरामद किया है। घटना की सूचना पर एएसपी और सीओ मौके पर पहुंचे।

थानाभवन क्षेत्र के गांव हरडफतेहपुर निवासी बसपा नेता व भट्टा व्यवसायी सौकत उर्फ मांगा पुत्र रहमूदीन की मगंलवार को अज्ञात बाइकसवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सौकत बनत तहसील में किसी कार्य से गया था जहां से अपनी बाइक पर सवार होकर शाम को गांव लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार थानाभवन के हिंड के पास स्थित ताज भट्टे के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे बाइक सवार बदमाशों ने सौकत को गोली मार दी। बदमाशों ने सौकत की कनपटी व छाती में गोली मारी। मौत की पुष्टि के बाद ही बदमाश फरार हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शौकत को सीएचसी पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सौकत उर्फ मांगा बहुजन समाज पार्टी का सक्रिय व वरिष्ठ कार्यकर्ता था। बसपा के पूर्व बघरा विधानसभा महासचिव सहित कई पदों पर रहा जबकि 2005 व 2015 में दो बार जिला पंचायत सदस्य का निर्दलीय चुनाव लड़ा। सौकत का एक भट्टे में साझा भी है।

तेलंगाना की जेलों में कैदी बने रेडियो जॉकी

हैदराबाद, 12 जून (भाषा)।

कैदियों को उनकी रचनात्मकता का पता लगाने में सक्षम बनाने और उन्हें मनोरंजन प्रदान करने के लिए तेलंगाना कारागार विभाग ने राज्य भर की जेलों में एफएम रेडियो सुविधा शुरू की है, जहां कैदी रेडियो जॉकी की भूमिका निभाते हैं।

> संगारेड्डी जिला कारागार राज्य की पहली ऐसी जेल बनी जहां एफएम सेवा शुरू की गई

कैदियों के सुधार और पुनर्वास के लिए चलाई गई एक योजना के तहत, जेल विभाग ने यह कार्यक्रम शुरू किया है जिसमें चुनिंदा कैदियों को एफएम रेडियो स्टेशन 'अंतर्वाणी' चलाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। कैदी भी कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं, जो उन्हें अच्छे हास्य में शामिल होने और अवसाद दूर करने में मदद करता है।

कैदी एफएम रेडियो स्टेशनों का संचालन करते हैं, जेल के टाइम टेबल की घोषणाएं करते हैं, साथी कैदियों के लिए देशभक्ति, भक्ति और लोक गीत और संगीत बजाते हैं। महानिदेशक (जेल एवं सुधार सेवाएं) वीके सिंह ने बताया, 'हमारा मुख्य उद्देश्य उनका सुधार और पुनर्वास है। जब वे मुख्यधारा में वापस जाएं, तो वे सज्जन बन कर जाएं। इसलिए हमने कई पहल की हैं और यह (जेलों में रेडियो स्टेशन) उसी दिशा में की गई एक और पहल है।' उन्होंने कहा, 'मनोरंजन इस पहल का एक हिस्सा है ताकि वे उदास न हों और आत्महत्या करने के बारे में न सोचें। हम उन्हें अच्छे हंसमुख माहौल में रखना चाहते हैं।'

यह पहल पहली बार मार्च में हैदराबाद के केंद्रीय कारागर और बाद में वारंगल केंद्रीय कारागार में शुरू हुई थी। जेल अधिकारियों ने बताया कि संगारेड्डी जिला कारागार राज्य की पहली जिला जेल बन गई जहां सोमवार को एफएम सेवा शुरू की गई।

सार्वजनिक सूचना
प्रपत्र सं. आइएनसी–26
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]

कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय एक राज्य से दूसरे राज्य में अंतरित करने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन

केन्द्रीय सरकार/प्रादेशिक निदेशक के समक्ष उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
हवेली बहादुरगढ़ होटल्स प्राईवेट लिमिटेड
जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : 19, तीसरा फ्लोर, ब्लॉक एफ, एलएससी, भेरा एन्क्लेव, पश्चिम विहार, दिल्ली–110063 में स्थित है
.....याचिकाकर्ता

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से हरियाणा राज्य में स्थानांतरित करने के लिए तारीख शुक्रवार, 31 मई, 2019 को आयोजित असाधारण अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संघम ज्ञापन मे संशोधन की पुष्टि की मांग की गई हैं।

कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररुप फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो, के साथ अपनी आपत्ति प्रादेशिक निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनो के भीतर बी–2 विंग, द्वितीय तल, दीनदयाल अंत्योदय भवन पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110003 पते पर पंजीकृत डाक दवारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके उपरोक्त रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा।

आवेदक के लिए और आवेदक की ओर से
हवेली बहादुरगढ़ होटल्स प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./–
(प्रदीप दहिया)
तिथि : 12.06.2019 निदेशक
स्थान : नई दिल्ली डीआईएन : 01483361

फार्म नं. आईएनसी–25ए
प्राईवेट कंपनी मे पब्लिक कम्पनी के परिवर्तन के लिए विज्ञापन
क्षेत्रीय निदेशक, निगमित मामलों के मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कंपनीज अधिनियम, 2013, कंपनीज अधिनियम की धारा 14 व कंपनी (समामेलन) नियम, 2014 के नियम 41 के मामले में और
मैसर्स साहिब फिनलेज़ लिमिटेड इसका पंजीकृत कार्यालय : केबिन नंबर–6, फर्स्ट फ्लोर आर–10, ग्रीन पार्क मेन नई दिल्ली – 110016 के मामले में
.....आवेदक

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कंपनी उपरोक्त नियमों के साथ पठित कंपनीज अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अंतर्गत केंद्र सरकार को आवेदन करने की इच्छुक है और ऐसे परिवर्तन को प्रभावित करने के लिए कंपनी को सक्षमक करने के लिए 27.05.2019 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बदलने की इच्छुक है।

कोई व्यक्ति जिसकी अभिरुचि कंपनी के पंजीकृत कार्यायल के इस प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होती हो, तो वह अपनी अभिरुचि की प्रकृति और विरोध के आधार को बताते हुए हलफनामे द्वारा समर्थित विरोध को पंजीकृत डाक द्वारा आवेदनकर्ता कंपनी को नीचे वर्णित पंजीकृत पते को एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर क्षेत्रीय निदेशक, (बी–2, विंग, दूसरी मंजिल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्लैक्स, नई दिल्ली–110003) को भेज या डिलीवर कर सकते है

केबिन नंबर–6, फर्स्ट फ्लोर आर–10, ग्रीन पार्क मेन नई दिल्ली – 110016

मैसर्स साहिब फिनलेज़ लिमिटेड
के लिए व उन्ही की ओर से
हस्ता/–
संकल्प गुलाटी
दिनांक : 05.06.2019 (निदेशक)
स्थान : नई दिल्ली डीआईएन : 03398210

"फॉर्म सं. आईएनसी–25ए"
पब्लिक कंपनी से प्राइवेट कंपनी में परिवर्तन के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाला विज्ञापन
क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली
कंपनीज़ अधिनियम, 2013, कंपनीज़ अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कंपनीज़ (निगमन) नियम, 2014 के नियम 41 के मामलें में
और
मैसर्स दिल्ली शेल्टर्स लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय फर्स्ट फ्लोर, ए–81, रोड न0. 2, महिपालपुर एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110037 में है के मामलें में
आवेदक

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में परितर्वन के लिए कंपनी को सक्षम बनाने हेतु कंपनीज़ अधिनियम, 2013 की धारा 14 एवं उपरोक्त नियमों के अंतगर्त केन्द्र सरकार को आवेदन करने की इच्छुक है, जिसके संदर्भ में 10 मई, 2019 को अयोजित अतिविशिष्ट सामान्य बैठक में विशेष प्रस्ताव पारित किया है।

यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति से प्रभावित होने की संभावना है तो वह शपथपत्र द्वारा समर्थित उसके हित की प्रकृति एवं विरोध का आधार बताते हुए, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चोदह दिनों के अन्दर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी–2 विंग, 2 फ्लोर, पं0. दीनदयाल, अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003 पर पंजीकृत डाक द्वारा सूचित करें, और एक प्रतिलिपि आवेदक कंपनी के निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय के पते पर भेजी जानी चाहिए:
पंजीकृत कार्यालय पता: फर्स्ट फ्लोर, ए–81, रोड न0. 2, महिपालपुर एक्सटेंशन, नई दिल्ली – 110037

कृते और आवेदक की ओर से
हस्ता/–
सुभाष चंद बंसल
स्थानः नई दिल्ली निदेशक
तिथिः 12.06.2019 DIN: 00049059

मिडईस्ट इन्टीग्रेटेड स्टील्स लिमिटेड
CIN:L74899DL1992PLC050216
पंजी. कार्याः मेस्को टावर्स, एच–I, जमरूदपुर कम्युनिटी सेंटर, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली–110048
Tel: : 011–40587085
Web: www.mescosteel.com

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 29 (1) (ए) तथा विनियमन 47 (1) (ए) के अनुपालन में कंपनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 21 जून 2019 को नई दिल्ली में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य विषयों के साथ ही 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही तथा वित्त वर्ष के लिए कंपनी के अंकेक्षित स्टैण्डएलॉन वित्तीय विवरणों, अंकेक्षित समेकित वित्तीय विवरणों तथा अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किए जाएंगे।

उक्त सूचना वेबसाईट www.mescosteel.com तथा साथ ही स्टॉक एक्सचैंज की वेबसाईट www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।

मिडईस्ट इन्टीग्रेटेड स्टील्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./–
रीता सिंह
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
स्थानः नई दिल्ली DIN: 00082263
तिथिः 13.6.2019

TARAI FOODS LIMITED
CIN: L15142DL1990PLC039291
Regd. Office: 13, Hanuman Road, Connaught Place, New Delhi- 110 001.
Website: www.taraifoods.com Email: grvnces.tfl@gmail.com Tel No.: 011-41018839

NOTICE

Notice is hereby given that following original equity share certificates of the company have been lodged to the RTA by the transferee for the transfer of shares in his name under SEBI circular vide SEBI/HO/MIRSD/DOS3/CIR/P/2018/139 dated 6th November, 2018.

FOLIO	NAME OF TRANSFEROR	DISTINCTIVE NO.	SHARES	NAME OF TRANSFEREE
34430	VASANTHA RADHAKRISHNAN	36602-36604	300	MANISH SHAH
42154	SK SHARMA	8755-8756	200	AJAY JAIN
20156	RENUKA SESHAN	19765	100	MANISH SHAH

Any person who has any objection in respect of the proposed transfer of above shares should lodge such claim with the company or its Registrar and Transfer Agents M/S Beetal Financial & Computer Services Pvt. Ltd. Beetal House, 99 Madangir, Near Dada Harsukhdas Mandir, New Delhi- 110062 within 30 days of publication of this notice after which no claim will be entertained and the Company shall proceed to transfer shares in favour of above transferee.

For TARAI FOODS LIMITED
Sd/-
R.P. Singh
Executive Director
DIN NO- 03615102
Place: Rudrapur
Date: 12.06.2019

SBI शाखा- स्ट्रेस्ड एस्सेट्स रिकवरी ब्रांच (05171), कोलकाता
शाखा का पता : 2/1, रसेल स्ट्रीट, कांकरिया सेंटर, तृतीय तल, कोलकाता- 700071 शाखा का ई-मेल : sarc.kolkata@sbi.co.in
ई-नीलामी सूचना

नीलामी पदाधिकारी का विवरण: नाम: श्रीमती रत्ना चक्रवर्ती, ई-मेल : ratna.chakraborty@sbi.co.in, मोबाइल: 9674713966

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना
[नियम 9(1) का प्रावधान देखें]
वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) विनियमन, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

ई-नीलामी की तिथि व समय : दिनांक : 28.06.2019 समय : 120 मिनट पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 1.00 बजे तक
प्रत्येक बोली हेतु 5 मिनट के असीमित विस्तारण के साथ
सभी के लिए सहभागिता हेतु आग्रह पत्र/ केवाईसी दस्तावेज/ धरोहर राशि का प्रमाण इत्यादि के दाखिले की तिथि व समय: 26.06.2019 से पहले अथवा को अप. 04.00 बजे तक

सर्वसाधारण तथा विशेष तौर पर कर्जदार एवं जमानतदार को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **मेसर्स युनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया**, 9, रफी मार्ग, विट्ठल भाई पटेल हाउस के पास, नई दिल्ली- 110001 के पास प्रत्याभूत लेनदार की बकाया राशि **रु. 1,54,66,227.00** की वसूली हेतु प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसे भारतीय स्टेट बैंक प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत पदाधिकारी ने फिजिकल कब्जा में ले लिया है, की बिक्री **28.06.2019** को "जैसा है जहां है", "जैसा है क्या है" तथा "जो भी वहां है" आधार पर की जाएगी। आरक्षित मूल्य : **रु. 1,72,72,000.00** तथा धरोहर राशि : **रु. 17,27,200.00,** बाद वाली राशि को बैंक में **26.06.2019** से पहले अथवा को जमा कर दें।

(अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण ज्ञात ऋणभार सहित)

युनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के नाम मेकर टावर "एफ" प्रीमिसेज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, एस., वासवाणि मार्ग, 85 कफे परेड, कोलाबा, मुंबई- 400005 स्थित "मेकर टावर" के तौर पर जाना जाने वाली बिल्डिंग के तृतीय तल पर ऑफिस नं0 39 तथा 567 वर्गफुट माप का कारपेट एरिया (सुपर बिल्ट अप एरिया 680 वर्गफुट) समाविष्ट संपत्ति का संपूर्ण हिस्सा।

एसएआरबी/18708/एसडी, संपर्क : 9674713937

बिक्री के विस्तृत नियम व शर्त हेतु कृप्या भारतीय स्टेट बैंक प्रत्याभूत लेनदार की वेबसाइट : www.sbi.co.in (लिंक : https://www.sbi.co.in, https://sbi.auctiontiger.net) देखें।

दिनांक : 13.06.2019, स्थान : कोलकाता प्राधिकृत पदाधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

प्रपत्र क
सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]

देव डैंसो पावर लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ

संबंधित विवरण

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	मैसर्स देव डैंसो पावर लिमिटेड
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	23.12.1997
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान संख्या	U74200DL1997PLC091296
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	बी–3, हाउस नं. 40 ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर–16, रोहिणी, नई दिल्ली–110085 यहां भी : सीएस–12, अंसल प्लाजा, सेक्टर–1, वैशाली, गाजियाबाद–201010
6.	कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि	11.06.2019 (आदेश 12.06.2019 को अपलोड किया गया)
7.	ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि	07.12.2019
8.	अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर	**पूजा बैहरी** **पंजीकृत संख्या : IBBI/IPA-003/IP-N00007/2016-2017/10063**
9.	अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई–मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है।	**पता :** 59/27, प्रभात रोड़, न्यू रोहतक रोड़, नई दिल्ली–110005 **ईमेल :** pujabahry@yahoo.com
10.	अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई–मेल	**पता :** 59/27, प्रभात रोड़, न्यू रोहतक रोड़, नई दिल्ली–110005 **ईमेल :** rp.devdensopower@gmail.com, pujabahry@yahoo.com
11.	दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	26.06.2019
12.	अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की 4 उप–धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई	आईआरपी के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार लागू नहीं है
13.	किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	आईआरपी के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार लागू नहीं है
14.	(क) संबंधित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है :	दावा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए वेब लिंक: http://www.ibbi.gov.in/home/downloads भौतिक पता : लागू नही

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, प्रिंसिपल बैंच, नई दिल्ली ने दिनांक **11 जून 2019** को **देव डैंसो पावर लिमिटेड** के विरुद्ध कार्पोरेट ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है। (आदेश 12.06.2019 को अपलोड किया गया)

देव डैंसो पावर लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण **26 जून, 2019** को अथवा पूर्व अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।

वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावे के फर्मी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।

हस्ता/–
पूजा बैहरी
अंतरिम समाधान पेशेवर
आईपी पंजीकृत संख्या : BBI/IPA-003/IP-N00007/2016-2017/10063
दिनांक : 13 जून, 2019 59/27, प्रभात रोड़, न्यू रोहतक रोड़, नई दिल्ली–110005
स्थान : नई दिल्ली फोन: 9811071716

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
Punjab & Sind Bank
पंजाब अैंड सिंध बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम / A Govt. of India Undertaking)
पंजाब एण्ड सिंध बैंक

नियम (8(1)) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय परिसम्पत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना नीचे तालिका में वर्णित तिथि को धारा 13(2) के अन्तर्गत जारी कर बैंक ने नीचे वर्णित ऋणधारकों को सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक(कों) तथा गारंटर(रों) इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहें, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, गारन्टरों तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे तालिका में वर्णित तिथि को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय उस पर आगे के ब्याज, लागत तथा अन्य चार्जेज के साथ नीचे वर्णित राशि के लिए पंजाब एंड सिंध बैंक के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

शाखा का नाम एवं पता	ऋणधारक (कों)/ गारन्टर(रों) का नाम	अचल सम्पत्ति का विवरण अचल सम्पत्ति का सम्पूर्ण भाग	मांग सूचना तिथि	कब्जा सूचना तिथि	मांग सूचना 13(2) के अनुसार
बलराम नगर, लोनी, गाजियाबाद, यू.पी. –201005	1. श्री गुलेय, पुत्र श्री समय सिंह, पता: गांव और पोस्ट सिंघावली अहीर, ब्लॉक-पलियाना जिला-बागपत, यू.पी. -250606 **-उधारकर्ता** 2. श्री जोनी, पुत्र श्री गुलेय, पता: गांव और पोस्ट सिंघावली अहीर, ब्लॉक-पलियाना, जिला-बागपत, यू.पी.-250606 **-उधारकर्ता** **इसके अलावा:** श्री गुलेय पुत्र समय सिंह और श्री जोनी पुत्र श्री गुलय दोनो का आवास फ्लैट नम्बर- जीएफ-1, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नम्बर-130, खसरा नम्बर-279, आकाशवाणी कॉलोनी, गांव सदुल्लाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश। 3. श्री सोनू पुत्र श्री गुलेय पता: गांव और पोस्ट सिंघावली अहीर, ब्लॉक-पलियाना, जिला-बागपत, यू.पी.-250606 **-गारंटर**	सम्पत्ति का वह सम्पूर्ण भाग जो फ्लैट नम्बर- जीएफ-1, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नम्बर-130, खसरा नम्बर-279, आकाशवाणी कॉलोनी, गांव सदुल्लाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश है। **सम्पत्ति की सीमाऐं:** पूर्व- 35 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम- अन्य की भूमि, उत्तर-प्लॉट नम्बर-129, दक्षिण- प्लाट नम्बर-131	04.12.2018	07.06.2019	रु.17,70,213.50/- जिसमें 30.11.2018 तक ब्याज शामिल है तथा 01.12.2018 लागू दर पर आगे का ब्याज, लागत, खर्चे तथा उस पर अन्य चार्जेज आदि।
बलराम नगर, लोनी, गाजियाबाद, यू.पी. –201005	1. श्री दिल बहादुर सूर्य बंशी पुत्र श्री खिम बहादुर, पता मकान नम्बर-1-सी-3, रेलवे कॉलोनी, ईस्ट पंजाबी बाग, दिल्ली-110026 **-उधारकर्ता** 2. श्रीमती शिवा काला सूर्य बंशी पत्नी श्री दिल बहादुर सूर्य बंशी पता मकान नम्बर-1-सी-3, रेलवे कॉलोनी, ईस्ट पंजाबी बाग, दिल्ली-110026 **-उधारकर्ता** **इसके अलावा:** श्री दिल बहादुर सूर्य बंशी पुत्र श्री खिम बहादुर और श्रीमती शिवा काला सूर्य बंशी पत्नी श्री दिल बहादुर सूर्य बंशी दोना का आवास फ्लैट नम्बर-एफएफ-2, प्रथम तल, प्लॉट नम्बर-56, खसरा नम्बर-67, आकाशवाणी कॉलोनी, गांव सदुल्लाबाद, गाजियाबाद, यूपी 3. श्रीमती राज बाला पत्नी श्री प्रवीन कुमार पता मकान नम्बर-36-ए-3, रेलवे कॉलोनी, ईस्ट पंजाबी बाग, दिल्ली-110026 **-गारंटर**	सम्पत्ति का वह सम्पूर्ण भाग जो फ्लैट नम्बर-एफएफ-2, प्रथम तल, प्लॉट नम्बर-56, खसरा न.-67, आकाशवाणी कॉलोनी, गांव सदुल्लाबाद, गाजियाबाद, यूपी है। सम्पत्ति की सीमाऐं: पूर्व- प्लॉट नम्बर-57, पश्चिम- 30 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर-अन्य की भूमि, दक्षिण- 9 मीटर चौड़ी सड़क	04.12.2018	07.06.2019	रु.9,58,620.60/- जिसमें 30.11.2018 तक ब्याज शामिल है तथा 01.12.2018 लागू दर पर आगे का ब्याज, लागत, खर्चे तथा उस पर अन्य चार्जेज आदि।

दिनांकः 13.06.2019
स्थानः गाजियाबाद
हस्ताक्षर-प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब एंड सिंध बैंक

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे क्लाईंट, मेसर्स मुथूट फाईनान्स लि. (GSTIN 32AABCT0343B1Z7), पंजीकृत कार्यालयः तल 2, मुथूट चेम्बर्स, बैनर्जी रोड, कोच्चि – 682018, केरल, भारत, CIN: L65910KL1997PLC011300, दूरभाषः +91 484-2396478, 2394712, फैक्सः +91 484-2396506, mails@muthootgroup.com, www.muthootfinance.com ऋण चुकाने में असफल ऋणियों के गिरवी रखे सोने के गहनों (31.03.2018 की अवधि तक NPA खातों) की निम्नलिखित विवरणों के अनुसार नीलामी करेगी। इच्छुक सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

नीलामी की तिथि: 27.06.2019

Jagadhri - Haryana: MGL-1067, 1135, MHP-3, MSL-9075, 10716, 10717, 10718, 10737, 10762, 10767, 10819, 10880, 10883, MUL-198, 211, 215, 274, 279, 321, 325, 327, 333, 351, 378, 400, 455, 456, 473, 481, 489, 503, 507, 519, 523, 527, 555, 557, 567, 600, 602, 624, 635, 639, 644, 660, 664, 690, 708, 716, 718, 766, 776, 811, 819, 826, 857, 868, 871, 872, 891, 897, 926, 956, 962, 977, 982, 1019, 1022, 1034, 1035, 1039, 1072, 1091, 1098, 1104, 1116, 1130, 1136, 1155, 1161, 1170, 1172, 1182, 1191, 1192, 1199, 1200, 1201, 1205, 1206, 1210, 1211, 1217, 1231, 1232, 1235, 1244, 1245, 1251, 1252, 1253, 1260, 1261, 1262, 1273, 1276, 1279, 1282, 1285, 1286, MWS-3, 14, 25, 29, 32, 51, 54, 58, 67, 73, 90, 92, 108, 109, 118, 128, 148, 150, 151, 158, 159, 160, 184, 185, 194, 199, 202, 212, 218, 220, 238, 249, 270, 273, 274, 293, 298, 299, 300, 301, 305, **Yamuna Nagar (Ha):** MGL-1705, MHL-77, MSL-10490, 10700, 10701, 10773, 10780, MUL-30, 313, 339, 361, 362, 364, 390, 401, 405, 427, 451, 452, 453, 454, 465, 492, 518, 519, 537, 546, 580, 589, 605, 608, 653, 677, 678, 704, 746, 751, 762, 781, 788, 824, 825, 827, 871, 904, 930, 1004, 1005, 1006, 1007, 1008, 1012, 1013, 1014, 1084, 1104, 1105, 1110, 1111, 1112, 1113, 1148, 1217, 1219, 1273, 1280, 1316, 1331, 1332, 1335, 1337, 1350, 1353, 1379, 1380, 1422, 1423, 1431, 1432, 1434, 1469, 1471, 1479, 1481, 1496, 1497, 1504, 1523,

'चंद्रयान-2' को 15 जुलाई को भेजा जाएगा : इसरो

बंगलुरु , 12 जून (भाषा)।

चंद्रमा की सतह पर खनिजों के अध्ययन और वैज्ञानिक प्रयोग करने के लिए भारत के दूसरे चंद्र अभियान, 'चंद्रयान-2' को 15 जुलाई को रवाना किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख के सिवन ने बुधवार को यह घोषणा की।

सिवन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास छह या सात सितंबर को उतरेगा। चंद्रमा के इस हिस्से के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं हासिल है। चंद्रयान-2 का प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से 15 जुलाई को तड़के दो बज कर 51 मिनट पर होगा। जीएसएलवी मार्क-3 रॉकेट इसे लेकर अंतरिक्ष में जाएगा।

यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास छह या सात सितंबर को उतरेगा

इसरो ने इससे पहले प्रक्षेपण की अवधि नौ जुलाई से 16 जुलाई के बीच रखी थी। अंतरिक्ष यान का द्रव्यमान 3.8 टन है। इसमें तीन मॉड्यूल हैं — आर्बिटर, लैंडर(विक्रम) और रोवर(प्रज्ञान)। सिवन ने कहा कि 'आर्बिटर' में आठ पेलोड, तीन लैंडर और दो रोवर होंगे।

उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि चंद्रयान-2 अभियान में उपग्रह से जुड़ी लागत 603 करोड़ रुपए की है। वहीं, जीएसएलवी मार्क-3 की लागत 375 करोड़ रुपए है। इसरो के मुताबिक, ऑर्बिटर, पेलोड के साथ चंद्रमा की परिक्रमा करेगा। लैंडर चंद्रमा के पूर्व निर्धारित स्थल पर उतरेगा और वहां एक रोवर तैनात करेगा।

ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर पर लगे वैज्ञानिक पेलोड के चंद्रमा की सतह पर खनिज और तत्वों का अध्ययन करने की उम्मीद है। गौरतलब है कि चंद्रयान-2 अपने पूर्ववर्ती चंद्रयान-1 का उन्नत संस्करण है। चंद्रयान-1 को करीब 10 साल पहले भेजा गया था।

बिहार : अज्ञात बीमारी से अब तक 45 बच्चों की मौत

पटना/मुजफ्फरपुर, 12 जून (भाषा)।

बिहार में मस्तिष्क ज्वर (चमकी बुखार) सहित अन्य अज्ञात बीमारी से अब तक 45 बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि जनवरी से कुल 165 बच्चे इस बीमारी से पीड़ित हो चुके हैं।

मुजफ्फरपुर के सिविल सर्जन डॉ शैलेश प्रसाद ने बुधवार देर शाम बताया कि हाइपोग्लाइसिमिया और अन्य अज्ञात बीमारी से मरने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर अब 45 हो गई, जबकि इस मौसम में कुल 165 बच्चे इससे पीड़ित हुए हैं। शैलेश ने बताया कि बीमार बच्चों में से अधिकांश हाइपोग्लाइसीमिया (रक्त में चीनी की कमी) से ग्रसित हैं। मुजफ्फरपुर स्थित श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. सुनील शाही ने बताया कि उनके अस्पताल में बुधवार को दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि 44 का अब भी इलाज चल रहा है।

कृष्णा देवी बालिका डिग्री कालेज, खंदिया मऊदरवाजा-फर्रुखाबाद
आवश्यकता है

महाविद्यालय में एन.सी.टी.ई. के मानकानुसार बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु विभागाध्यक्ष एवं सहा. आचार्य/प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। यू.जी.सी./एन.सी.टी.ई./राज्य सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शैक्षिक योग्यताधारी अभ्यर्थी/सेवानिवृत्त 65 वर्ष तक के अभ्यर्थी 10 दिन में आवेदन करें। वेतन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित बैंक माध्यम से देय होगा।

प्रबन्धक

श्री बाबू सिंह डिग्री कालेज, बैकुण्ठपुरी, बेबर रोड, फतेहगढ़-फर्रुखाबाद
आवश्यकता है।

महाविद्यालय में एन.सी.टी.ई. के मानकानुसार बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु विभागाध्यक्ष एवं सहा. आचार्य/प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। यू.जी.सी./एन.सी.टी.ई./राज्य सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शैक्षिक योग्यताधारी अभ्यर्थी/सेवानिवृत्त 65 वर्ष तक के अभ्यर्थी 10 दिन में आवेदन करें। वेतन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित बैंक माध्यम से देय होगा।

सचिव

फार्म नं. आईएनसी-26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष यथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 2013 के कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5) (ए) के मामले
और
जेआरबी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
(CIN: U45400DL2008PTC184509)
जिसका पंजीकृत कार्यालय :
9/91, शास्त्री गली, विश्वास नगर, दिल्ली-110032 में हैं, के मामले में
....आवेदक कंपनी / याचिकाकर्त्ता

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए केंद्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव एक असाधारण आम बैठक में कम्पनी को सक्षम करने हेतु **25 मई, 2019** को आयोजित बैठक में पंजीकृत कार्यालय को **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"असम राज्य"** में बदलने हेतु पारित किया गया।
यदि किसी व्यक्ति का हित कम्पनी में इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो, तो वे इसका कारण देते हुए आपत्ति हलफनामा में उल्लेख करते हुए जिसमें उनके हित/विपक्ष के आधार हो, एमसीए-21 पोर्टल **(www.mca.gov.in)** पर निवेशक शिकायत फार्म दर्ज करे या क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली -110003 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक कॉपी आवेदक कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय मे **9/91, शास्त्री गली, विश्वास नगर, दिल्ली-110032** पर इस सूचना के छपने के 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेज दे ।

कृते **जेआरबी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड**
दिनांक: 12 जून, 2019 — जुगराज बोथरा (निदेशक)
स्थान: नई दिल्ली — डीआईएन: 01332811

फार्म नं. आईएनसी-26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष यथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 2013 के कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5) (ए) के मामले
और
लिनियर डाटा क्वैस्ट प्राइवेट लिमिटेड
(CIN: U74999DL2018PTC329744)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : **ई-80/309, झिलमिल कॉलोनी, राजीव कैंप, नई दिल्ली-110095 में हैं, के मामले में**
....आवेदक कंपनी / याचिकाकर्त्ता

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए केंद्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव एक असाधारण आम बैठक में कम्पनी को सक्षम करने हेतु **12 अप्रैल, 2019** को आयोजित बैठक में पंजीकृत कार्यालय को **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"उत्तराखंड राज्य"** में बदलने हेतु पारित किया गया।
यदि किसी व्यक्ति का हित कम्पनी में इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो, तो वे इसका कारण देते हुए आपत्ति हलफनामा में उल्लेख करते हुए जिसमें उनके हित/विपक्ष के आधार हो, एमसीए-21 पोर्टल **(www.mca.gov.in)** पर निवेशक शिकायत फार्म दर्ज करे या क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली -110003 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक कॉपी आवेदक कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय मे **ई-80/309, झिलमिल कॉलोनी, राजीव कैंप, नई दिल्ली-110095** पर इस सूचना के छपने के 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेज दे ।

कृते **लिनियर डाटा क्वैस्ट प्राइवेट लिमिटेड**
दिनांक: 12 जून, 2019 — सुनील दत्त (निदेशक)
स्थान: नई दिल्ली — डीआईएन: 07873069

निपाह से निपटने को तैयार है पुडुचेरी

पुडुचेरी, 12 जून (भाषा)

पुडुचेरी सरकार ने बुधवार को कहा कि उसने निपाह के प्रकोप से निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। तमिलनाडु के एक व्यक्ति में इस वायरस के लक्षण पाए जाने के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है।

तमिलनाडु के कुड्डलोर जिले के 50 वर्षीय एक व्यक्ति को सरकारी अस्पताल जेआइपीएमईआर में भर्ती कराया गया है। उसमें बुखार और एन्सेफलाइटिस (मस्तिष्क में सूजन) के लक्षण पाए गए हैं। वह हाल ही में केरल के गुरुवायूर से लौटा था, जहां निपाह का एक मामला सामने आया है।पुडुचेरी के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाओं के निदेशक केवी रमण ने बताया कि एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम ने मंगलवार को आपात समीक्षा बैठक की।

फर्राटेदार अंग्रेजी बोल कर अमेरिकियों को ठगने वाले तीन कॉल सेंटरों का पर्दाफाश

इंदौर, 12 जून (भाषा)।

खालिस अमेरिकी उच्चारण वाली फर्राटेदार अंग्रेजी और आवाज में कड़क। अफसरों जैसा रौब-रुआब, ऑनलाइन ठगी की इस शातिर शैली के बूते अमेरिकी नागरिकों को चूना लगाने वाले तीन कॉल सेंटरों का यहां मध्यप्रदेश पुलिस के साइबर दस्ते ने खुलासा किया है। गिरोह के 78 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें 19 युवतियां शामिल हैं।

गिरोह के कब्जे से 60 कंप्यूटर, 70 मोबाइल फोन, सर्वर और अन्य गैजेट बरामद किए गए हैं। इनके पास अमेरिका के करीब दस लाख अमेरिकी नागरिकों के सामाजिक सुरक्षा नंबर, मोबाइल नंबर और अन्य गोपनीय डाटा मिला है। उन्होंने बताया, महज आठवीं पास मेनन गुजरात के अमदाबाद का रहने वाला है। वह इंदौर में साल भर से अंतरराष्ट्रीय ठगी के कॉल सेंटर चला रहा था। उसके गिरोह में शामिल टेलीकॉलर दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, पंजाब और पूर्वोत्तर के राज्यों के हैं और उनकी उम्र 18 से 32 वर्ष के बीच है। उन्हें अमेरिकी उच्चारण वाली अंग्रेजी बोलने का खास प्रशिक्षण हासिल है। सिंह ने बताया कि गिरोह के टेलीकॉलर अमेरिका में रहने वाले लोगों को विशेष सॉफ्टवेयर के जरिए इंदौर से वॉइस मैसेज भेजते थे और फोन कॉल करते थे। लेकिन शिकार के मोबाइल फोन पर अमेरिका का फर्जी नंबर डिस्प्ले होता था। टेलीकॉलर खुद को कथित तौर पर अमेरिका के सामाजिक सुरक्षा विभाग की सतर्कता इकाई के अधिकारी बताकर वहां के नागरिकों को झांसा देते थे कि उनके सामाजिक सुरक्षा नंबर का उपयोग धनशोधन और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों में किया गया।

78 आरोपी गिरफ्तार

राज्य साइबर सेल की इंदौर इकाई के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि विजय नगर क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर गिरोह के सरगना जावेद मेनन (28) और 77 अन्य आरोपियों को कल मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में ज्यादातर टेलीकॉलर हैं जिनके जरिए 25-25 सीटों वाले तीन कॉल सेंटर चलाये जा रहे थे।

पुलिस अधीक्षक के मुताबिक आरोप है कि टेलीकॉलरों द्वारा अमेरिकी लोगों से कहा जाता था कि मामले को रफा-दफा करने के लिए उन्हें कुछ रकम चुकानी होगी। वरना उनके सामाजिक सुरक्षा नंबर को ब्लॉक कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। ठग गिरोह में भारत के अलावा अन्य देशों के बदमाशों के भी शामिल होने का संदेह है। अमेरिका की संघीय जांच एजंसी (एफबीआइ) को मामले की सूचना दी जा रही है। गिरोह के सरगना मेनन और दो अन्य आरोपियों-भाविल प्रजापति (29) और शाहरुख मेनन (25) को एक स्थानीय अदालत के आदेश पर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। ये तीनों लोग 14 जून तक पुलिस हिरासत में हैं, जबकि ठगी के कॉल सेंटरों से जुड़े शेष 75 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

DCB BANK
शुद्धि-पत्र

यह नोटिस डीसीबी बैंक लिमिटेड द्वारा **जनसत्ता** हिन्दी समाचार पत्र के दिल्ली एनसीआर संस्करण में दिनांक **07.06.2019** को प्रकाशित किया गया था। इस नोटिस में निम्नलिखित बिंदुओं को गलत प्रकाशित किया गया है। उन्हें निम्नानुसार पढ़ा जाना चाहिए:

- ग्राहक का नामः विनोद कुमार गर्ग, ई-नीलामी की तिथि **26.06.2019** के बजाय **24.06.2019** पढ़ा जाए।
- ग्राहक का नामः जगजीत सिंह महल, ई-नीलामी की तिथि **20.06.2019** के बजाय **24.06.2019** पढ़ा जाए।

अन्य सभी नियम और शर्तें समान होंगी।

हस्ता.
दिनांकः 13.06.2019 — अधिकृत अधिकारी
स्थानः नई दिल्ली — डीसीबी बैंक लिमिटेड

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
चतुर्थ तल, राजेन्द्रा भवन, राजेन्द्र प्लेस नई दिल्ली-110008
शुद्धि-पत्र

यह शुद्धिपत्र **जनसत्ता हिन्दी समाचारपत्र** में दिनांक **12.06.2019** को प्रकाशित हुए ई-नीलामी सूचना के सन्दर्भ में है। जिसमें संपत्तियों के निरीक्षण की अवधि दिनांक 13.05.2019 से 27.06.2019 के जगह पर दिनांक 13.06.2019 से 27.06.2019 पढ़ा जाए तथा बिन्दु 8 में ई.एम.डी. के दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि 07.03.2019 के जगह पर **27.06.2019** पढ़ें। अन्य सभी नियम व शर्तें यथावत् रहेंगी।

दिनांकः 12.06.2019 — अधिकृत अधिकारी
स्थानः नई दिल्ली — बैंक ऑफ बड़ौदा

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
आंचलिक कार्यालय, छठा तल, कोन्नेक्टस टावर, यूनिट 602ए, टावर-।।, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन, अजमेरी गेट, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने, नई दिल्ली-110001, फोन : 011-23218529
शुद्धिपत्र

एतद्द्वारा सर्व साधारण को अधिसूचित किया जाता है कि सरफासी ऐक्ट, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी बिक्री के संबंध में हिन्दी और अंग्रेजी समाचारपत्र "जनसत्ता" और "फाइनेंशियल एक्सप्रेस" के 29-05-2019 के अंक में प्रकाशित बिक्री सूचना में क्र. सं. 14 (मैसर्स सिंह हैंडलूम्स) पर श्री हरजिन्दर सिंह के नाम में सम्पत्ति प्लॉट नंबर डब्ल्यूजैड-459, ए/3, प्रथम तल, एमएस ब्लॉक, हरि नगर, दिल्ली-110064 की ई-नीलामी 14-06-2019 को आयोजित नहीं की जाएगी।

प्राधिकृत अधिकारी,
तिथिः 12-06-2019 — यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
स्थानः दिल्ली — आरओ दिल्ली (दक्षिण)

उप-सचिव, निदेशक पर सरकार सीधे ला सकती है निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को

नई दिल्ली, 12 जून (भाषा)।

केंद्र सरकार उप-सचिव और निदेशक स्तर के कुछ पदों पर निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को नियुक्त करने की योजना बना रही है। सरकारी निर्णय प्रक्रिया में ये पद काफी महत्वपूर्ण माने जाता है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

आमतौर पर इन पदों को आइएएस जैसी समूह क की सेवाओं और केंद्रीय सचिवालय सेवा के अधिकारियों की प्रोन्नति से भरा जाता है। अधिकारियों ने कहा कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सचिव सी चंद्रमौली ने विभाग के अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखने वाले निजी क्षेत्र के अधिकारियों को उप-सचिव और निदेशक स्तर के पदों पर भर्ती करने के औपचारिक प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। अधिकारियों ने कहा कि शुरू में ऐसे कुल 40 अधिकारियों को नियुक्त किया जा सकता है।

शुरू में ऐसे 40 अधिकारियों को नियुक्त किया जा सकता है

नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में यह रेखांकित किया है कि यह जरूरी है कि विशेषज्ञों को सीधे उच्च पदों पर निश्चित अवधि के अनुबंध पर व्यवस्था में शामिल किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि आयोग भी उप-सचिव से लेकर संयुक्त सचिव तक के विभिन्न पदों पर विशेषज्ञों को नियुक्त करने पर विचार कर रहा है। उसने कहा कि सलाहाकारों की नियुक्ति पहले भी होती रही है लेकिन इन विशेषज्ञों को अगर शामिल किया जाता है, उनका स्तर सरकारी सेवाओं के जरिए आने वाले अधिकारियों के समरूप होगा। निजी क्षेत्र से विशेषज्ञों की नियुक्ति को लेकर जल्दी ही विज्ञापन जारी किया जा सकता है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने इस साल अप्रैल में संयुक्त सचिव पद पर निजी क्षेत्र के नौ विशेषज्ञों का चयन किया।

मुझे फांसी पर लटका दो

नाबालिग से बलात्कार, आरोपी ने अदालत से लगाई गुहार

भोपाल, 12 जून (भाषा)।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कमला नगर पुलिस थाना इलाके में तीन दिन पहले आठ वर्षीय बच्ची का कथित रूप से बलात्कार कर उसकी हत्या करने के मामले में यहां विशेष अदालत में 35 वर्षीय आरोपी विष्णु बामोरे के खिलाफ बुधवार को आरोपपत्र पेश किया गया। इस दौरान आरोपी विष्णु ने अपनी गलती पर पछतावा दिखाते हुए महिला न्यायाधीश की अदालत में अपने गुनाह को कबूल कर गुहार लगाई कि उसे फांसी पर लटका दिया जाए।

विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट सुधा विजय सिंह भदौरिया ने बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) कुमुदिनी पटेल की अदालत में जब हमनें आरोपी विष्णु के खिलाफ आरोपपत्र पेश किया, उस वक्त उसने अदालत में आठ वर्षीय बच्ची से शनिवार रात को बलात्कार कर उसकी गला घोंटकर हत्या करने के जघन्य अपराध को स्वीकारा और अदालत से गुहार लगाई कि मुझे फांसी पर लटका दो। उन्होंने कहा कि इसके बाद न्यायाधीश ने इस मामले के जांच अधिकारी से पूछा कि क्या आपकी जांच रिपोर्ट में आरोपी ने कहा है कि 'मुझे फांसी पर लटका दो', इस पर पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी विष्णु बामोरे ने हमसे ऐसा नहीं कहा।

सुधा ने बताया कि जब न्यायाधीश ने आरोपी से पूछा कि उसने ऐसा जघन्य कृत्य क्यों किया, तो इस पर आरोपी विष्णु ने अदालत को बताया कि इस दौरान वह नशे में था। उन्होंने कहा कि हमने आरोपी के खिलाफ भादंवि की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। सुधा ने बताया कि उसके खिलाफ 108 पेजों का आरोपपत्र पेश किया गया है। इसमें 40 गवाह की सूची है और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इसमें आरोपी व पीड़िता की रीजनल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की पॉजिटिव रिपोर्ट भी शामिल है, ताकि आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि अदालत ने आरोपी विष्णु बामोरे को फिर एक दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा है। बृहस्पतिवार को उसे फिर अदालत में पेश किया जाएगा।

विद्युत विभाग
नई दिल्ली नगरपालिका परिषद
अधिशासी अभियंता का कार्यालय (सी-II) ई
विद्युत भवन, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम रोड, नई दिल्ली-110011

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

निविदा आईडी सं. — 2019_NDMC_174008_1

कार्य का नामः 27 केजी मार्ग, नई दिल्ली में प्रस्तावित इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन के लिए एचटी पैनल बोर्ड का सीआईटीसी और सम्बद्ध कार्य।

अनुमानित लागत राशि	:	₹ 9,52,104/-
निविदा प्रकाशन की तिथि	:	12.06.2019
निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय	:	21.06.2019 को अपराह्न 03.30 बजे तक
निविदा खुलने की तिथि/समय	:	21.06.2019 को अपराह्न 04.00 बजे

विस्तृत जानकारी के लिए https://govtprocurement.delhi.gov.in देखें

नोटः एनडीएमसी में ई-निविदा में भाग लेने के लिए एनआईसी के साथ पंजीकरण अनिवार्य है।
अधिशासी अभियंता (ई) सी-II

To be the global Benchmark for a Capital City

बीएम-II प्रभाग, नागरिक अभियांत्रिकी विभाग,
नई दिल्ली नगरपालिका परिषद
322, 3रा तल, शहीद भगत सिंह प्लेस, गोल मार्केट, नई दिल्ली- 110001

ई-प्रापण निविदा सूचना

कार्य का नामः यशवंत प्लेस मार्केट का सुधार।
उ.शी..: यशवंत प्लेस तथा मेमो मार्केट, नई दिल्ली में बाहरी विकास एवं रूप-रेखा में प्रोन्नयण।
निविदा आईडीः 2019_NDMC_173991_1
अनुमानित लागतः रु. 1,46,40,472/-
ई-प्रापण सॉल्यूशन द्वारा निविदा जारी की तिथिः 11.6.2019
ई-प्रापण सॉल्यूशन द्वारा निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथिः 21.6.2019 के 4.00 बजे अप. में।
विस्तृत विवरण **https://www.govtprocurement.delhi.gov.in** में देखी जा सकती है।
टिप्पणीः नदिनप में ई-निविदा में भाग लेने के लिए आवेदन सेवा प्रदाता (एनआईसी) में पंजीकरण अनिवार्य है।
कृपया ध्यान रहे कि कोई भी परिवर्तन की सूचना ई-प्रॉपण प्रणाली द्वारा दी जाएगी।
हस्ता./- कार्यपालक अभियंता (बीएम-II)

राजधानी नगर के लिए ग्लोबल बैंचमार्क होगी

विमान का टायर फटा, सुरक्षित उतरा

जयपुर, 12 जून (भाषा)।

एक निजी विमानन कंपनी के विमान का टायर फट गया लेकिन विमान बुधवार को जयपुर हवाईअड्डे पर सुरक्षित उतरा। स्पाइसजेट के विमान 'बोइंग 737-800' ने दुबई से जयपुर के लिए उड़ान भरी थी। उसका टायर फट गया लेकिन वह सुरक्षित ढंग से उतर गया और किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। जयपुर हवाईअड्डे की कार्यवाहक निदेशक रमा गुप्ता ने बताया, 'दुबई एटीसी ने सूचित किया था कि विमान का टायर फटने का संदेह है। जयपुर एटीसी ने विमान के पायलट से हवाईअड्डे के निकट नीची उड़ान भरने को कहा। जब टायर फटे होने की पुष्टि हो गई तो आपातकालीन बंदोबस्त किए गए लेकिन विमान सामान्य ढंग से उतर गया।' स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि चालक दल ने तय प्रक्रिया का पालन किया और विमान सुरक्षित ढंग से उतर गया। कुछ यात्रियों ने हवाईअड्डे पर मीडिया से कहा कि विमान की लैंडिग के समय उन्हें कुछ झटके महसूस हुए लेकिन उतरने से पहले तक उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं थी।

अगर अधिकार होता तो बलात्कारियों को मार देता : पचौरी

कानपुर, 12 जून। भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा है कि ढाई साल की बच्ची या सात वर्षीय बच्ची का बलात्कार अमानवीय कृत्य है और अगर उनके पास अधिकार होता तो वह बलात्कारियों को मार देते। पचौरी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि मैं पुलिस से कहूंगा कि यातायात नियम तोड़ने के लिए पकड़े जाने वालों को जाने दें, लेकिन मैं पुलिस से यह नहीं कहूंगा कि हत्या करने वालों को जाने दें। उन्होंने कहा कि हर पुलिस अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वाह ईमानदारी से कर रहा है। जिलाधिकारी, एसएसपी, आइजी और डीजी अपना सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं। अब चूंकि भाजपा सरकार सत्ता में है तो ऐसी चीजों (बलात्कार व हत्या) को गंभीरता से लिया जाता है और अपराधियों से कड़ाई से निपटा जाता है।पचौरी ने कहा कि असहयोगात्मक और नकारात्मक सरकार के साथ ठीक से काम करना अधिकारियों के लिए मुश्किल है, लेकिन भाजपा सरकार में सब कुछ आराम से चल रहा है। (**भाषा**)

दिल्ली जल बोर्डः रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालयः कार्यपालक अभियंता (सी)- एस एंड पी
जल सदनः लाजपत नगरः नई दिल्ली-110024
एन.आई.टी. सं. 04/ एसएंडपी/(2019-20)
प्रैस निविदा

क्रम सं.	कार्य का विवरण	आरक्षित मूल्य	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा जारी की तिथि	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा डाउनलोड एवं आरटीजीएस की अंतिम तिथि एवं समय
1	दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर 150 केएलडी क्षमता के फाइटोरिड शोधन तकनीक का उपयोग कर 06 नग जलाशयों का जीर्णोद्धार (फेज-II) (पुनर्आमंत्रित)	रु. 47807514/-	2019-DJB-174021-1 12.6.2019	8.7.2019 के 3.00 बजे अप. तक

इस संदर्भ में विस्तृत विवरण govtprocurement.delhi.gov.in पर देखी जा सकती है।
पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी — हस्ता./-
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 66/2019-20 — कार्यपालक अभियंता (सी) एस एंड पी

SRS LIMITED
Regd. & Corporate Off : SRS Multiplex, 2nd Floor, City Center, Sector -12, Faridabad, NCR-Delhi -121007
E-mail:compliances@srsparivar.com, Website- www.srsparivar.com, CIN - L74999HR2000PLC040183
Extract of Standalone Unaudited Financial Results for the quarter / half year ended 30th September 2018
(₹ in Lacs, except per equity share data)

S. No.	Particulars	Standalone					
		Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
		30-Sep-18	30-Jun-18	30-Sep-17	30-Sep-18	30-Sep-17	31-Mar-18
		Unaudited			Unaudited		Audited
1.	Total Income From Operations (net)	2,128.42	2,643.49	2,915.60	4,771.91	6,508.91	11,372.05
2.	Net Profit / (Loss) after Tax from continuing operations	(1,611.84)	(4,316.96)	(5,422.38)	(5,928.80)	(5,100.80)	(7,414.74)
3.	Net Profit / (Loss) after Tax from discontinued operations	-----	-----	(15,821.33)	-----	(20,339.32)	(138,690.37)
4.	Net Profit / (Loss) after Tax	(1,611.84)	(4,316.96)	(21,243.71)	(5,928.80)	(25,440.12)	(146,105.11)
5.	Total Comprehensive Income for the period	(1,610.44)	(4,315.55)	(21,244.24)	(5,925.99)	(25,441.18)	(146,087.41)
6.	Equity Share Capital	27,858.20	27,858.20	27,858.20	27,858.20	27,858.20	27,858.20
7.	Other Equity						(125,598.73)
8.	Earning Per Share (of Re 10/- each) Basic : Diluted :	(0.58) (0.58)	(1.55) (1.55)	(7.63) (7.63)	(2.13) (2.13)	(9.13) (9.13)	(52.44) (52.44)

Note:- The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the quarter / half year ended 30th September 2018 filed with the Stock Exchange(s) under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirments) Regulations 2015. The full format of the Unaudited Financial Results for the quarter / half year ended 30th September 2018 are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com / www.nseindia.com) and Company's website www.srsparivar.com.

For SRS Limited
(Raju Bansal)
Whole Time Director
Place: Faridabad
Date: 11th June 2019

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
प्रतिभूतिकरण अधिनियम, 2002 की मांग सूचना 13(2)
शाखा कार्यालयः 13-बी, नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, नई दिल्ली-110002

यह मांग सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत एतद्द्वारा कर्जदारों/गारंटरों को उनकी गारंटी में दी गई ऋण सुविधा की बकाया राशि का भुगतान इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए जारी की गई है। यदि आप अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत इस सूचना के संदर्भ में नीचे वर्णित राशि और उस पर आगे ब्याज और प्रासंगिक व्यय, लागत आदि का भुगतान करने में असफल रहते हैं तो बैंक कथित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) और अन्य लागू प्रावधान के अंतर्गत उसे प्राप्त सभी या किसी अधिकार का प्रयोग करेगा। आपको यह भी सूचना दी जाती है कि आप बिना बैंक की लिखित अनुमति लिये इस सूचना में नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री, पट्टे पर देने या अन्य लेनदेन नहीं कर सकते है। **बकाया राशि के साथ खाता और प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण नीचे दिया गया है:**

अचल सम्पत्ति की अनुसूची एवं अन्य विवरण

क्र. सं.	कर्जदार/गारंटर का नाम	प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण	13(2) सूचना की तिथि एवं राशि
1.	**कर्जदारः** श्री अमित कुमार पुत्र श्री आनन्द कुमार एवं श्री आनन्द कुमार पुत्र स्वर्गीय पशुपतिनाथ श्रीवास्तव फ्लैट नं. 310, एमआईजी, दूसरा तल, दीप अपार्टमेंट-6, प्लॉट नं. ए 4/18, अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद, यूपी-201102 **गारंटरः** श्री राहुल श्रीवास्तव पुत्र श्री प्रेम नारायण लाल, निवासी एम-70/71, दूसरा तल, नजदीक जगतराम पार्क, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092	श्री अमित कुमार पुत्र श्री आनन्द कुमार की साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति सम्पत्ति का विवरणः दीप अपार्टमेंट-6, प्लॉट नं. ए 4/18, डी.एल.एफ. अंकुर विहार, हदबस्त गांव लोनी, परगना लोनी, तहसील एवं जिला-गाजियाबाद, यूपी-201102 में निर्मित फ्लैट नं. 301, दूसरा तल, अग्रभाग एमआईजी बिना छत अधिकार, सुपर कवर्ड एरिया 750 वर्ग फीट अर्थात् 69.67 वर्ग मीटर जो घिरा हैः उत्तर : प्लॉट नं. ए-4/17 दक्षिण : प्लॉट नं. ए-4/19 पूर्व : प्लॉट नं. ए-5/7 ए

फरार होने की आशंका, नीरव मोदी की जमानत अर्जी चौथी बार खारिज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 जून।

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को 13 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का चूना लगाने वाले भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को लंदन हाई कोर्ट से झटका लगा है। लंदन के रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया है। बुधवार अदालत ने अपना फैसला सुनाया। इससे पहले, वेस्टमिंस्टर कोर्ट ने लगातार तीन बार उसकी जमानत याचिका खारिज दी थी।

फैसला सुनाते हुए लंदन की हाई कोर्ट की न्यायाधीश ने कहा कि यह मानने का ठोस आधार है कि नीरव मोदी जमानत पर छूटने के बाद फिर से कानून के आगे समर्पण नहीं करेगा। इसके बाद भारतीय एजंसियों ने उसके प्रत्यर्पण की अपील करते हुए नए सिरे से कागजात अदालत में जमा कराए हैं। नीरव मोदी को 19 मार्च को 13 हजार करोड़ के घोटाले के आरोप में स्कॉटलैंड यार्ड में गिरफ्तार किया गया था। उसके प्रत्यर्पण के लिए भारतीय एजंसियां लगातार कोशिश कर रही हैं।

जज इंग्रिड सिमलर ने नीरव मोदी और भारत की ओर से पैरवी कर रही ब्रिटेन की अभियोजन सेवा के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि सभी महत्त्वपूर्ण चीजों पर सावधानीपूर्वक विचार के बाद यह अदालत का यह मानना है कि अगर नीरव मोदी को जमानत पर छोड़ा जाता है तो वह सबूत के साथ छेड़छाड़ और न्यायिक प्रक्रिया में बाधा पहुंचा सकता है।

जज ने नीरव मोदी की 20 लाख पौंड की जमानत की पेशकश का उल्लेख करते हुए कहा

> लंदन हाई कोर्ट के जज ने कहा, अगर नीरव मोदी को जमानत पर छोड़ा जाता है तो वह सबूत के साथ छेड़छाड़ और न्यायिक प्रक्रिया में बाधा पहुंचा सकता है

कि प्रार्थी बड़ी मात्रा में धन जुटाने की स्थिति में है। सभी 12 गवाहों ने एक जैसा ही आरोप लगाया कि उन्हें धमकी दी जा रही है और डराया जा रहा है। इन परिस्थितियों में इस बात के पक्के सबूत हैं कि आवदेक (नीरव मोदी) और उसके आदमी सबूतों को नष्ट कर सकते हैं।

लंदन हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान नीरव मोदी की वकील क्लेयर मोंटगोमेरी ने दलील दी कि नीरव मोदी लंदन पूंजी इकट्ठा करने के लिए आए हैं। अगर उन्हें जमानत मिली तो उन्होंने खुद को एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण से टैग करने की इच्छा जताई है, जिसके जरिए उन्हें ट्रैक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चूंकि उनके खिलाफ प्रत्यर्पण का मामला शुरू हो चुका है, इसलिए उनके भागने का सवाल पैदा नहीं होता। उनके बेटे और बेटी इंग्लैंड में यूनिवर्सिटी खोल रहे हैं और वे आते जाते रहेंगे।

नीरव मोदी की वकील के तर्क पर आपत्ति जताते हुए अदालत में भारत सरकार का पक्ष रख रहे ब्रिटेन की अभियोजन सेवा ने कहा कि आरोप फर्जीवाड़े और आपराधिक कृत्य के हैं। इस पर न्यायाधीश ने कहा है कि ये बस आरोप हैं। इन्हें तय समय-सीमा के भीतर निपटाना होगा। बीती आठ मई को तीसरी बार नीरव मोदी कोर्ट में एम्मा अर्बथनॉट के सामने पेश हुआ था। उसके वकीलों ने भरोसा दिया था कि वह लंदन के ही फ्लैट में रहेगा और सुनवाई में पेश होगा, लेकिन जज ने एक न सुनी और जमानत याचिका खारिज कर दी थी। भारत की तरफ से कोर्ट में पेश हुए वकीलों ने कहा था कि नीरव मोदी ने पिछली बार के ही तर्क दोहराए हैं और ऐसा नया कुछ भी नहीं पेश किया जिसकी बुनियाद पर जमानत दी जाए।

तेजाब हमला : अदालत ने मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदला

मुंबई, 12 जून (भाषा)।

बंबई हाई कोर्ट ने प्रीति राठी तेजाब हमला मामले में 25 वर्षीय एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा लेकिन उसे दिए गए मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदल दिया। साल 2013 के इस मामले के दोषी अंकुर पंवार को 2015 में एक विशेष अदालत ने मृत्युदंड की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ अंकुर ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति बीपी धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति पीडी नाइक की खंडपीठ ने याचिका को आंशिक रूप से मंजूर कर लिया।

यह पहला मामला था जब तेजाब हमले के मामले में देश की किसी अदालत ने मृत्युदंड दिया था। पीठ ने कहा, 'भारतीय दंड संहिता की धाराओं 302 (हत्या) और 326 (बी) (तेजाब का इस्तेमाल करके जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत दोषसिद्धि को बरकरार रखा गया है। मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदल दिया गया है।'

नर्स प्रीति का पीछा करने वाले अंकुर ने मई 2013 में उस पर तेजाब फेंका था जिससे उसकी मौत हो गई थी। प्रीति दिल्ली से आ रही ट्रेन से दो मई 2013 को यहां बांद्रा टर्मिनस पर उतरी थी, तभी अंकुर ने उसके चेहरे पर तेजाब फेंक दिया था। प्रीति की आंखों की रोशनी चली गई थी और वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। अस्पतालों में करीब एक महीने तक प्रीति का उपचार चला और उसी साल एक जून को यहां बंबई अस्पताल में उसका निधन हो गया था।

गोवा भाजपा ने कहा, कांग्रेस के दस विधायक पार्टी में आने के इच्छुक

पणजी, 12 जून (भाषा)।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गोवा इकाई के प्रमुख विनय तेंदुलकर ने बुधवार को दावा किया कि राज्य में कांग्रेस के दस विधायकों ने बीते एक पखवाड़े में भगवा दल में शामिल होने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हालांकि यह प्रस्ताव स्वीकार करने से इनकार कर दिया, क्योंकि विधानसभा में उसके पास पर्याप्त बहुमत है और मौजूदा सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी।

गोवा कांग्रेस के प्रमुख गिरीश चोडणकर ने हालांकि भाजपा नेता के इस दावे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने से इनकार कर दिया।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !

सांकेतिक कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

सिक्योरिटीजाइजेशन एवं रिक्न्सट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत तथा सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट (एनफोर्समेंट) नियमों 2002 के साथ पढ़ते हुए अनुच्छेद 13 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने सम्बन्धित ऋणी/ऋणियों/गारन्टरों को प्रत्येक के नाम के सामने दर्शाए गए खाते में उनके नामों के सामने दी गई तारीखों पर नोटिस की तारीख/उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस जारी किया था। ऋणी/ऋणियों/गारन्टरों द्वारा राशि अदा करने में असफल होने पर ऋणी/ऋणियों/गारन्टरों और जन सामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने प्रत्येक खाते के सामने दी गई तारीखों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गयी सम्पत्ति/सम्पत्तियों का **सांकेतिक अधिग्रहण** कर लिया है। ऋणी/ऋणियों/गारन्टरों/ बंधककर्ताओं को विशेष रूप से एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त सम्पत्ति/सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी प्रकार का लेन-देन न करें। इन सम्पत्ति/सम्पत्तियों से किसी प्रकार का लेन-देन पंजाब नैशनल बैंक को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज के चार्ज के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है।

क्र0 सं0	शाखा का नाम	खाते का नाम	ऋणकर्ता का नाम और पता	बंधक सम्पत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तिथि,मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि	सांकेतिक कब्जे चिपकाने की तिथि	प्राधिकृत अधिकारी का नाम
1.	ई. के. रोड़, मेरठ	मेसर्स सतेंद्र गुड्स ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (ऋणकर्ता)	1. मैसर्स सतेंद्र गुड्स ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (ऋणकर्ता), अजंता पेट्रोल पंप के पास, ट्रांसपोर्ट नगर, मेरठ, यू.पी. 2. श्रीमती रीना आनंद, स्वर्गीय श्री सुभाष चंद कोहली (गारंटर) की कानूनी वारिस, 43/5, न्यू पंजाबी पुरा दिल्ली रोड, मेरठ यू.पी. 3. श्री सतेंद्र कोहली (पार्टनर और गारंटर) 43/5, न्यू पंजाबी पुरा दिल्ली रोड, मेरठ यू.पी. 4. श्री समीर कोहली, स्वर्गीय श्री सुभाष चंद कोहली (गारंटर) के कानूनी वारिस, 43/5, न्यू पंजाबी पुरा दिल्ली रोड, मेरठ यू.पी.	आवासीय संपत्ति के सभी भाग और पार्सल आवासीय मकान स्थित नगर निगम नंबर -48/4, खसरा नंबर -1687 का भाग, प्लॉट नंबर -13, पंजाबी पुरा, दिल्ली रोड, मेरठ-250002 (यूपी) क्षेत्रफल 226.18 वर्गगज श्री सतेंद्र कोहली और स्वर्गीय सुभाष चंद कोहली के नाम पर। 1. वाणिज्यिक भवन एमपीएल नं.-106, प्लॉट नंबर -2 का पश्चिम साइड वाला हिस्सा पुराना नंबर -59/1बी और 145, जगन्नाथ पुरी कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर, मेरठ, 250002 (यू.पी.), क्षेत्रफल 250.00 वर्ग गज श्री सतेंद्र कोहली और स्वर्गीय श्री सुभाष चंद कोहली के नाम पर।	06.02.2019 रु. 2,39,34,387.33 दिनांक 30.11.2018 से ब्याज व 01.12.2018 को अन्य खर्चे	06.06.2019	श्री राहुल शर्मा -सीएम

दिनांकः- 12.06.2019 स्थानः- मेरठ प्राधिकृत अधिकारी

FORM A
PUBLIC ANNOUNCEMENT
(Under Regulation 6 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)
For the Attention of the Creditors of M/s YS Marchandise International Private Limited

1.	Name of corporate debtor	**M/s YS Marchandise International Private Limited**
2.	Date of incorporation of corporate debtor	20/12/2012
3.	Authority under which corporate debtor is incorporated / registered	Registrar of Companies, NCT of Delhi & Haryana under Companies Act, 1956
4.	Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor	U51900DL2012PTC246517
5.	Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor	E-10, Lakshmi Nagar, New Delhi-110092
6.	Insolvency commencement date in respect of corporate debtor	06/06/2019 Vide NCLT Order IB- 136/ND/2019 dated 06/06/2019. (Certified copy of Order received on dated 10/06/2019).
7.	Estimated date of closure of insolvency resolution process	03/12/2019 (180 Days from the date of commencement of CIRP)
8.	Name and registration number of the insolvency professional acting as interim resolution professional	**Mr. Sunil Kumar Agrawal** **Registration** No: IBBI/IPA-002/IP-N00081/2017-2018-10222
9.	Address and e-mail of the interim resolution professional, as registered with the Board	**Address:** E- 29, South Extension- II, New Delhi- 110049 **Email:** aggarwalsk21@yahoo.com
10.	Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional	**Address:** 904, Sector- 7C, Faridabad-121006 Email:irpysmarchandise2019@gmail.com ipsunilagrawal21@gmail.com
11.	Last date for submission of claims	24/06/2019
12.	Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained by the interim resolution professional	NA
12.	Names of Insolvency Professionals identified to act as Authorized Representative of creditors in a class (Three names for each class)	NA
13.	(a) Relevant Forms and (b) Details of authorized representatives are available at:	**Web link:** https://ibbi.gov.in/downloadform.html **Physical Address:** NA

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal (NCLT), New Delhi, Bench has ordered the commencement of a corporate insolvency resolution process of the M/s YS Marchandise International Private Limited vide order IB - 136/ND/2019 dated 06/06/2019 and Certified copy of Order received by IRP on dated 10/06/2019.

The creditors of M/s YS Marchandise International Private Limited are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 24/06/2019 to the interim resolution professional at the address mentioned against entry No. 10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means.

A financial creditor belonging to a class, as listed against the entry No. 12 (N/A), shall indicate its choice of authorized representative from among the three insolvency professionals listed against entry No.13 to act as authorized representative of the class in Form CA.

The submission of claims is to be made in accordance with Chapter IV of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016. The claim with proof is to be submitted in following specified forms along with documentary proof in support of claim:

Form B: Claim by Operational Creditors except workmen & employees.
Form C: Claim by Financial Creditors.
Form CA: Claim by Financial Creditors in a class.
Form D: Claim by workmen or an employee.
Form E: Claim submitted by an authorized representative of workmen or an employee.
Form F: Claim by Creditors (other than Financial Creditors and Operational Creditors)

Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.

Sunil Kumar Agrawal
Interim Resolution Professional
Regn. No: IBBI/IPA-002/IP-N00081/2017-2018-10222

Date: 10/06/2019
Place: New Delhi

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

बैंक ऑफ इंडिया
नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा, "स्टार हाउस",
तीसरी मंजिल, एच -2, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली - 110001,
फोनः 011-23755606, 23755605

इरादतन चूककर्ताओं के फोटोग्राफ के प्रकाशन के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **बैंक ऑफ इंडिया** ने निम्नलिखित व्यक्तियों (उधारकर्ताओं और/या गारंटरो होने के नाते) को आरबीआई द्वारा एवं साथ ही बैंक ऑफ इंडिया के बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देषों के अनुसार तथा इस संदर्भ में आरबीआई द्वारा और **बैंक ऑफ इंडिया** के बोर्ड द्वारा अनुबद्ध और निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करने के पश्चात् नीचे वर्णित खातों में, '**इरादतन चूककर्ता**' घोषित किया है। हम बड़े पैमाने पर जनता के हित में उधारकर्ता और/या गारंटरों की फोटो के साथ '**इरादतन चूककर्ता**' ,खातों के नाम प्रकाशित कर रहें हैं।

क्र. सं.	शाखा का नाम / उधारकर्ता (ओं)/गारंटर (ओं) का नाम एवं पता	एनपीए की तारीख और देय	खाते का नाम, पता और खाता संख्या	उधारकर्ता (ओं)/गारंटर (ओं) की फोटो एवं नाम
1.	अंसारी रोड शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा श्री अनीस अहमद 840 - एफ -3, शालीमार गार्डन, एक्सटेंशन -1, गाजियाबाद, यूपी श्री मुजम्मिल सिद्दीकी 13/103, शालीमार गार्डन, एक्सटेंशन -1, गाजियाबाद, यूपी	30.06.2015 रु. 75,89,414.00 एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार	मैसर्स डेल इंपेक्स प्राइवेट लिमिटेड 4574/15, दूसरी मंजिल, पदम चंद मार्ग, अंसारी रोड, दरियागंज, दिल्ली 603230110000072	श्री अनीस अहमद / श्री मुजम्मिल सिद्दीकी
2.	ओखला एसएमई शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा श्री नरेश कुमार शर्मा 91, एस्पीन ग्रीन्स, निर्वाणा कंट्री, साउथ सिटी-II, गुड़गांव, हरियाणा श्री परमिंदर बावा 280-बी/1, राम नगर, गाजियाबाद यूपी	13.08.2009 रु. 86,31,902.46 एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार	मैसर्स इंडस ट्रेडिंग कंपनी ए-279, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली 602985110000008 602985410000002 602920110000404 602982610000018	श्री नरेश कुमार शर्मा / श्री परमिंदर बावा
3.	कनॉट सर्कस शाखा / नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा मैसर्स फारेनहाइट ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड 68/3, ओल्ड सिल्वेनिया लक्ष्मण बिल्डिंग, नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली के माध्यम से श्री कुनाल रामचंदानी ई -182, ग्रेटर कैलाश-II, नई दिल्ली श्री सुमित नंदा ई -63, ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली मैसर्स क्रिश पावर एंड गैस प्रोजेक्ट्स (प्रा) लिमिटेड ए-15, तेजपुर रोड, बदरपुर, नई दिल्ली	31.12.2015 रु. 7,92,39,352.60 एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार	मैसर्स सतमान कार्स प्राइवेट लिमिटेड ए -10, नजफगढ़ रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, शिवाजी मार्ग, मोती नगर, दिल्ली 600330110000051 600370210000022	PAN NO. AABCF2557R  मैसर्स फारेनहाइट ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड / श्री कुनाल रामचंदानी PAN NO. AAECK0439N श्री सुमित नंदा / मैसर्स क्रिश पावर एंड गैस प्रोजेक्ट्स (प्रा) लिमिटेड
4.	न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी मिड कॉरपोरेट शाखा / नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा श्री दिनेश ढल्ला 3166/32, बिडुनपुरा, करोल बाग नई दिल्ली	31.12.2015 रु. 54,75,268.50 एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार	मैसर्स श्री सिद्धि विनायक ज्वेलर्स 3166/32, बिडुनपुरा, करोल बाग, नई दिल्ली 606830110000009	श्री दिनेश ढल्ला
5.	नई दिल्ली ओवरसीज शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा श्री जवाहर लाल मंघानी प्लॉट नंबर 5, ब्लॉक डब्ल्यू, ग्रेटर कैलाश- I, नई दिल्ली श्री हंसराज मंघानी प्लॉट नंबर 5, ब्लॉक डब्ल्यू, ग्रेटर कैलाश- I, नई दिल्ली श्री नरेंद्र मंघानी प्लॉट नंबर 5, ब्लॉक डब्ल्यू, ग्रेटर कैलाश- I, नई दिल्ली श्री दीपक मंघानी प्लॉट नंबर 5, ब्लॉक डब्ल्यू, ग्रेटर कैलाश- I, नई दिल्ली	28.07.2009 रु. 18,95,23,162.00 एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार	मैसर्स अलकोम परफ्यूमस एंड कॉस्मेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड प्लॉट नंबर -54, ब्लॉक डब्ल्यू, ग्रेटर कैलाश पार्ट- I, नई दिल्ली 604280510000005 604280110000027 604230110000057 604220100011122 604285410000002 604282600000104 604285110000033 604285100000105 604265410000003 604285200000105 604265410000004 604265300061317 604262610000008 604265400055117 604265310000128 604265400055118 604285110000043 604265400055123 604265400055124	श्री जवाहर लाल मंघानी / श्री हंसराज मंघानी श्री नरेंद्र मंघानी / श्री दीपक मंघानी
6.	नई दिल्ली ओवरसीज शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा श्री प्रवीण पंकज बी -306, क्रोर अपार्टमेंट, सेक्टर- VI, द्वारका, नई दिल्ली	21.06.2010 रु. 43,15,700.75 एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार	मैसर्स पंखुड़ी इंटरनेशनल डब्ल्यूजेड - 43सी, मुखर्जी पार्क, तिलक नगर, नई दिल्ली 604282610000016 604220110000132 604285410000012 604285110000021 604285210000029	श्री प्रवीण पंकज
7.	नेहरू प्लेस शाखा / नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा श्री संजय मोदी ई-223, विंडसर पार्क, इंदिरापुरम, जिला गाजियाबाद श्री हेमंत चड्ढा एफ-208, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली	31.12.2011 रु. 8,21,89,051.14 एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार	मैसर्स रियल टाइम सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड ए-49, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-I, नई दिल्ली 601830110000021 601830100020288 604170210000004 604170210000006	श्री संजय मोदी / श्री हेमंत चड्ढा
8.	पार्लियामेंट स्ट्रीट शाखा / नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा श्री राम करण गर्ग मकान नंबर 224, सेक्टर 11, सफीदों मंडी, जिला जींद, हरियाणा श्री किशन गर्ग द्वितीय तल, मकान नंबर 1, ब्लॉक 10 ए, शक्ति नगर दिल्ली -110007 श्री श्रीनिवास मकान नंबर 495, सेक्टर 11, सफीदों मंडी, जिला जींद, हरियाणा	30.06.2011 रु. 22,07,62,341.29 एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार	मैसर्स आर के एस के ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड 4122, प्रथम तल, नया बाजार, दिल्ली 601630110000054 601620110000156 601682610000022 601660510000080 601670210000007 601630110000045 601670110000012 601670110000013	 श्री राम करण गर्ग / श्री किशन गर्ग श्री श्रीनिवास
9.	लाजपत नगर शाखा / नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा श्री संजीव मल्होत्रा 169, एसएफएस फ्लैट, पॉकेट-10, सेक्टर-11, रोहिणी, नई दिल्ली श्री हितेश मल्होत्रा 169, एसएफएस फ्लैट, पॉकेट-10, सेक्टर-11, रोहिणी, नई दिल्ली श्रीमती स्नेहा मल्होत्रा 169, एसएफएस फ्लैट, पॉकेट-10, सेक्टर-11, रोहिणी, नई दिल्ली	30.09.2013 रु. 2,88,41,838.40 एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार	मैसर्स मेघदूत एप्लायंसेज लिमिटेड 169 एसएफएस फ्लैट, पॉकेट-10, सेक्टर-11, रोहिणी, नई दिल्ली 601960510000120 601930110000003 601930110000004	श्री संजीव मल्होत्रा / श्री हितेश मल्होत्रा श्रीमती स्नेहा मल्होत्रा
10.	जनपथ शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा श्री अर्जुन प्रकाश पहली मंजिल, बिल्डिंग नंबर 68, नॉर्थर्न एक्सटेंशन एरिया, फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली श्रीमती शिखा प्रकाश पहली मंजिल, बिल्डिंग नंबर 68, नॉर्थर्न एक्सटेंशन एरिया, फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली	04.06.2009 रु. 10,54,83,063.40 एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार	मैसर्स सौल एंड अटायर्स क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड बी -2, निचला भूतल, सूर्या प्लाजा, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी नई दिल्ली 610230110000056 610265410000001 610265410000002	श्री अर्जुन प्रकाश / श्रीमती शिखा प्रकाश
11.	न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी मिड कॉर्पोरेट शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा श्री कमलेश कुमार रस्तोगी जे -107, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-I, नई दिल्ली श्री कशिश कुमार रस्तोगी जे -107, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-I, नई दिल्ली श्री अशोक कुमार रस्तोगी 10-1674, गली नं. 14, राजगढ़ कॉलोनी, गांधी नगर, दिल्ली	30.06.2011 रु. 8,70,33,285.13 एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार	मैसर्स कशिश जेम्स एण्ड ज्वेलरी प्राइवेट लिमिटेड जे -107, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-I, नई दिल्ली 602930110000078	श्री कमलेश कुमार रस्तोगी / श्री कशिश कुमार रस्तोगी श्री अशोक कुमार रस्तोगी
12.	न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी मिड कॉर्पोरेट शाखा/ नई दिल्ली आस्ति वसूली शाखा श्री कमलेश कुमार रस्तोगी जे -107, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-I, नई दिल्ली श्री अशोक कुमार रस्तोगी 10-1674, गली नं. 14, राजगढ़ कॉलोनी, गांधी नगर, दिल्ली	30.06.2011 रु. 7,53,51,112.59 एवं एनपीए की तारीख से आगे का अप्रभारित ब्याज और प्रभार	मैसर्स जगत ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड XV -1563, मैन मार्किट लक्ष्मी नारायण स्ट्रीट, इंपीरियल सिनेमा के पास, पहाड़गंज, दिल्ली 602430110000036	श्री कमलेश कुमार रस्तोगी / श्री अशोक कुमार रस्तोगी

दिनांकः 13.06.2019
स्थानः नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इण्डिया

जनसत्ता
महासमर
विश्व कप -2019
13 जून, 2019 14



विश्व कप मैच देखकर निराशा नहीं बढ़ाना चाहते हेजलवुड

आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी के अगुआ जोश हेजलवुड ने स्वीकार किया कि वह बमुश्किल ही विश्व कप के मैच देख रहे हैं। इस टूर्नामेंट के लिए नहीं चुने जाने की निराशा उन्हें अब भी कचोट रही है। हेजलवुड पीठ दर्द के कारण जनवरी से बाहर थे जिससे उन्हें विश्व कप टीम में नहीं चुना गया। चयनकर्ताओं ने इसके बजाय उन्हें इंग्लैंड में होने वाली एशेज श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है।

विश्व कप डायरी

हम परों से नहीं, हौसलों से उड़ते हैं : शिखर

नॉटिंघम, 12 जून (भाषा)।

चोटिल होने के कारण विश्व कप के तीन मैचों से बाहर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने बुधवार को एक पोस्ट के जरिए संकेत दिए कि उनके लिए टूर्नामेंट अभी समाप्त नहीं हुआ है और वह वापसी के लिए प्रतिबद्ध हैं। बाएं हाथ के अंगूठे में चोट के कारण धवन भारत के अगले तीन मैचों में न्यूजीलैंड (गुरुवार), पाकिस्तान (रविवार) और अफगानिस्तान (22 जून) के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। वह टीम के साथ बने रहेंगे लेकिन उन की प्रगति पर निगरानी रखी जाएगी।

दिल्ली के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उनके कवर के तौर पर टीम से जोड़ा गया है। इस 33 वर्षीय बल्लेबाज ने ट्विटर पर उर्दू के शायर राहत इंदौरी की पंक्तियों के जरिए अपने इरादे जतलाए हैं। उन्होंने पोस्ट किया है, 'कभी महक की तरह हम गुलों से उड़ते हैं, कभी धुएं की तरह हम पर्वतों से उड़ते हैं, ये कैंचियां हमें उड़ने से खाक रोकेंगी, कि हम परों से नहीं हौसलों से उड़ते हैं।' धवन आस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

धवन के कवर के तौर पर टीम से जुड़ेंगे पंत

नॉटिंघम, 12 जून (भाषा)।

युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को चोटिल शिखर धवन के कवर के रूप में भारत की विश्व कप टीम से जोड़ा गया है। हालांकि अपने साथी सलामी बल्लेबाज के पूरी तरह से बाहर नहीं होने तक उन्हें ड्रेसिंग रूम में जाने का मौका नहीं मिलेगा। पंत का मूल टीम में नहीं चुना जाना चर्चा का विषय रहा था क्योंकि वह पिछले एक साल से शानदार फॉर्म में थे। वह रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले बहुप्रतीक्षित मैच से पूर्व मैनचेस्टर में टीम से जुड़ेंगे।

इंग्लैंड दौरे पर आए बीसीसीआइ के एक अधिकारी ने कहा कि टीम प्रबंधन के आग्रह पर ऋषभ पंत को कवर के तौर पर भारत से बुलाया गया है। बाकी टूर्नामेंट में धवन की उपलब्धता को लेकर टीम प्रबंधन के अंतिम फैसला नहीं करने तक उन्हें विकल्प के तौर पर टीम से नहीं जोड़ा जाएगा। पंत ने पिछले एक साल में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया में टैस्ट मैचों में शतक भी लगाए और पिछले महीने आइपीएल के दौरान अच्छी फॉर्म में थे।

धवन की चोट और मौसम भारत के लिए चुनौती

कहीं धुल न जाए विजयी अभियान का सपना

नॉटिंघम, 12 जून (भाषा)।

विश्व कप में खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल भारतीय टीम का सामना गुरुवार को न्यूजीलैंड से होगा। इस मुकाबले में चोटिल शिखर धवन की जगह टीम में किसे लाया जाता है, इस पर भी सभी की निगाहें होंगी। हालांकि यह सब तभी मुमकिन है जब लगातार खराब चल रहे मौसम के रुख में बदलाव हो। इंग्लैंड में चल रही बेमौसम की बरसात का साया भारत और न्यूजीलैंड के मैच पर मंडरा रहा है। ऐसे में इसके ओवरों में कटौती संभव है। इस स्थिति में खेल होने पर कीवी टीम का तेज गेंदबाजी आक्रमण भारत की सलामी जोड़ी के लिए मुश्किलें पैदा कर सकता है।

भारत के 'प्लान बी' की परीक्षा

धवन का बाएं हाथ के अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण अगले तीन मैचों में खेलना संदिग्ध है। इससे विराट कोहली और रवि शास्त्री को दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैचों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। रोहित और धवन ने मिलकर सलामी जोड़ी के रूप में 4681 रन बनाए हैं। ऐसे में टीम को बाएं हाथ के बल्लेबाज की कमी खलेगी लेकिन उसके कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। इससे पहले भारत को यह पता करने का मौका मिलेगा कि उसका 'प्लान बी' कितना कारगर है। केएल राहुल के शीर्ष क्रम में आने का मतलब है कि विजय शंकर और दिनेश कार्तिक में से किसी को नंबर चार पर उतारा जाएगा। शंकर में ऑलराउंड क्षमता है तो कार्तिक अनुभवी हैं। काले घने बादल और नमी वाली परिस्थितियों को देखते हुए मोहम्मद शमी को भी कलाई के किसी स्पिनर के बदले अंतिम एकादश में रखा जा सकता है। अगर शंकर और कार्तिक दोनों को अंतिम एकादश में जगह मिलती है तो केदार जाधव को बाहर बैठना होगा। टीम में इस तरह के बदलाव के लिए इससे आदर्श समय नहीं हो सकता है। टूर्नामेंट का अभी केवल दूसरा सप्ताह है। गुरुवार को उछाल वाले लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट पर मैच होगा।

क्या मौके को भुनाएंगे राहुल

इस तरह की परिस्थितियों में पारी का आगाज करना आसान नहीं होगा लेकिन राहुल मौके का फायदा उठाने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। अगर वह ट्रेंट बोल्ट के शुरुआती स्पेल को अच्छी तरह से खेल लेते हैं तो इससे आगामी मैचों के लिए भी उनका मनोबल बढ़ेगा। उनके सामने दूसरे छोर पर खड़े रोहित शर्मा का उदाहरण होगा जो परिस्थितियों के अनुसार अपने खेल को बदलने में देर नहीं लगाते हैं। उन्हें रोहित की तरह पावरप्ले में कम से कम जोखिम लेना होगा। भारतीय उप कप्तान को अभी तक इसका फायदा मिला है और उन्होंने पहले दो मैचों में शतक और अर्धशतक जमाया। इन दोनों का सामना बोल्ट से होगा जिन्होंने ओवल में अभ्यास मैच में भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी में डाला था लेकिन तब कोहली की टीम ने इंग्लैंड में ज्यादा दिन नहीं बिताए थे।

वार्नर-कमिंस के प्रदर्शन से कंगारू जीते

पाक को 266 पर किया ढेर

टांटन, 12 जून (भाषा)।

सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के शतक के बाद पैट कमिंस की तूफानी गेंदबाजी से आस्ट्रेलिया ने विश्व कप के लीग मैच में पाकिस्तान को 41 रन से हराया। आस्ट्रेलिया के 308 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम कमिंस (33 रन पर तीन विकेट), मिशेल स्टार्क (43 रन पर दो विकेट) और केन रिचर्डसन (62 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 45.4 ओवर में 266 रन पर ढेर हो गई।

पाकिस्तान की ओर से सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक (53), मोहम्मद हफीज (46), वहाब रियाज (45) और कप्तान सरफराज (40) ने उपयोगी पारियां खेलीं लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। आस्ट्रेलिया ने वार्नर की 111 गेंद में 11 चौके और एक छक्के से 107 रन की पारी और साथी सलामी बल्लेबाज फिंच (82) के साथ पहले विकेट की 146 रन की साझेदारी से 307 रन बनाए। पाकिस्तान को अंतिम 17 ओवरों में करिअर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने वाले मोहम्मद आमिर (30 रन पर पांच विकेट) ने वापसी दिलाई जिससे आस्ट्रेलिया की टीम 49 ओवर में ढेर हो गई। शाहीन शाह अफरीदी (70 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ दिया। आस्ट्रेलिया का स्कोर 33 ओवर में दो विकेट पर 218 रन था लेकिन इसके बाद टीम 89 रन ही जोड़ सकी और 49वें ओवर की अंतिम गेंद तक पूरी टीम पवेलियन लौट गई। वार्नर और फिंच के अलावा टीम का कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। पाकिस्तान के कप्तान सरफराज अहमद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद वार्नर और फिंच ने आस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई। वार्नर ने शाहीन शाह अफरीदी पर चौके के साथ खाता खोला जबकि फिंच ने इस तेज गेंदबाज पर छक्का जड़ा। दोनों ने 10वें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। फिंच 26 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब वहाब रियाज की गेंद पर स्लिप में आसिफ अली ने उनका कैच टपका दिया। आस्ट्रेलियाई कप्तान को मोहम्मद हफीज के 17वें ओवर में भी जीवनदान मिला जब विकेटकीपर सरफराज उनका कैच नहीं पकड़ पाए। फिंच ने इसी ओवर में लगातार गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के के साथ 62 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

शतकीय पारी के बाद दर्शकों का अभिवादन करते डेविड वार्नर।

भारत-पाक मैच : सानिया ने विज्ञापनों पर नाराजगी जताई

नई दिल्ली, 12 जून (भाषा)।

स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित विश्व कप मैच से पहले बुधवार को टीवी विज्ञापनों को लेकर फटकार लगाई। दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले दोनों देशों के टीवी चैनलों पर विज्ञापन जंग छिड़ी हुई है जिसमें कुछ निंदनीय सामग्री वाले विज्ञापन भी दिखाए जा रहे हैं।

पाकिस्तान के जैज टीवी ने एक विज्ञापन तैयार किया है जिसमें एक व्यक्ति को विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान का मजाक उड़ाते हुए देखा जा सकता है। अभिनंदन को बालाकोट में भारत के हवाई हमले के एक दिन बार पाकिस्तान की सेना ने पकड़ा था। इस 33 सेकंड के विज्ञान में मॉडल को भारत की नीली जर्सी में दिखाया जाता है और उसकी मूछें अभिनंदन की तरह बनाई गई हैं। उससे मैच के लिए भारत की रणनीति के बारे में पूछे जाने पर अभिनंदन की वायरल हुई इस टिप्पणी को दोहराते हुए देखा जा सकता है, 'मुझे माफ कीजिए, मैं आपको इसकी जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं हूं।'

दूसरी तरफ भारत का स्टार टीवी एक विज्ञापन दिखा रहा है जिसमें भारतीय समर्थक खुद को पाकिस्तान का 'अब्बू' (पिता) बताता है। यह विश्व कप में पाकिस्तान पर भारतीय टीम के दबदबे के संदर्भ में है।

सानिया ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, 'सीमा के दोनों ओर शर्मनाक सामग्री वाले विज्ञापन, गंभीर हो जाओ, आपको इस तरह के बकवास के साथ हाइप बनाने या मैच का प्रचार करने की कोई जरूरत नहीं है।

आइसीसी ने कहा विश्व कप में 'रिजर्व डे' का विकल्प नहीं

नॉटिंघम, 12 जून (भाषा)।

विश्व कप मैचों के दौरान बारिश की मार से टीमों को काफी नुकसान हो रहा है। मजबूत टीमों को भी विपक्षी के खिलाफ मैच रद्द होने के कारण एक अंक से संतोष करना पड़ रहा है। उधर, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) के निवर्तमान मुख्य कार्यकारी डेविड रिचर्डसन ने कहा है कि बारिश से प्रभावित विश्व कप मैचों के लिए अलग से दिन (रिजर्व डे) रखना टूर्नामेंट की लंबी अवधि को देखते हुए व्यावहारिक रूप से असंभव है। श्रीलंका के पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ दोनों मैच बारिश की भेंट चढ़ गए। इन दोनों मैचों में एक गेंद भी नहीं डाली जा सकी। दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज के बीच एक अन्य मैच केवल 7.3 ओवर के खेल के बाद रद्द कर दिया गया जिसके बाद मैचों के लिए अलग से सुरक्षित दिन रखने की मांग उठ रही है। रिचर्डसन ने बयान में कहा कि विश्व कप के हर मैच के लिए एक अन्य दिन भी तय करने से टूर्नामेंट की अवधि और लंबी खिंच जाएगी और इसे संचालित करना जटिल होगा।

फोर्ब्स सूची में कोहली एकमात्र भारतीय

नई दिल्ली, 12 जून (भाषा)।

स्टार क्रिकेटर विराट कोहली विश्व में सर्वाधिक कमाई करने वाले खिलाड़ियों की फोर्ब्स की सूची में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। उनकी कुल वार्षिक कमाई दो करोड़ 50 लाख डॉलर है। भारतीय कप्तान हालांकि इस सूची में 17 पायदान नीचे 100वें स्थान पर खिसक गए हैं। इस सूची में बार्सीलोना और अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेस्सी शीर्ष पर हैं। फोर्ब्स की जारी सूची के अनुसार कोहली को विज्ञापनों से 2.1 करोड़ डॉलर जबकि वेतन और जीत से मिलने वाली राशि से 40 लाख डॉलर की कमाई होती है।

थप्पड़ खाकर आमिर ने कबूली फिक्सिंग की बात : रज्जाक

कराची, 12 जून (भाषा)।

पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला अब्दुल रज्जाक ने दावा किया है कि एकदिवसीय टीम के तत्कालीन कप्तान शाहिद अफरीदी से थप्पड़ खाने के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने स्पॉट फिक्सिंग में संलिप्तता कबूल की थी। वहीं सलामी बल्लेबाज सलमान बट 2011 के इंग्लैंड दौरे से पहले ही इस तरह के भ्रष्टाचार में शामिल थे। पाकिस्तान क्रिकेट की छवि को धूमिल करने वाली इस घटना का जिक्र रज्जाक ने जीएनएन चैनल से किया।

रज्जाक ने कहा कि अफरीदी ने मुझे कमरे से बाहर जाने के लिए कहा लेकिन थोड़ी देर बाद मैंने थप्पड़ की गूंज सुनी और फिर आमिर ने सच्चाई बयां की। इस हरफनमौला ने हालांकि स्थिति से ठीक से नहीं निपटने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि पीसीबी अपनी कार्यकुशलता साबित करने के लिए आइसीसी के पास चला गया लेकिन उसे ऐसा करने की बजाय खुद ही तीनों खिलाड़ियों से बात कर घर वापस भेज देना चाहिए था। एक साल या कुछ समय के लिए प्रतिबंध लगा देना चाहिए था। ऐसा नहीं करके पीसीबी ने दुनिया भर में पाकिस्तान क्रिकेट की छवि को खराब किया।

रज्जाक ने दावा किया कि बट इंग्लैंड की घटना से पहले ही जानबूझ कर आउट हो रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी चिंताओं से अफरीदी को अवगत कराया था लेकिन उन्होंने कहा कि यह सिर्फ मेरा वहम है और ऐसा कुछ नहीं है। लेकिन वेस्ट इंडीज में टी-20 विश्व कप के दौरान जब मैं बट के साथ बल्लेबाजी कर रहा था तभी इस बात को लेकर आश्वस्त था कि वह जानबूझ कर खराब प्रदर्शन कर रहा है।

रज्जाक ने बताया कि उन्होंने बट से एक रन लेकर उन्हें स्ट्राइक देने को कहा लेकन बट ने अनसुना कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस रणनीति को अनसुना कर दिया जिसे देखकर मैं आश्चर्यचकित था। तब मुझे लगा कि वह जानबूझकर ऐसा कर रहा है और फिर मैंने कड़ाई से उसे स्ट्राइक देने को कहा।

पाक को हराने में सफल रहेगी भारतीय टीम : कपिल

नई दिल्ली, 12 जून (भाषा)।

पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा कि आइसीसी विश्व कप में भारत काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उनका मानना है कि विराट कोहली की अगुआई में टीम पाकिस्तान के खिलाफ इस टूर्नामेंट में अपना सौ फीसद जीत का रेकार्ड बरकरार रखने में सफल रहेगी।

विश्व कप में भारतीय टीम पाकिस्तान से एक बार भी नहीं हारी है। दोनों टीमें विश्व कप में अब तक छह बार एक-दूसरे से टकराई हैं और हर बार भारतीय टीम ने अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी को पटखनी दी है। एक कार्यक्रम में यहां पहुंचे कपिल से जब पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के बारे में पूछा गया तो उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत अपने विजय अभियान को जारी रखेगा।

भारत की 1983 की विश्व चैंपियन टीम के कप्तान ने कहा कि हम चाहेंगे कि यह टीम अपनी काबिलियत पर खेले। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं कि भारतीय टीम यह मैच जीतेगी, हम जरूर जीतेंगे क्योंकि यह टीम बहुत बढ़िया क्रिकेट खेल रही है। उन्होंने कहा कि उनके जमाने में पाकिस्तान की टीम भारत से मजबूत थी लेकिन अब भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है।

कपिल ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम जीत की दावेदार है। हमारे समय में पाकिस्तान की टीम ज्यादा मजबूत थी। आज भारतीय टीम बेहतर खेल रही है, शीर्ष पर है। उम्मीद करते हैं हम ऐसे ही अपने खेल को जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमारे खेल में काफी सुधार हुआ है। क्षेत्ररक्षण, विकेटों के बीच दौड़ लगाना और तेज गेंदबाज हर विभाग में हमारा प्रदर्शन बेहतर हुआ है। विश्व कप में टीम के आगाज से कपिल काफी प्रभावित हैं।

युवराज मेरी सर्वकालिक महान खिलाड़ियों की सूची में

दिग्गज क्रिकेटर और 1983 की विश्व कप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव ने कहा कि वह जब भी सर्वकालिक महान भारतीय एकदिवसीय क्रिकेटरों की टीम बनाएंगे तो उस में हरफनमौला युवराज सिंह को जरूर जगह मिलेगी। भारत की तरफ से वेस्ट इंडीज के खिलाफ जून 2017 में अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले युवराज ने सोमवार को मुंबई में संन्यास की घोषणा की। कपिल ने कहा कि युवराज कमाल के क्रिकेटर हैं और मैं जब भी भारत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों की एकदिवसीय टीम बनाऊंगा तो वह उसमें जरूर होंगे। उन्होंने कहा कि युवराज को क्रिकेट के मैदान से विदाई मिलनी चाहिए थी।

शास्त्री और सहयोगी स्टाफ का अनुबंध 45 दिन के लिए बढ़ेगा

नई दिल्ली, 12 जून (भाषा)।

भारत के मुख्य कोच रवि शास्त्री और उनके सहयोगी स्टाफ का अनुबंध विश्व कप के बाद भी 45 दिन के लिए बढ़ाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट से नियुक्त प्रशासकों की समिति विश्व कप के बाद सभी पदों के लिए इंटरव्यू लेगी। सीओए की बैठक का ब्यौरा बीसीसीआइ की वेबसाइट पर डाला गया है। इसमें कहा गया कि सीओए ने तय किया है कि सहयोगी स्टाफ का कार्यकाल अस्थाई आधार पर 45 दिन के लिए बढ़ाया जाए। सहयोगी स्टाफ के लिए इंटरव्यू विश्व कप के बाद लिए जाएंगे।

● सीओए की बैठक का ब्यौरा बीसीसीआइ की वेबसाइट पर डाला गया है जिसमें इसका जिक्र है।

सहयोगी स्टाफ में बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़, गेंदबाजी कोच भरत अरुण और फील्डिंग कोच आर श्रीधर शामिल हैं।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 207, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।